

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका सिरसा में चुनाव प्रचार के दौरान अभिवादन करती हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 142 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## विपक्ष का हाल निराशाजनक: प्रधानमंत्री मोदी

### मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 4 जून को भाजपा के रिकॉर्ड आंकड़े छूने के साथ ही शेयर बाजार भी नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू जाएगा: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाने की राह पर है और पार्टी की जीत से देश के शेयर बाजार में भी रिकॉर्ड छलांग दिखेगी। पीएम मोदी ने कहा, "मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 4 जून को भाजपा के रिकॉर्ड आंकड़े छूने के साथ ही शेयर बाजार भी नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू जाएगा।"



पीएम मोदी ने कहा कि सेंसेक्स 2024 में 2014 के 25,000 अंक से बढ़कर 75,000 हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि निवेशकों ने उनकी सरकार में विश्वास दिखाया है। उन्होंने कहा, 'शेयर बाजार का हम पर जो भरोसा है, वह पिछले एक दशक के उल्लेखनीय प्रदर्शन से जाहिर होता है। जब हमने कार्यभार संभाला था, सेंसेक्स लगभग 25000 प्वाइंट था। आज, यह लगभग 75000 अंक पर है, जो ऐतिहासिक वृद्धि को दशार्ता है। हाल ही में हम पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप पर पहुंचे हैं। पीएम ने कहा, "पिछले 10 वर्षों में, यदि आप डीमैट खातों की संख्या पर एक नजर डालते हैं, तो आप समझेंगे कि नागरिकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास दिखाना कैसे शुरू कर दिया है। म्यूचुअल फंड निवेशकों की संख्या 2014 में 1 करोड़ से बढ़कर आज 4.5 करोड़ हो गई है।

**दावा**

▶▶ भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तीसरी बार सरकार बनाने की राह पर है : पीएम मोदी

## महंगाई व बेरोजगारी चर्म पर: प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं फायर ब्रांड नेत्री प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार थमने के अंतिम दिन गुरुवार को सिरसा पहुंची। यहां पर उन्होंने इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी कुमारी सैलजा के लिए रोड शो में हिस्सा लिया। करीब एक घंटा 10 मिनट तक चिलचिलाती धूप में प्रियंका गांधी लगातार लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा के चुनाव को और अधिक मजबूती प्रदान करने में सफल रही। रोड शो की शुरूआत श्री श्याम बगीची अनाज मंडी से हुई। इसके बाद जनता भवन, जगदेव सिंह चौक, सुभाष चौक, भगत सिंह चौक, परशुराम चौक, अंबेडकर चौक तक रोड शो चला। रोड शो के दौरान हजारों लोगों की भीड़ उमड़ने से सिरसा शहर की सड़के जाम हो गई। तेज धूप व गर्मी के बावजूद रोड शो की रफ्तार मंद थी और जोश से लबरेज लोग आगे भी बढ़ नहीं पा रहे थे। इसलिए रोड शो को अंबेडकर चौक पर ही समाप्त करना पड़ा।






# 25 मई को दिल्ली में 62 हजार से अधिक सुरक्षा बलों की होगी तैनाती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली में 25 मई को होने वाले मतदान की सुरक्षा तैयारियां दिल्ली पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ मिलकर पूरी कर ली हैं। पिछले करीब चार माह से दिल्ली पुलिस सुरक्षा तैयारियों में जुटी हुई थीं, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली में सुरक्षा के बेहद चाक चौबंद बंदोबस्त किए गए हैं। हर मतदान केंद्र पर जरूरत के हिसाब से पर्याप्त संख्या में अर्द्ध सैनिक बलों, होमगार्ड, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों व जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इस बार करीब 150 ड्रोन के बंदोबस्त किए गए हैं, जिनसे मतदान केंद्रों पर नजर रखी जाएगी। इनमें 48 ड्रोन चुनाव आयोग की तरफ से दिल्ली पुलिस को दिए गए हैं। बाकी ड्रोन का बंदोबस्त सभी 15 जिलों के डीसीपी ने अपने-अपने स्तर पर किया है।

**6500 अर्द्ध सैनिक बलों को चुनावी ड्यूटी में लगाया गया:** यह जानकारी चुनाव को लेकर नोडल अधिकारी बनाए गए विशेष आयुक्त, स्पेशल सेल, आरपी उपाध्याय ने दैनिक जागरण के साथ विशेष बातचीत में दी। उन्होंने कहा कि चुनाव बिल्कुल निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके इसके लिए तमाम तरह के बंदोबस्त किए गए हैं।


**JM FINANCIAL**

**जेएम फाईनेंसियल एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
**कॉरपोरोट आईडेंटिटि नंबर- यू67190एमएच2007पीएलसी74287**

पंजीकृत कार्यालय पताः 7वीं मंजिल, सीनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी मुंबई 400025, फोन नं. +912266303030 एफः +9112266303223 www.Jmfinancialarc.com

**परिशिष्ट IV कब्जे का नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि, पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (तत्कालीन दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत और धारा 13(12) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित, एक मांग नोटिस जारी किया जिसमें उधारकर्ता(ओं), गारंटर(ओं) को नोटिस में उल्लिखित राशि को संविदात्मक दर पर ब्याज और उस पर देय व्यय, लागत आदि के साथ उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान की तारीख तक चुकाने के लिए कहा। इसके बाद, पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग एफ कलर आर जी बी लिमिटेड (तत्कालीन दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने उधारकर्ता(ओं) से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों को मेरे साथ-साथ उसके लिए बनाए गए अंतर्निहित प्रतिभूति हित को सभी अधिकारों, शीर्षक और उस पर ब्याज के साथ जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के पक्ष में, अरण्य - ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए सौंप दिया। (इसके बाद "जेएमएफएआरसी" के रूप में संदर्भित) एसएआरएफएईएसआई अधिनियम के प्रावधानों के तहत 29 मार्च, 2023 को एक असाइनमेंट समझौते के माध्यम से (इसके बाद "असाइनमेंट एग्रीमेंट" के रूप में संदर्भित)। उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकताओं, गारंटर(ओं) और आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता, जेएमएफएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से निपटने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार जेएमएफएआरसी द्वारा चुकौती की तारीख तक ब्याज सहित यहां उल्लिखित राशि के लिए प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकताओं, गारंटर(ओं)

| क्रमांक | उधारकर्ता का नाम, सहउधारकर्ता, बंधनकर्ता | सुरक्षित रखीं संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना दिनांक और राशि एनपीए दिनांक के साथ | कब्जे का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण कोड नं. 19700042929) (गुड़गांव सोहना रोड़ ब्रांच), दाता राम (उधारकर्ता)/अनीता देवी (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं. टी11 908, 9वीं मंजिल, टावर-11 ग्लोबल हाईट्स, सेक्टर-33 सोहना गुड़गांव हरियाणा- 122103 | 18/10/2023 रू. 793747/ (सात लाख तिरान्वे हजार सात सौ सैतालिस केवल) एनपीए 28/02/2021 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 2. | (ऋण कोड नं. 19700043407) (गुड़गांव सोहना रोड़-ब्रांच), मिथिलेश कुमार झा (उधारकर्ता)/स्वर्णलता देवी (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं. 1007 10वीं मंजिल बिल्डिंग नं. 3, सोहना सेक्टर-4 अरवाली होम्स गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा- 122001 | 18/10/2023 रू.. 1150934/ (ग्यारह लाख पचास हजार, नौ सौ चौतीस केवल ) एनपीए 06/06/2019 | 18/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 3. | (ऋण कोड नं. 27900001156) (ग्रेटर नोएडा ब्रांच), ललित कुमार (उधारकर्ता)/टिंकू देवी (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट यूनिट नं. 11007 टावर ई4 11वीं मंजिल कृष्णा हाऊसिंग सेक्टर- 14, सोहना गुड़गांव गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा- 122001 | 18/10/2023 रू.1703085/ (सत्रह लाख तीस हजार पचासी केवल ) एनपीए 30/09/2020 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 4. | (ऋण कोड नं. 27400000857) (भिवाड़ी ब्रांच), दीपक कौशल (उधारकर्ता)/सुमन कौशल (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं . एल1 202, दूसरी मंजिल रूहानी ग्रीन्स वीरानवास तहकोटकासिम अलवर राजस्थान, अलवर, अलवर राजस्थान- 301701 | 01/11/2023 रू. 339649/ (तीन लाख छियान्वे हजार उन्चास केवल) एनपीए 30/09/2020 | 18/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 5. | (ऋण कोड नं. 19800042372) (दिल्ली पीतमपुरा ब्रांच), गिरिश वत्स, (उधारकर्ता)सुमन सिंह (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं . 513, पांचवीं फ्लोर, टावर मर्करी द एलियन काऊंट प्लॉट नं. जीएस/1, सेक्टर सी3, ट्रॉनिका सिटी गाजियाबाद, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश- 201105 | 18/10/2023 रू. 6606741/ (छियासठ लाख छह हजार सात सौ एकतालीस केवल) एनपीए 09/07/2021 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 6. | (ऋण कोड नं. 27400000857) (भिवाड़ी ब्रांच), सुरेंद्र यादव (उधारकर्ता)/सुनीता देवी (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं .ओमसा 209, सेकेंड फ्लोर ओमेक्स मिडटाऊन स्टूडियो, पैनोरोमा, सिटी भिवाड़ी राजस्थान अलवर राजस्थानः- 301019 | 01/11/2023 रू. 772995/ (सात लाख बहतर हजार नौ सौ पनचान्वे केवल) एनपीए 31/08/2021 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 7. | (ऋण कोड नं. 19600042043) (दिल्ली सफदरजंग ब्रांच), शिव शंकर कुमार (उधारकर्ता)/सरिता देवी (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं . फ्लैट नं. 904, 9वीं मंजिल, टावर, बी-2, एमवीएन एथेन्स, सोहना रोड़, गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा- 122001 | 01/11/2023 रू. 1578192/ (पंद्रह लाख अठतर हजार एक सौ बेरान्वे केवल) एनपीए 30/06/2021 | 18/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 8 | (ऋण कोड नं. 19600042108) (दिल्ली सफदरजंग ब्रांच), अमित कुमार अग्रवाल (उधारकर्ता) नेहा, सुमित कुमार अग्रवाल (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट यूनिट नं. 3077, सेकेंड फ्लोर वर्सेलिया सेक्टर-67, ए गुडगांव गुडगांव हरियाणा- 122001 | 13/06/2023 रू. 2747845/ (सताईस लाख सैतालिस हजार आठ पैतालीस केवल) एनपीए 02/09/2021 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 9 | (ऋण कोड नं. 27400000581) (भिवाड़ी ब्रांच), अरशद हुसैन (उधारकर्ता) आश्मां (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट यूनिट एल- 217, आशियाना सुरभि ब्लॉक 3, भिवाड़ी अलवर भिवाड़ी अलवर, राजस्थानः - 301019 | 01/11/2023 रू. 3843651/ (अठतीस लाख तैंतालीस हजार छह सौ एक्यावन केवल) एनपीए 05/05/2020 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 10 | (ऋण कोड नं. 27400001015) (भिवाड़ी ब्रांच), दीपक सिंह (उधारकर्ता) कामिनी तंवर (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं. 103, ई-13, फर्स्ट फ्लोर, बीडीआई आनंद भिवाड़ी, अलवर अलवर, अलवर राजस्थानः यूनिट एल- 217, आशियाना सुरभि ब्लॉक 3, भिवाड़ी अलवर भिवाड़ी अलवर, राजस्थानः - 301019 | 01/11/2023 रू. 424321/ (चार लाख चौबीस हजार तीन सौ एक्कीस केवल) एनपीए 31/10/2021 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 11 | (ऋण कोड नं. 23400003675) (आगरा ब्रांच), अभिषेक कुमार (उधारकर्ता) सजन सिंह (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट खसरा नं. 336, मंगल विहार कॉलोनी, नगला मौलवी, नियर मनोज स्टील फैक्ट्री अलीगढ़, अलीगढ़ उत्तर प्रदेश- 202001 | 18/08/2021 रू. 2058516/ (बीस लाख अन्ठावन हजार पांच सौ सोलह केवल) एनपीए 09/10/2023 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 12 | (ऋण कोड नं. 12900001283) (फरीदाबाद ब्रांच), दर्शन लाल चौहान (उधारकर्ता) कमलेश चौहान, मुकेश (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं. ए 205, सेकेंड फ्लोर, टावर ए, फ्लोरिडा, गांव, भटोला, सेक्टर-82, फरीदाबाद, फरीदाबाद हरियाणा- 121101 | 01/11/2023 रू. 1169085/ (ग्याहर लाख उनहतर हजार पचासी केवल) एनपीए 09/07/2021 | 20/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 13 | (ऋण कोड नं. 196डीईएल35435) (दिल्ली सफदरजंग, ब्रांच), राजेश जैन (उधारकर्ता) राजेश जैन (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट एच/फ्लैट नं. 101, बी फ्लोर नं. फर्स्ट, गोल्फ, वीयू अपार्टमेंट, सेक्टर सुल्तानपुर रोड़ गांव , लखनऊ, लखनऊ, लखनऊ उत्तर प्रदेश- 226025 | 01/11/2023 रू. 14851566/ (एक करोड़, अडतालीस लाख एक्यावन हजार पांच सौ छियासठ केवल) एनपीए 04/01/2019 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 14 | (ऋण कोड नं. 13300000438) (कनॉट प्लेस, ब्रांच), पुनीत कपूर (उधारकर्ता) प्रियंका पुरी (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं. 1903, 19वीं मंजिल, फ्लोर टावर, पी03, क्रेसेन्ट पार्क ग्रीन पार्क011 और पेटीओल्स सेक्टर 92, गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा- 122001 | 18/10/2023 रू. 16694738/ (एक करोड़, छियासठ लाख चौरान्वे हजार सात सौ अड़तीस केवल) एनपीए 06/05/2019 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 15 | (ऋण कोड नं. 11900001871) (नोएडा, ब्रांच), ममता (उधारकर्ता) मनीष बी, कुलदीप सैनी (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं. 1202, 12वीं मंजिल, टावर ट्रांस, रिदम कंट्री प्लॉट नं. जीएच- 16ई, सेक्टर 1 ग्रैटर नोएडा (पश्चिम) गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेशः- 201308 | 18/10/2023 रू. 3713241/ (सैतीस लाख तेरह हजार दो सौ एकतालीस, केवल) एनपीए 03/09/2019 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 16 | (ऋण कोड नं. 01400004038) (नई दिल्ली, ब्रांच), ज्योतसना रत्तन (उधारकर्ता) अमित शर्मा (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट यूनिट नं. 2006 20वां फ्लोर टावर 5, द आरान्या जीएच 02 सेक्टर 119, नोएडा, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश - 201301 | 01/11/2023 रू. 8977611/ (नवासी लाख सतहतर हजार छह सौ ग्यारह, केवल) एनपीए 04/12/2018 | 17/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 17 | (ऋण कोड नं.11900003076) (नोएडा, ब्रांच), अनिल कुमार शारदा (उधारकर्ता) शशि शारदा (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं. 801, 8वां फ्लोर, टावर, टी08, स्पायर, वुड, सेक्टर 103, गुडगांव, गुडगांव, हरियाणा- 122005 | 01/11/2023 रू. 9519015/ (पन्चानवे लाख उनीस हजार पंद्रह, केवल) एनपीए 07/09/2021 | 18/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 18 | (ऋण कोड नं.13100000093) (नोएडा,1 राजेंद्र प्लेस-ब्रांच), दलबीर सिंह वरिहा (उधारकर्ता) हरबिंदर कौर वरिहा (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं. 1609 16वां और 17वां फ्लोर (ड्यूप्लैक्स) टावर 2, आईएल डी एसपायर ग्रीन्स, सेक्टर- 37, सी, गुड़गांव गुड़गांव, गुड़गांव, हरियाणा- 122001 | 13/06/2023 रू. 6320387/ (तिरसठ लाख बीस हजार तीन सौ सतासी केवल) एनपीए 07/04/2019 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 19 | (ऋण कोड नं.27900002037) (ग्रेटर नोएडा, ब्रांच), गुरनाम सिंह (उधारकर्ता) परमजीत कुमार (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट फ्लैट नं. 519, पांचवां फ्लोर, ब्लॉक नं. बी, सेक्टर 29, रोहिणी नई दिल्ली- दिल्ली-110085 | 01/11/2023 रू. 15161284/ (एक करोड़, एक्यावन लाख एकसठ हजार दो सौ चौरासी) एनपीए 03/02/2016 | 20/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 20 | (ऋण कोड नं. 24900001845) (दिल्ली जनकपुरी ब्रांच), मुकेश कुमार (उधारकर्ता) नमित (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-डीडीए एसएफएस फ्लैट नं. 492, तीसरी मंजिल, जीएच- 13, पश्चिम विहार , नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली- 110063 | 01/11/2023 रू. 1363337/ (तेरह लाख तिरसठ हजार तीन सौ सैतीस) एनपीए 08/02/2016 | 17/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 21 | (ऋण कोड नं. 19700044252) (गुड़गांव सोहना रोड़ ब्रांच), कृष्ण कुमार (उधारकर्ता) कृष्णा (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-केएच नं. 6639/900 गली नं. 4, न्यू ज्योति पार्क, गुड़गांव गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा- 122001 | 01/11/2023 रू. 3309803/ (तैंतीस लाख अनठान्वे हजार तीन केवल) एनपीए 04/12/2019 | 18/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 22 | (ऋण कोड नं. 09600000827) (नई दिल्ली वेस्ट ब्रांच), देवेंद्र त्यागी (उधारकर्ता) सुमन त्यागी (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट- फ्लैट नं. ए 1001 10वां फ्लोर ब्लॉक ए पीयूष हॉरिजन सेक्टर 1, एनएच- 8, दारूहेरा दारूहेरा, रेवाड़ी, हरियाणा- 123106 | 01/11/2023 रू. 4399279/ (तैंतालीस लाख नियान्वे हजार दो सौ नवासी केवल) एनपीए 03/09/2017 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 23 | (ऋण कोड नं. 279000000278) (ग्रेटर नोएडा ब्रांच), अजीत कुमार (उधारकर्ता) मीनू टांगरी (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-यूनिट नं. 1101 11वां फ्लोर, टावर 7 ग्रीनपोलिस, सेक्टर 89 गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा- 122001 | 01/11/2023 रू. 5786679/ (सन्तावन लाख छियासी हजार छह सौ नवासी केवल) एनपीए 06/03/2018 | 20/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 24 | (ऋण कोड नं. 07100001027) (रेवाड़ी, ब्रांच), सत्यपाल सिंह सेन कुमार (उधारकर्ता) रेखा सेन (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-अपार्टमेट नं. 202, दूसरी मंजिल एबी हारमनी सेक्टर 27, रेवाड़ी हरियाणा महेंद्रगढ़, हरियाणा- 123401 | 01/11/2023 रू. 433130/ (चार लाख तैंतीस हजार एक सौ तीस केवल) एनपीए 30/09/2020 | 17/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 25 | (ऋण कोड नं. 19600044857) (दिल्ली सफदरजंग, ब्रांच), चंद्र मोहन गुप्ता, (उधारकर्ता) रेणु गुप्ता (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-फ्लैट नं. 1307, 13वां फ्लोर, ब्लॉक ए (ब्लॉक 1) पीयूष हॉरिजन सेक्टर 1 एनएच 8 धारूहेड़ा हरियाणा रेवाड़ी हरियाणा- 123110 | 01/11/2023 रू. 7707098/ (सतहतर लाख सात हजार अन्ठान्वे केवल) एनपीए 09/07/2021 | 18/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 26 | (ऋण कोड नं. 25500002222) (नेताजी सुभाष प्लेस ब्रांच), सुरेंद्र पांडे, (उधारकर्ता) रेणु गुप्ता (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-फ्लैट नं. डी41, फर्स्ट फ्लोर ब्लॉक डी पीयूष रौसेटे पीयूष सिटी अलवर बाईपास रोड़ भिवाड़ी राजस्थान अलवर राजस्थान- 301019 | 01/11/2023 रू. 4663218/ (छियालीस लाख तिरेसठ हजार दो सौ अठारह केवल) एनपीए 10/03/2021 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 27 | (ऋण कोड नं.19700044513) (गुड़गांव सोहना रोड़, ब्रांच), तवसीत अहमद इत्तु, (उधारकर्ता) (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-एच/फ्लैट नं. ई 87, फ्लोर नं. सेकेंड, प्लॉट नं. पीयूष रोसेटे, पीयूष सिटी, सेक्टर, अलवर एक्सप्रेस, हाईवे, गांव, भिवाड़ी, भिवाड़ी, राजस्थानः 301019 | 01/11/2023 रू. 3415055/ (चौतीस लाख पंद्रह हजार पचपन केवल) एनपीए 08/09/2021 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 28 | (ऋण कोड नं.19700044513) (गुड़गांव सोहना रोड़, ब्रांच), दराब अहमद, (उधारकर्ता) रूबी खातुन (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-फ्लैट नं. ए 414, चौथा फ्लोर, ब्लॉक ए पीयूष-ए पीयूष हॉरिजॉन, सेक्टर-1, एनएच-8, धारूहेड़ा, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, हरियाणा 123106 | 01/11/2023 रू. 4487027/ (चौवालीस लाख सतासी हजार सताईस केवल) एनपीए 09/07/2021 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 29 | (ऋण कोड नं.19900042131) (फरीदाबाद सेक्टर- 18 , ब्रांच), अविनाश यादव, (उधारकर्ता) डॉ. अजय यादव (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-फ्लैट नं. 202, सेकेंड फ्लोर, टावर 8 ग्रीनोप्लीस, सेक्टर -89, गुड़गांव, गुड़गांव, हरियाणा- 122001 | 01/11/2023 रू. 4919520/ (उन्चास लाख उन्नीस हजार पांच सौ बीस केवल) एनपीए 09/07/2021 | 20/05/2024 (प्रतीकात्मक) |
| 30 | (ऋण कोड 11900003087) (नोएडा, ब्रांच), संगीत अग्रवाल, (उधारकर्ता) गोपाल कृष्ण अग्रवाल (सहउधारकर्ता) | संपत्ति का भाग व पार्ट-फ्लैट नं. डी24, ग्राऊंड फ्लोर, पीयूष रोसेटे, पीयूष सिटी, भिवाड़ी, भिवाड़ी, अलवर राजस्थान- 301019 | 01/11/2023 रू. 4493944/ (चौवालीस लाख तिरान्वे हजार नौ सौ चौवालीस केवल) एनपीए 09/07/2021 | 21/05/2024 (प्रतीकात्मक) |

स्थानः दिल्ली/एनसीआर
दिनांकः 24.05.2024

अधिकृत अधिकारी
जेएम फाईनेंसियल एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड अरन्या ट्रस्ट के कैपिसिटी में - ट्रस्ट


# पूर्वांचलियों की जंग में इस बार उलझी कहानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ। निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा...हवन-पूजन हो चुका है। पंडित जी से आशीर्वाद लेने और चरणामृत व प्रसाद ग्रहण करने के बाद नामांकन के लिए निकले तो समर्थकों ने जोश के साथ नारे लगाए...हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। यह नजारा है कभी वामपंथ की राह पर चलकर सियासी रसूख हासिल करने वाले कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार के जुलूस का। वे भाषण देते हैं तो कहते हैं--मैं कन्हैया हूं। जेल से लौटा हूं। सियासी विरोधियों से निपटने की कला मुझे आती है। समर्थक फिर पूरे जोश के साथ नारे लगाने लगते हैं-हाथी घोड़ा पालकी...और जुलूस आगे बढ़ जाता है। यह वाकई न्यू नॉर्मल दौर है। नेता, अभिनेताओं से ज्यादा प्रभावी एक्टिंग कर रहे हैं। सच और झूठ के बीच इतना गहरा कुहासा है कि दोनों की अगल-अलग शिनाख्त नामुमकिन सी हो गई है। दिल्ली की नार्थ ईस्ट लोकसभा सीट का सियासी परिदृश्य भी रोज इस दौर के नए रंग दिखा रहा है। मिथकों के सहारे सियासत करने वाली पार्टी और उसके उम्मीदवार पीछे रह गए हैं। वहीं, मिथकों से दूर रहने का दम भरने वाले वामपंथी रुझान के कन्हैया कुमार ने इसे अपना हथियार बना लिया है। कन्हैया के भाषणों में कृष्ण एक ऐसे रूपक की तरह उपस्थित हैं, जो करुणानिधान भी हैं और कठोर भी। यही वजह है कि 2014 से इस सीट का प्रतिनिधित्व कर भाजपा के मनोज तिवारी के लिए मिथकों की इस रणनीति का तोड़ तलाशना आसान नहीं दिख रहा। दिल्ली की इस लोकसभा सीट की सामाजिक संरचना खासी विविधतापूर्ण है। इस क्षेत्र में पूर्वांचल के लोगों की बड़ी आबादी के कारण मनोज तिवारी की राह पिछले दो बार से आसान रही है, लेकिन अबकी बार कहानी कुछ उलझ गई लगती है। मनोज तिवारी के समर्थक भले दावा करें कि उन्होंने पिछले २पांच साल में बहुत काम कराए हैं, मगर इलाके के लोग इससे संतुष्ट नजर नहीं आते। अनधिकृत कॉलोनियों का मुद्दा लंबे समय से लंबित चल रहा है। समाधान को लेकर विभिन्न स्तरों पर पहल तो होती रही है, लेकिन इसका कोई ठोस हल अब भी नहीं हो पाया है। दस साल पहले मुंगेर से दिल्ली आए रामखिलावन वजीराबाद की एक संकरी गली में परिवार सहित रहते हैं। इलाके का हाल पूछने पर पलट कर कहते हैं-कभी बरसात के दिनों में इस तरफ आइए। नालियों का पानी सड़क पर आ जाए तो फिर घंटों नहीं जाता। इसके अलावा, जातियों और बिरादरियों का गणित भी नए समीकरण बना रहा है। 18 फीसदी ब्राह्मण और पांच फीसदी पंजाबी भाजपा की ताकत हैं, तो 21 फीसदी पिछड़ा वर्ग और करीब इतने ही फीसदी मुस्लिम वोटों पर कन्हैया कुमार की नजर है। अनुसूचित जाति के 17 फीसदी वोटों को अपने पाले में खींचने के लिए दोनों ही दल एक किए हुए हैं और इस वर्ग के वोटों में बंटवारे के भी पूरे आसार हैं।



## मनोज के समर्थक काम के भरोसे, कन्हैया नाराजगी के

**कन्हैया** कुमार की टीम की ओर से कितना ही माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा हो मगर मनोज तिवारी के समर्थक आश्वस्त हैं कि पिछले दस साल में उन्होंने जितना काम किया है उसके दम पर जनता का भरपूर समर्थन मिलना तय है। यमुना नदी पर बना सिग्नेचर ब्रिज उत्तर पूर्वी संसदीय क्षेत्र की पहचान बनता जा रहा है। लोगों की आवाजाही आसान हुई है, बल्कि इसका बेहतरीन ढांचा लुभाता भी है। दूसरी तरफ नदी के किनारे विकसित यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क यमुना को निर्मल करने की उम्मीद जगाता है। उनकी टीम के आनंद त्रिवेदी कहते हैं, मनोज तिवारी ने अपने इलाके में 14 हजार करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य कराए हैं। इसके अलावा शाहदरा में केंद्रीय विद्यालय खुलवाया गया है। पासपोर्ट ऑफिस खुलवाया गया है। वजीराबाद में ट्रिपल डेकर फ्लाईओवर बन रहा है। इसके बाद इलाके में जाम की समस्या खत्म हो जाएगी। ऐसे में किसी की नाराजगी का सवाल ही नहीं उठाता है। चुनाव महज औपचारिकता है। जीत तय है। इस सीट की चुनावी जंग गलियों- मोहल्लों और सड़कों के साथ आभासी दुनिया में भी जमकर लड़ी जा रही है। दोनों प्रत्याशी सोशल मीडिया के दुलारे हैं व उनकी टीम के लोग इस माध्यम की अहमियत को भी जानते हैं।

# नोएडा, ग्रेटर नोएडा में बिजली बिलों की गड़बड़ी से मिलेगा छुटकारा

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर समेत पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के 14 जिलों में 4जी स्मार्ट मीटर लगाने की तैयार अंतिम चरण में पहुंच गई है। जिले में पहले चरण में ग्रेटर नोएडा व जेवर में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। दोनों ही क्षेत्रों सर्वे और ट्रायल का काम पूरा हो चुका है। अचार संहिता खत्म होत हुए। मीटर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। केंद्र सरकार की पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत मार्च 2025 तक गौतमबुद्ध नगर में इलेक्ट्रानिक को पूरी तरह 4जी स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बदला जाना है। कुल पांच लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। अभी कुछ जगह बहुमंजिला सोसायटियों में प्रीपेड मीटर लगे हैं, लेकिन ये स्मार्ट नहीं है। लोग एडवांस में रिचार्ज तो करते है, लेकिन अभी मीटर रीडिंग आदि की जानकारी मोबाइल पर नहीं देख पाते हैं। 4जी स्मार्ट मीटर लगने के बाद मीटरिंग की व्यवस्था पूरी तरह ऑनलाइन हो जाएगी। मीटर सिम से चलेगा। इससे उपभोक्ता का मोबाइल भी कनेक्ट रहेगा।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

वरि. मंडल, विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जाएगा।

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | |
|---|---|---|
| ETrU-T-16-2023-24-02 | 25 केवी एसी 50 हर्ट्ज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग के संबंध में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यमुनानगर जगाधरी, अंबाला सिटी, मोहाली, कालका और पटियाला रेलवे स्टेशन पर 12.00 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान हेतु कार्य। | निविदा बंद/खुलने की तिथि: 13.06.2024<br>लगभग लागतः ₹1,10,57,429.57<br>धरोहर राशिः ₹2,05,300/-<br>कार्य पूरा करने की अवधिः 06 महीने<br>वैधता अवधिः 45 दिन |

निविदा फार्म की कीमतः Downloading through IREPS, portal-NIL. (₹5,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए Class-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू हैं एवं इस प्रकार हैं, **"Design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single phase 25 KV AC OHE"** 5. टेंडर डाक्यूमेंटस एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

सं.: ETrU-T-16-2023-24-02 दिनांक: 22.05.2024 1558/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज मंडल उर्फ सोनू, पुत्रः** श्री किशन मंडल, **पताः** 10/17, पटेल गली, 60 फुटा रोड, विश्वास नगर, दिल्ली; दूसरा पताः मकान नं. 28/140, कस्तूरबा नगर, शाहदरा, दिल्ली ने **FIR No. 94/20, U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज मंडल उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज मंडल उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 94/20, U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः विवेक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनोज मंडल उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री विधि गुप्ता आनंद
मुख्य महानगर दंडाधिकारी
कमरा नंबर 59, तृतीय तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6056/SHD/2024
(Court Matter)



**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 55 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 7 इंच, **चेहराः** अंडाकार, **शरीरः** सामान्य, **रंगः** गेहुँआ, **बालः** काले छोटे **पहनावाः** काली पैंट, नीली टी-शर्ट पहने हुए है और नंगे पैर है, **बरामदी स्थलः** जो एनडीएमसी पार्किंग, पीली कोठी, दिल्ली के सामने फुटपाथ पर मृत पाया गया।

इस संदर्भ में **DD No.54A** दिनांक **17.05.2024,** थाना-लाहौरी गेट, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना-लाहौरी गेट, दिल्ली
फोनः 011-23953776, 23958234

DP/6113/N/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा यू/एस 82 (2) CrPC देखिए**

मेरें समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोम** उम्र-20 वर्ष निवासी-**17/96**, त्रिलोकपुरी, मयूर विहार पीएच-1, पूवी दिल्ली ने एक मामले में अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CR Case: 5680/2021 U/s 34/506/509/354 IPC** के तहत थाना मयूर विहार पूवी जिला, दिल्ली में दर्ज किया गया है, और इसके बाद जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि उक्त **सोम** नही मिला और जबकि यह मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **सोम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **सोम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे सनक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शाहज़ादी हलीमा सादिया
एल.डी. एमएम
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6042/ED/2024


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में थम गया प्रचार, अब 25 को मतदान

## मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और गठबंधन में चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस के बीच

**मैदान में...**

**162 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सात लोकसभा सीटें हैं। भाजपा ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटों पर गुरुवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इन सीटों पर 25 मई शनिवार को मतदान होगा। मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और गठबंधन में चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस के बीच है। कुल 162 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। दिल्ली में सात लोकसभा सीटें हैं। भाजपा ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। दिल्ली में गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी 4 और कांग्रेस 3 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन सातों सीटों पर पिछली बार भाजपा का कब्जा रहा है। इस बार केवल गायक और फिल्म अभिनेता मनोज तिवारी के अलावा सभी सीटों पर भाजपा ने नए उम्मीदवार उतारे हैं। 2014 में भी भाजपा ने दिल्ली में सभी सीटें जीती थीं। इस बार नई दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी से सोमनाथ भारती और भाजपा की बांसुरी स्वराज के बीच मुकाबला है। आप के कुलदीप कुमार पूर्वी दिल्ली से मैदान में हैं और उनका मुकाबला हर्ष मल्होत्रा से है। महाबल मिश्रा का मुकाबला पश्चिमी दिल्ली से भाजपा के कमलजीत सहरावत से है। कांग्रेस के कन्हैया कुमार उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार मनोज तिवारी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली सीट से उदित राज का मुकाबला योगेंद्र चंदोलिया से है। चांदनी चौक सीट पर भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल का मुकाबला दिग्गज कांग्रेस नेता जेपी अग्रवाल से है। दिल्ली में 25 मई को छठे चरण में मतदान होगा। इस चरण में डेढ़ करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग ने 13 हजार 667 मतदान केन्द्र बनाए हैं। सुचारु मतदान के लिए एक लाख से ज्यादा कर्मचारियों की तैनाती की गई है और शांतिपूर्ण मतदान के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। दिल्ली में कुल 1 करोड़ 52 लाख 01 हजार 936 मतदाता हैं। 2019 के मुकाबले इस बार 8.85 प्रतिशत अधिक मतदाता हैं।

### 2627 स्थानों पर 13637 मतदान केन्द्र बनाए गए

82 लाख 72 हजार 794 पुरुष और 69 लाख 87 हजार 940 महिला और 1228 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। दिल्ली में 2627 स्थानों पर 13637 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदाताओं की संख्या को देखते हुए चार अतिरिक्त मतदान केन्द्र भी बनाए गए हैं। करीब 1.03 लाख कर्मचारियों की चुनाव तैनाती की गई है। इसमें मतदान और मतगणना दोनों से जुड़े कर्मचारी शामिल हैं। 6833 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। 8 हजार अतिरिक्त स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। यह दिव्यांग और उम्रदराज मतदाताओं की सहायता करेंगे। दिल्ली में 25 मई को होने वाले मतदान के लिए केन्द्रीय सुरक्षा बलों की 46 कंपनियां तैनात की जायेंगी। 19 हजार दिल्ली और आसपास के राज्यों से होमगार्ड की तैनाती होगी और 78 हजार दिल्ली पुलिस कर्मी भी तैनात होंगे। इनमें से 33 हजार सक्रिय तौर पर मतदान प्रक्रिया में सहयोग करेंगे।

# सातों सीट जीतने के लिए कांग्रेस और आआपा कार्यकर्ता मिलकर काम करें : राहुल

**वोट की अपील**

**गठबंधन उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि दिल्ली में सातों सीटों को जीतना है।**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को दिलशाद गार्डन में उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने इंडी गठबंधन उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करते हुए पार्टी कार्यकताओं से कहा कि दिल्ली में सातों सीटों को जीतना है। इसके लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) के कार्यकर्ता मिलकर काम करें। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि इस चुनाव में लड़ाई भारतीय संविधान की रक्षा के लिए है। कांग्रेस नेता ने कहा, ह्लयह महज एक किताब नहीं है, हमारा संविधान गांधी, अंबेडकर और नेहरू की हजारों साल की वैचारिक विरासत को समेटे हुए है ह्व राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा हमेशा संविधान को फाड़कर फेंक देना चाहती है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के लोग आरक्षण को खत्म करने की बात करते हैं लेकिन कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में कहा है कि हम आरक्षण से 50 प्रतिशत की लिमिट खत्म कर उसे 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाएंगे। राहुल गांधी ने महिलाओं का जिक्र किया और कहा कि महिलाएं 16 घंटे काम करती हैं, इसलिए देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाने के लिए कांग्रेस महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख रुपये जमा कराएगी।

# दिल्ली सरकार ने जनता की तिजोरी को लूटाः स्मृति ईरानी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार में मंत्री रहे मनीष सिसोदिया पर कोर्ट के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि बुधवार को कोर्ट ने भी केजरीवाल सरकार और मुख्य आरोपित मनीष सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला स्वीकार किया है। कोर्ट के फैसले के अनुसार दिल्ली सरकार में 100 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। आम आदमी पार्टी ने सेवा के बहाने सत्ता कब्जाई और जनता की तिजोरी को लूटा है। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता में भाजपा नेत्री एवं केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि मनीष सिसोदिया के मामले में कल के कोर्ट के फैसले से बहुत कुछ साफ हुआ है। कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल सरकार और मामले के मुख्य आरोपित मनीष सिसोदिया पर 100 करोड़ रुपये के घाटाले की बात स्वीकारी है। फैसले में यह भी कहा गया है कि मनीष सिसोदिया ने इस केस के संबंध में सारे सबूतों को नष्ट किया है। इसलिए सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट ने स्वीकार किया है कि मनीष सिसोदिया और इस कैंप के सभी आरोपितों ने 100 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है।

दिल्ली हाई कोर्ट की ये टिप्पणियां अब सार्वजनिक रूप से मौजूद हैं। नागरिकों से मेरी अपील है कि वे मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार के बारे में इन महत्वपूर्ण टिप्पणियों को पढ़ें। उन्होंने कहा कि ये तथाकथित राजनीतिक कार्यकर्ता परिवर्तन के वादे के साथ सत्ता में आए थे लेकिन अंततः लोगों के खजाने को लूटने वाले बन गए

**घेरा**

**कोर्ट ने भी केजरीवाल सरकार और मुख्य आरोपित सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला स्वीकार किया है**

# दिल्ली में वोटिंग से पहले मनमुटाव!

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के दो लोकसभा इलाकों में जनसभा को संबोधित किया। सबसे पहले राहुल गांधी ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में कन्हैया कुमार के पक्ष में उन्होंने वोट करने की अपील की। वहीं उन्होंने बाद में उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में महिला विचार-विमर्श कार्यक्रम को संबोधित किया। यहां पर उन्होंने महिलाओं के साथ बातचीत की। कांग्रेस के दो उम्मीदवारों में मनमुटाव देखने को मिला। कन्हैया कुमार अपने साथ दो-तीन और लोगों को इस कार्यक्रम में ले जाना चाह रहे थे।

# अपने गुरु को धोखा देने वाला दिल्ली के लोगों का विश्वास कैसे जीत सकता है : राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नजफगढ़ पहुंचे। यहां रोशन गार्डन में आयोजित जनसभा में उन्होंने आम आदमी पार्टी (आआपा) तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कार्यशैली की आलोचना की।

राजनाथ सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दिया है। वह दिल्ली के लोगों का विश्वास कैसे जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति पर कैसे विश्वास किया जा सकता है कि वह दिल्ली की जनता को धोखा नहीं देगा। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि जो दिल्ली सरकार महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे सकी, उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आआपा कांग्रेस गठबंधन की 'बी' टीम के रूप में काम कर रही है।



**आलोचना**

**जनसभा में उन्होंने (आआपा) तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कार्यशैली की आलोचना की**

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि अन्ना हजारे मना करते रहे कि जिस बैनर तले कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उस बैनर के तले यहां पर कोई राजनीतिक पार्टी नहीं बननी चाहिए। इसके बावजूद केजरीवाल ने अपने गुरु अन्ना हजारे की बात नहीं मानी और एक नई राजनीतिक पार्टी बनाई। पार्टी बनाने के बाद अरविंद केजरीवाल ने क्या क्या वादे किए, यह जगजाहिर है।

उन्होंने कोई भी वादे अभी तक पूरे नहीं किए। राजनाथ सिंह ने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि हमारी सरकार दिल्ली को लंदन बना देगी। हम कहते हैं कि रहा होगा कोई जमाना लेकिन अब भारत लंदन से आगे निकल चुका है। अब भारत की लंदन से तुलना नहीं की जा सकती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि यमुना नदी को साफ करेंगे और 7 हजार करोड़ रुपये खर्च हो गए।

# दिल्ली सरिता विहार फ्लाईओवर दो महीने तक रहेगा बंद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सरिता विहार फ्लाईओवर पर मरम्मत का काम 10 जून से शुरू होने वाला है, जिसमें पहले कई बार देर हो चुकी है। यह परियोजना 60 दिनों तक चलेगी और इसे चार अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा। ताकि दिल्ली और फरीदाबाद के बीच भारी ट्रैफिक फ्लो (यातायात प्रवाह) में कम से कम रुकावट हो। बताया गया है कि मरम्मत का काम, जो मूल रूप से जून 2023 के लिए योजना बनाई गई थी, लेकिन स्थगित कर दिया गया था। अब इसे व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा। हर चरण में फ्लाईओवर के एक तरफ को आंशिक रूप से बंद करना शामिल होगा। जबकि दूसरी आधी लेन को वाहनों के लिए चालू रखा जाएगा। इस कदम का लक्ष्य उन लाखों यात्रियों के लिए भीड़भाड़ और असुविधा को कम करना है, जो अपने दैनिक आवागमन के लिए मथुरा रोड पर निर्भर करते हैं।



मरम्मत का काम, जिसे पिछली बार 1 मई को शुरू करने का प्रयास किया गया था, को लोकसभा चुनावों के कारण असफलता का सामना करना पड़ा। हालांकि, नई टाइम-टेबल के साथ, अधिकारी 60 दिनों की निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने के बारे में आशावादी हैं। अधिकारियों को आशंका है कि मरम्मत कार्य के कारण विशेष रूप से बदरपुर, सरिता विहार, कालिंदी कुंज, ओखला और फरीदाबाद जैसे स्थानों पर भयंकर जाम लग सकता है। इसे कम करने के लिए, यातायात पुलिस निर्माण क्षेत्रों के आसपास आवागमन करने में यात्रियों की मदद के लिए वैकल्पिक मार्गों की सूची तैयार कर रही है।

# कांग्रेस और आप के कई नेता भाजपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव प्रचार के आखिरी दिन उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कई राष्ट्रीय नेता भाजपा में शामिल हुए। गुरुवार को मनोज तिवारी और भाजपा नेताओं ने पार्टी में शामिल होने पर उनका स्वागत किया । भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं में आम आदमी पार्टी के नेता नीरज पाठक, कांग्रेस नेता चौधरी रतन सिंह और चौधरी प्रोफेसर जिले सिंह के तथा विश्व मैथिल सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल झा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल नेताओं का स्वागत करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि मोदी का परिवार बढ़ रहा है और भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता का स्वाभिमान भी एकजुट होकर राष्ट्रवाद की जीत के लिए संकल्पबद्ध है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली लोकसभा सीट की उसीदवार बांसुरी स्वराज के समर्थन में रोड शो में सम्मिलित हुए।

# चुनावी माहौल के बीच राहुल गांधी ने किया मेट्रो में सफर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान 25 मई को होगा। इस चुनाव को लेकर आज शाम 5 बजे से चुनावी प्रचार पूरी तरह से थम जाएगा। इस कारण, प्रचार के आखिरी दिन सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली के नॉर्थ ईस्ट और नॉर्थ वेस्ट लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। वहीं उन्होंने दल्ली मेट्रो में सफर कर लोगों का हाल-चाल भी जाना। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर इससे जुड़े फोटोज भी शेयर किए हैं।

# पहली बार दिल्ली के मतदान केंद्रों में बनेंगे मेडिकल रूम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में पहली बार सभी पोलिंग स्टेशनों पर अलग से मेडिकल रूम बनाए जाएंगे। मतदाताओं की जहां पर लाइन लगेगी, वहां छाया के लिए शेड लगेंगे। अगर मतदाता को डीहाइड्रेशन होता है तो ओआरएस घोल पिलाकर जरूरी दवाइयां भी दी जाएंगी। किसी को अस्पताल ले जाने की स्थिति में तुरंत एंबुलेंस आएगी। एमसीडी के अस्पताल प्रशासन के पास अलग से मेडिकल किट का बंदोबस्त रहेगा। दिल्ली में 2700 से ज्यादा पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। सभी जगह एमसीडी की मेडिकल टीम रहेगी। दिल्ली सरकार के अस्पतालों के कुछ कर्मी सहयोग करेंगे। पोलिंग स्टेशन पर स्वास्थ्य व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी एमसीडी के स्वास्थ्य विभाग पर है। एक महिला अधिकारी को इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



**मॉडल व पिंक बूथ पर डॉक्टर भी होंगे:** हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक मॉडल व पिंक बूथ बनेंगे, जबकि हर लोकसभा क्षेत्र में दिव्यांगों को समर्पित बूथ रहेगा। इन सारे बूथों पर मेडिकल रूम में डॉक्टर भी होंगे। किसी भी मतदाता की तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर उपचार कर जरूरी दवा देंगे।

**चुनाव ड्यूटी पर ही कर्मचारी दे पाएंगे वोट:** पिछले चुनावों में एमसीडी व अन्य एजेंसियों के जो कर्मचारी चुनाव ड्यूटी पर थे, वे वोट नहीं दे पाए थे। इस बार ऐसा नहीं होगा। एमसीडी के चुनाव कार्यालय की ओर से चुनाव आयोग से ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को वोट देने के लिए फार्म-12 भरने की अनुमति मांगी गई थी। इसकी अनुमति मिल गई है। कर्मचारी ड्यूटी के दौरान ही फार्म भरकर वोट दे पाएंगे।

**हर पोलिंग स्टेशन पर लगेंगे वाटर कूलर:** एमसीडी के चुनाव कार्यालय के मुताबिक, हर पोलिंग स्टेशन पर पेयजल का बंदोबस्त रहेगा। हर जगह एक या दो वाटर कूलर लगेंगे। चुनाव के दौरान मतदाताओं को हर तरह की सुविधाएं प्रदान कराने की जिम्मेदारी एमसीडी के पास है।

**85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग ले सकेंगे पिक एंड ड्रॉप की सुविधा:** 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने और घर छोड़ने की सुविधा चुनाव आयोग की ओर से दी जाएगी। इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से जारी नंबर पर एसएमएस करना होगा। ऐसे मतदाता जो दिव्यांग हैं या 85 वर्ष से अधिक हैं।



# डायनासोर की तरह गायब हो जाएगी कांग्रेस : सिंह

## सरकार बनते ही 70 साल के ऊपर के सभी बुजुर्गों का हर साल पांच लाख तक का मुफ्त इलाज होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पलवल के गांव सौलदा में आयोजित विजय संकल्प रैली में फरीदाबाद से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि आने वाली 25 मई को भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। प्रदेश में सभी 10 सीटों पर कमल का फूल खिलाकर मोदी जी को दें। देश- प्रदेश के विकास को मजबूत करें। देश की सेना को मजबूत करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करें, ताकि वे देशहित में निःसंकोच होकर फैसले ले सकें। उन्होंने कहा कि देशभर में मोदी द्वारा किए गए कामों के बूते पर ही भाजपा लगातार तीसरी बार देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी तीखा प्रहार किया और कहा कि इन चुनावों के बाद कांग्रेस देश में डायनासोर की




तरह विलुप्त हो जाएगी। आज से दस साल बाद देश की जनता पूछेंगे की कांग्रेस क्या थी। इनके हालात ऐसे बनते जा रहे हैं। कांग्रेस के लोगों ने हमेशा भ्रष्टाचार किया है। भाई भतीजावाद और परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। वहीं, भारत प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में दुनिया में एक बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। इस बात को पाकिस्तान की संसद ने भी माना है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री उरी व पुलवामा हमले को लेकर यह कह चुके हैं कि यह हमला पाकिस्तान ने करवाया था और भारत ने इसका माकूल जवाब दिया। भारत आज दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले दस सालों में भारत के प्रति दुनिया की धारणा बदली है। दुनिया को भारत के प्रति सोचने का नजरिया बदला है। भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। इससे पहले रैली में पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष शरण सिंह,नंदकिशोर,दीपक मंगला आदि ने केंद्रीय मंत्री और रक्षा मंत्री का

**वोट की अपील**

**मोदी द्वारा किए गए कामों के बूते पर ही भाजपा लगातार तीसरी बार देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है**

भव्य स्वागत किया।

**भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर की तारीफ :** राजनाथ सिंह ने कहा कि कृष्ण पाल गुर्जर जैसा प्रत्याशी आपको मिला है। आप भाग्यशाली हैं। कोई इन पर आरोप नहीं लगा सकता। इन पर आज कोई अंगुली नहीं उठा सकता। आज भारत लगातार आर्थिक रूप से मजबूत होता जा रहा है। वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था। जब से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए हैं, हम 11वें से 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं, धन दौलत के मामले में हमारा दुनिया में डंका बजता है। 2027 तक भारत दुनिया का तीसरा सबसे धनवान देश बन जाएगा और 2070 तक हम दुनिया के सबसे धनवान देश होंगे। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति के साथ बढ़ रही है।

**आज भारत कमजोर देश नहीं रहाः** राजनाथ ने कहा कि आज का भारत कमजोर भारत नहीं है। आज हम किसी को आंख दिखाते नहीं, लेकिन कोई हमें आंख दिखाने की कोशिश करेगा तो हम मुहतोड़ जवाब देंगे। देश के पीएम मोदी के कारण ही देश की सेना मजबूत है। आज हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज भारत विश्व की महाशक्ति बनने जा रहा है। भारत किसी देश पर कब्जे के लिए नहीं, दुनिया के कल्याण के लिए महाशक्ति बनना चाहता है। हम सभी देशों के साथ मधुर संबंध रखना चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तान हमारा एक ऐसा पड़ोसी है।

# कांग्रेस गुटबाजी में खत्म- दुष्यंत चौटाला

**साधा निशाना**

**संसद में हरियाणा की आवाज बुलंद करने के लिए जेजेपी को चुने - दुष्यंत चौटाला**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**पूर्व** डिप्टी सीएम एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि बीजेपी का 400 पार सीटों का दिया गया नारा चार जून को एक जुमला साबित हो जाएगा और भाजपा 200 तक सिमट कर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार बीजेपी के 400 पार के नारे को जुमला साबित करने की बारी जनता की है और जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। वे वीरवार को नलवा और बरवाला हलके में



जेजेपी उम्मीदवार नैना चौटाला के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हिसार के विकास के लिए चाबी के चुनाव निशान को वोट डालकर जेजेपी उम्मीदवार को विजयी बनाएं। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चुनाव घोषित होने से पहले ओवर कॉन्फिडेंस में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया था लेकिन चुनाव में जनता का रुख देखकर भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास भी डोलने लगा और वे इस नारे को बोलना छोड़ गए है। उन्होंने कहा कि जहां देशभर में भाजपा का ग्राफ गिरा है तो वहीं दूसरी तरफ हरियाणा में कांग्रेस पार्टी गुटबाजी के कारण पतन की ओर है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेसियों को चुनाव प्रचार की बजाय एक-दूसरे की टांग-खिंचाई में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई दे रही है और ऐसे माहौल में जनता का क्षेत्रीय दलों पर भरोसा बढ़ना स्वाभाविक है। जेजेपी ही हरियाणा की आवाज दिल्ली में उठाने में सक्षम है इसलिए जेजेपी को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### इनेलो नेत्री कांता चौटाला ने दूसरे दिन भी साधा मतदाताओं से संपर्क

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** इंडियन नेशनल लोकदल की वरिष्ठ नेत्री कांता चौटाला ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी ऐलनाबाद हलके के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर इनेलो प्रत्याशी संदीप लोट के समर्थन में मतदाताओं से वोटों की अपील की। इस दौरान गांव तलवाड़ा, ढोबरिया, मिजार्पुर, अमृतसर खुर्द, अमृतसर कलां, प्रतापनगर, बुढीमेड़ी, मौजूखेड़ा, कृपालपट्टी, शेखुखेड़ा, हिमांयुखेड़ा, रत्ताखेड़ा, कुत्ताबढ़, कोटली व केसुपुरा में ग्रामीण मतदाताओं से संपर्क साधते हुए कांता चौटाला ने कहा कि सिरसा संसदीय सीट का संपूर्ण विकास करवाने में केवल इनेलो ही समर्थ है। उन्होंने कहा कि जब भी इनेलो को अवसर मिला तब इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला व इनेलो के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला ने सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें अमलीजामा पहनाया, जिससे सभी वर्ग लाभान्वित हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के दस वर्ष केवल अपराध, महंगाई, बेरोजगारी देने वाले रहे और अब सिरसा के मतदाताओं ने ठान लिया है कि वह सत्ता परिवर्तन करेंगे। कांता चौटाला ने कहा कि इनेलो की कल्याणकारी नीतियों से हर वर्ग प्रभावित है और लोगों द्वारा पार्टी प्रत्याशी को भरपूर सहयोग व स्नेह दिया जा रहा है, जिससे उन्हें पूरी उम्मीद है कि इनेलो प्रत्याशी संदीप लोट रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे। इस जन संपर्क अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं ने भी इनेलो पदाधिकारियों को अपना पूरा समर्थन व सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उनके साथ कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मवीर नैन, ऐलनाबाद हल्का प्रधान अभय सिंह खोड, डॉ विनोद गोदारा, अजय झोरड, दवेंद्र कृपालपट्टी, सुरेन्द्र सिद्धू, जसकरण कंग, जय सिंह गोरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा बंगाल में ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करना स्वागत योग्यः कांबोज

**यमुनानगर:** पूर्व मंत्री एवम भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा बंगाल में 2010 के बाद सभी ओबीसी प्रमाण पत्रों को रद्द करने के निर्णय का स्वागत किया है। प्रेस को जारी बयान में कांबोज ने कहा कि ममता दीदी ने ओबीसी आरक्षण की सब कैटेगरी में मुस्लिम वर्ग को आरक्षण देकर ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय किया था जिसे आज कलकत्ता उच्च न्यायालय ने रद्द करके पिछड़े वर्ग को न्याय देने का कार्य किया है। कांबोज ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही धर्म के आधार पर आरक्षण देने के निर्णय का विरोध किया है, हमारे राष्ट्रीय नेता जगत प्रकाश नड्डा, नरेंद्र मोदी, अमित शाह ने हमेशा ही ममता दीदी के धर्म के आधार पर आरक्षण देने के निर्णय का विरोध किया है, परंतु ममता दीदी एक विशेष वर्ग के तुष्टिकरण में इतनी तल्लीन रहती है कि उन्हें दूसरे वर्गों, धर्मो की परवाह ही नहीं है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी द्वारा यह कहना कि वह उच्च न्यायालय के निर्णय को नहीं मानेगी, सरासर न्याय पालिका का अपमान है। एक जिम्मेदार उच्च पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा न्याय पालिका का अपमान उनकी मानसिकता को दशार्ता है।

### लगातार पकड़ी जा रही अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगदी

**चंडीगढ़/** हरियाणा में लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान लगातार अवैध शराब, मादक पदार्थ व नगदी पकड़ी जा रही है, जोकि पिछले लोकसभा चुनावों की तुलना में कई अधिक है। अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 18 .56 करोड़ रुपये की नकद राशि के साथ झ्र साथ 56 .88 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ, व अन्य कीमती वस्तुएं जब्त की जा चुकी है। इस प्रकार कुल आंकड़ा 75 .44 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लोकसभा आम चुनाव 2019 की चुनाव अवधि के दौरान कुल 18 .36 करोड़ रुपये की नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ, व कीमती वस्तुएं जब्त की गई थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। अभी तक मुख्य रूप से पुलिस द्वारा 693 .66 लाख रुपये, आयकर विभाग द्वारा 873 .78 लाख रुपये तथा डीआरआई द्वारा 278 लाख रुपये की नगद राशि जब्त की गई है। इसके अलावा अन्य एजेंसियों द्वारा भी नगदी पकड़ी गई है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस महानिदेशक ने की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने को लेकर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में पंचकूला स्थित पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश भर के पुलिस महानिरीक्षकों, पुलिस आयुक्तो, पुलिस अधीक्षकों तथा पुलिस उपायुक्तों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इस बैठक में पुलिस बल की तैनाती करने सहित मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मतदान प्रक्रिया के लिए मजबूत कानून व्यवस्था की रणनीति तैयारः बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून



एवं व्यवस्था) संजय कुमार ने 25 मई को प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंधी तैयारियां की रिपोर्ट प्रस्तुत की। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि लोग बिना डरे निष्पक्ष तरीके से मतदान कर सकें इसलिए सभी पुलिस अधिकारी चुनाव ड्यूटी को लेकर किसी तरह का संशय ना रखें और अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को ड्यूटी बारे स्पष्टता लाने के लिए उनकी ब्रीफिंग करते रहें।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर कानून व्यवस्था बाधित करने संबंधी संभावित

**उपलब्धियां गिनाई**

**मतदान प्रक्रिया के दौरान मजबूत कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर की गई विस्तार से चर्चा, पुलिस विभाग में प्रत्येक स्तर के अधिकारी को हो अपने कार्य को लेकर स्पष्टता, लापरवाही नही की जाएगी बर्दाश्त- डीजीपी**

अलग-अलग परिस्थितियों के उत्पन्न होने पर पुलिसकर्मियों को कब, क्या और कैसे काम करना है इसे लेकर उन्हें स्पष्टता होनी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे पुलिसकर्मियों को जरूरी नंबरों की सूची भी उपलब्ध करवाएं ताकि जरूरत पड़ने पर संबंधित अधिकारी से संपर्क किया जा सके।

उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक, जिला उपायुक्त के साथ तालमेल स्थापित करते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों के अनुरूप प्रत्येक स्तर पर कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें।

**प्रत्येक स्तर पर मैसेज हो लाउड एंड क्लियरः** श्री कपूर ने कहा कि बूथों पर तैनात पुलिसकर्मी को वहां पर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करनी है। हर पुलिसकर्मी को अपने डूज और डोन्ट्स अच्छे से पता होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मामले में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बारे में पुलिस अधिकारी से लेकर ड्यूटी पर तैनात अंतिम पुलिसकर्मी तक को मैसेज साफ और स्पष्ट होना चाहिए।

# पोलिंग पार्टियों तथा माइक्रो पर्यवेक्षकों की फाइनल रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न

**हिसारः** हिसार संसदीय क्षेत्र (04) में लोकसभा आम चुनाव-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी, व्यवस्थित तथा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में सामान्य पर्यवेक्षक गोपाल चंद तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टियों तथा माइक्रो पर्यवेक्षकों की रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा किया गया। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं



उपायुक्त प्रदीप दहिया ने इस दौरान बताया कि मतदाताओं की सुविधा के अनुरूप हिसार लोकसभा क्षेत्र में कुल 1766 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें हिसार जिले के 1312 मतदान केंद्र शामिल हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि आज रेंडमाइजेशन के बाद यह भी सुनिश्चित हो गया है कि कौन सी पोलिंग पार्टी तथा माइक्रो पर्यवेक्षक किस बूथ पर अपनी ड्यूटी देंगे।

## ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी गुर्जर को दिखाए काले झंडे

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद के मोहना इलाके में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को किसानों ने काले दिखाए। किसान मोहना में एक्सप्रेसवे पर कट की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। किसानों को वहां से भाजपा प्रत्याशी के गुजरने की सूचना मिली तो वे रोड पर आ गए और काले झंडे दिखा कर विरोध जताया। फरीदाबाद से होकर गुजर रहे ग्रीन एक्सप्रेसवे पर मोहना के पास लगभग 221 दिनों से किसान ग्रीन एक्सप्रेसवे पर कट की मांग को लेकर धरने पर हैं। अभी तक कट नहीं दिया गया। मनोहर लाल खट्टर ने सीएम रहते हुए मोहना के पास ग्रीन एक्सप्रेसवे पर कट दिए जाने की घोषणा की थी।

# कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी गुप्ता ने दी 10 गारंटी



**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र :** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर जनता को 10 गारंटी दी। उन्होंने कहा कि पूरे कुरुक्षेत्र में इंडिया गठबंधन को भरपूर समर्थन मिल रहा है। मैं गांव गांव घूम रहा हूं जहां जनसभाओं में पूरा का पूरा गांव आ रहा है। लोग बीजेपी से नफरत करने लगे हैं। क्योंकि बीजेपी ने जनता को सबसे ज्यादा दुख दिए हैं।

बीजेपी ने महिलाओं की बेकद्री, किसानों पर जुल्म और युवाओं को सबसे ज्यादा बेरोजगारी दी है। बीजेपी ने हार के डर से दो दो मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया और कांग्रेस के बैंक खाते सीज कर दिए। उन्होंने कहा कि आज इंडिया गठबंधन ने गारंटी दी है। जिसमें बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपए महीना, जो गरीबी रेखा से नीचे है उस घर

**गारंटी**

**बेरोजगार को स्किल ट्रेनिंग व 8500 हजार रुपए महीना देने की गारंटी: डॉ. सुशील गुप्ता**

की सबसे बड़ी महिला को 8500 रुपए महीना, बेरोजगार को स्किल ट्रेनिंग व 8500 हजार रुपए महीना, किसान को एमएसपी की गारंटी, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे, पूरे देश में अच्छे स्कूल और अस्पताल बनाएंगे, अग्निवीर योजना को बंद करेंगे, चीन से जमीन कब्जा मुक्त करेंगे, जीएसटी को पीएमएलए से बाहर करेंगे और 2 करोड़ नौकरी देंगे। उन्होंने कहा मैं जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण घोषणा करता हूं कि ये डॉ. सुशील गुप्ता की भी गारंटी है जो पत्थर की लकीर है।

# पीएम मोदी ने देश और हरियाणा को नई दिशा दी : सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**

महेंद्रगढ़ पाली की महाविजय संकल्प रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिवादन करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को हरियाणा के लोगों से काफी लगाव है। दस वर्षों में पीएम मोदी ने देश ही नहीं हरियाणा को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले युवाओं में अविश्वास रहता था। युवाओं को नौकरी बिना पर्ची-खर्ची के नहीं मिलती थी पर अब हमारी सरकार युवाओं को एक सिस्टम से नौकरी दे रही है। अब किसी को नौकरी के लिए जमीन बेचने और



सिफारशी पत्र लाने की जरूरत नहीं पड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अहिरमल पगड़ी पहना कर किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को केंद्रीय मंत्री और गुरुग्राम से लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने गदा और भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह ने जयराम दास की फोटो भेंट की। महाविजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महेन्द्रगढ़ से चंडीगढ़ जाने में 8 घंटे लगते थे पर अब 2.5 घंटे लगते हैं। हमारी सरकार ने रोड़, इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी मजबूती से काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में हरियाणा की तकदीर और तस्वीर दोनों बदली है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज सारे देश में प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा की 400 से अधिक सीटें मिलने की लहर है। उन्होंने कहा कि हरियाणावासियों के जोश और उनके प्रधानमंत्री मोदी से प्रेम को देखते हुए लगता है, मतदाता लोकसभा की 10 और एक विधानसभा सीट पर कमल का बटन दबा कर बीजेपी को विजयी बनाएंगें।

# भिवानी-महेंद्रगढ़ में जीवन के 100 वर्ष पूरा कर चुके एक हजार से ज्यादा मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नारनौलः** भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र में कुल 17 लाख 93 हजार 29 मतदाता हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल नौ विधानसभा क्षेत्र हैं। इन सभी विधान सभा क्षेत्रों में सौ वर्ष या इससे अधिक उम्र के एक हजार सात मतदाता हैं। इसके अलावा 18 से 19 वर्ष के 40 हजार 43 और 14 हजार 300 दिव्यांगजन मतदाता हैं। यह जानकारी भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने गुरूवार को दी। उन्होंने बताया कि लोहारू में 2लाख 4हजार 35 मतदाता, बाढडा में 1लाख 97हजार 2सौ 73 मतदाता, दादरी में 2लाख 7हजार 8सौ 12 मतदाता, भिवानी में 2लाख 33हजार 7सौ 26 मतदाता, तोशाम में 2लाख 20हजार 8सौ 94 मतदाता, अटेली में 2लाख 2हजार 7 मतदाता हैं। महेन्द्रगढ़ में 2लाख 8हजार 69 मतदाता, नारनौल में 1लाख 54हजार 7सौ 69 मतदाता, नांगल चौधरी में 1लाख 64हजार 4सौ 44 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र के सभी विधान सभा क्षेत्रों में सौ वर्ष या इससे अधिक उम्र के 1हजार 7 मतदाता हैं। इसके अलावा 18 से 19 वर्ष के 40हजार 43 और 14हजार 3सौ दिव्यांगजन मतदाता हैं। लोहारू में 147, बाढ़ड़ा में 154, दादरी में 113, भिवानी में 121, तोशाम में 134, अटेली में 94, महेंद्रगढ़ में 90, नारनौल में 61, नांगल चौधरी में 93 मतदाता ऐसे हैं जिनकी उम्र सौ वर्ष या सौ वर्ष से अधिक हैं। वहीं लोहारू में 4हजार 6सौ 28, बाढ़ड़ा में 4हजार 6सौ 83, दादरी में 4हजार 7सौ 83, भिवानी में 3हजार 9सौ 34, तोशाम में 4हजार 7सौ 69, अटेली में 5हजार 1सौ 61, महेंद्रगढ़ में 4हजार 7सौ 39, नारनौल में 3हजार 6सौ 70, नांगल चौधरी में 3हजार 6सौ 76 ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 18 से 19 वर्ष है।

# सिख समाज गठबंधन उम्मीदवार को देगा समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**

**राजौंद/कैथल :** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में गुरुवार को राजौंद में कार्यक्रम में पहुंचे। वहां के सिख समाज ने अनुराग ढांडा के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार का समर्थन करने का ऐलान किया। इस दौरान कर्म सिंह एमसी, फतेह सिंह, गुरुमुख सिंह और सूबा सरदार समेत काफी संख्या में सिख समाज के लोगों ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हर जगह बीजेपी उम्मीदवारों का विरोध हो रहा है। आज हरियाणा के किसी गांव में



बीजेपी उम्मीदवारों को घुसने नहीं दिया जा रहा। बेरोजगारी और नशे को खत्म करने के लिए इंडिया गठबंधन को जनता वोट करेगी। वोटिंग के दौरान ही आम आदमी पार्टी की आंधी में बीजेपी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के होश उड़ जायेंगे। यमुना के पानी के मुद्दे पर बयान देते हुए उन्होंने कहा कि ये पहली बार नहीं जब बीजेपी ऐसा काम कर रही है। दिल्ली में मतदान की तारीख पास आ रही है। बीजेपी चाहती है कि दिल्ली में जल संकट बढ़े और आम आदमी पार्टी की सरकार को बदनाम किया जा सके। इससे पहले हरियाणा सरकार ने दिल्ली को बाढ़ में झोंक दिया था, सरकार ने जानबूझकर पानी को दिल्ली तक जाने दिया। दिल्ली के लिए यमुना का पानी हरियाणा से होकर गुजरता है, इसलिए हरियाणा की बीजेपी सरकार यमुना के पानी पर राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि जनता बीजेपी को पूरी तरह से नकार चुकी है। कुरुक्षेत्र आए अभय चौटाला मैदान छोड़ कर जा चुके हैं। कुरूक्षेत्र लोकसभा में जनता उनकी जमानत जब्त करवाएगी, वहीं इसके बाद उनकी ऐलनाबाद से भी हार तय है। लोकसभा चुनाव में इनेलो को सभी सीटों पर जमानत जब्त होगी। अभय चौटाला को वोट देने का मतलब अपनी वोट खराब करना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की कारगुजारियों को जनता भूलेगी नहीं। किसानों पर चली एक एक लाठी का बदला जनता वोट की चोट से लेने के लिए तैयार है। ये प्रदेश के लोगों को याद है कि अपने मान सम्मान की लड़ाई लड़ रही हमारी बहन बेटियों को सड़कों पर घसीटा गया। जिस सरकार की नजर में बहन बेटियों के मान सम्मान की कोई इज्जत नहीं उस सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए। ये चुनाव बेटियों के मान सम्मान की लड़ाई है।

**साथ मिला**

**बीजेपी चाहती है कि दिल्ली में जल संकट बढ़े और आम आदमी पार्टी की सरकार को बदनाम किया जा सके**

## न्यूज फ्लैश

### चोरो ने सिटावली रोड पर आधा दर्जन किसानों के ट्यूबवैल से मोटर व अन्य सामान किया चोरी

**गन्नौर।** ग्रामीण क्षेत्र में खेतों में चोरो ने किसानों की नींद हराम कर दी है। आए दिन खेतों में चोरी की वारदात हो रही है। जिससे किसान परेशान है। एक और चोरी की घटना सिटावली रोड पर गांव कैलाना के आधा दर्जन किसानों के ट्यूबवैल को चोरो ने निशाना बनाते हुए हजारों रुपएं का सामान चोरी कर ले गए। गांव कैलाना के किसान रणधीर, सतपाल, धर्मपाल, अशोक, हिमचन्द्र, बिंदा ने बताया कि सभी किसानों के खेत सिटावली वाली सड़क पर लगते हैं सुबह अपने खेतों में गए और जाकर देखा तो अलग-2 ट्यूबलों के कोठड़ो के ताले टूटे हुए मिले, सामान की जांच की तो पाया कि और रणधीर के कोठड़ो से 1 समबर्सीबल मोटर, 1 पंखा, व डोरी, सतपाल के कोठड़े से 1 डोरी, धर्मपाल के कोठड़ा से 1 डोरी, अशोक के 2 कोठड़ा से डोरी, हिमचन्द्र के कोठड़ा से डोरी व पुराना लोहा और बिन्दा के कोठड़ा से डोरी चोरी हुई मिली । किसानों ने पुलिस को शिकायत देकर मामला दर्ज करवाते हुए अज्ञात चोरो का सुराग लगाने की मांग की।

### ट्यूबवैल के कोठरे के अंदर रखी मोनोब्लाक मोटर चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव तेवड़ी के किसान की सरढ़ाणा वाले रास्ते के पास बने कोठरे से सम्बरसीबल की मोनाब्लॉक मोटर को चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत किसान ने खुबड़ू थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में तेवड़ी के किसान सत्यवान ने बताया कि खेत के कोठरे के अंदर ट्यूबल की मोटर को निकाल कर करीब 2 महीने से कोठरे के अंदर रखा हुआ था। उसके बाद नई मोटर डाल रखी थी। शिकायत में बताया कि 22 मई को सुबह अपने खेत में गया तो मुझे मेरी ट्यूबल की मोनाब्लॉक मोटर और सम्बमर्सिबल की करीब 30 फूट की तार चोरी हुई मिली। अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर मोटर को चोरी किया है। पुलिस ने मामला दर्जकर तलाश शुरू कर दी।

### पुरखास गांव के प्राथमिक स्कूल से दो सिलेंडर व चावल चोरी

**गन्नौर।** पुरखास गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल से मीड डे मील के कमरे का ताला तोड़कर चोर दो गैस सिलेंडर, 100 किलो चावल चोरी कर ले गए। चोरी की शिकायत स्कूल के मुख्य शिक्षक नीरज कुमार ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में शिक्षक ने बताया कि 21 मई को स्कूल में पहुंचा तो देखा कि अज्ञात चोर दरवाजा तोड़कर दो गैस सिलेंडर व 100 किलो चावल चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कृष्णा पब्लिक स्कूल मुरथल में बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**राई।** कृष्णा पब्लिक स्कूल मुरथल में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के चेयरमैन चांदरूप खत्री, निदेशक कविता खत्री व प्रधानाचार्या ममता दहिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं बौद्ध प्रार्थना के बाद भगवान बुद्ध के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार पूर्वक परिचर्चा की गई। भगवान बुद्ध के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्या ममता दहिया ने सहजता सरलता परोपकार सेवाभाव अहिंसा अपरिग्रह सत्यता एवं मानव कल्याण का गुण भगवान बुद्ध के जीवन से अनुशरण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय में बुद्ध जीवन चरित पर आधारित नाटक भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं सहित सभी शिक्षकगण मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी दिखे सबसे बड़ी जीत के प्रति पूर्णतय आश्वस्त

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**प्रचार के अंतिम दिन भाजपा** अन्य दलों से बहुत आगे निकल गए, भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पहली पातशाही गुरुद्वारा साहिब से शुरू कर ऐतिहासिक देवी मंदिर तक जबरदस्त रोड शो निकाल कर भाजपा की सबसे बड़ी जीत सुनिश्चित कर ली। पहली पातशाही गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेक जीत का आशीर्वाद लिए ।गुरुद्वारा साहिब में बड़ी संख्या में सिख संगत ने सिरोपा भेंट कर मनोहर लाल का स्वागत किया

देवी मंदिर पहुंचने पर मन्होर लाल ने मंदिर में मत्था टेक मां का आशीर्वाद मांगा। यहां श्री फल तथा माता की चुनी भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

रोड शो के दौरान मनोहर जबरदस्त प्रश्नचित तथा देश की सबसे बड़ी जीत प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास से भरे दिखे। रोड शो में उमड़ा जबरदस्त जनसैलाब अपने आप में भाजपा की जीत की गवाही दे रहा था। रोड शो में



जगह जगह मनोहर लाला को पुष्प मालाओं, पुष्प गुच्छों , अंग वस्त्रों, शालों तथा तलवारों तथा गद्दा भेंट कर स्वागत किया। जगह जगह रोड शो पर लोग बड़े उत्साह से पुष्प वर्षा कर रहे थे। ईसार बाजार में लोकसभा चुनाव सह संयोजक गजेंद्र सलूजा ने, लैय्या बिरादरी की तरफ से धार्मबीर ढींगड़ा तथा भारी जनसमूह के पगड़ी पहनाकर तथा गद्दा भेंट कर मन्होर लाल का बड़ा स्वागत किया । पूरे रोड शो के दौरान भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के नारों से आसमान गुंजायमान हो रहा था। लोगों में मनोहर लाल से हाथ मिलाने ,राम राम,नमस्ते करने की होड़ सी लग रही थी। रोड शो में इतनी भीड़ थी की चल पाना मुश्किल हो रहा था। रोड शो में रथ पर मनोहर लाल के साथ सांसद संजय भाटिया, हरियाणा सरकार मंत्री महिपाल ढांडा राज्य सभा सांसद कृष्ण लाल पवार ,जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट विधायक प्रमोद कुमार विज तथा मौजूद रहे। रोड शो को संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने कहा की भाजपा एन डी ए के साथियों के साथ 400 सीटों के पार जाएगी। करनाल की सीट भी बहुत बड़ी जीत के साथ चार सौ पार का हिस्सा बनेगी। मनोहर लाल ने रोड शो को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी ने राम मंदिर बनवाने का मार्ग प्रशस्त करा राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करा 550 वर्षो से लगे कलंक को धोया धारा 370 हटा कश्मीर का भारत में पूर्णतय विलय साथ ही दलित भाईयों को उनका हक दिलाया। सी ए ए बना पाकिस्तान , बंगला देश तथा अफगानिस्तान प्रताड़ित हिंदू ,सिख,बौद्ध , जैन तथा ईसाई को बड़ा उपहार दिया है। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाई। उन्होंने कहा की एयर स्ट्राइक,सर्जिकल स्ट्राइक,दोकलाम पांगोंग से चीन को पीछे हटने पर मजबूर कर ताकत वर भारत का परिचय दुनिया को कराया। यूक्रेन रस,यमन ,अफगानिस्तान संकट में बड़ी कुशलता से अपने नागरिकों को निकाला।, राफेल , अपाचे तथा चिकनूक विमानों से सेना को मजबूत किया। महिलाओं को विधायई संस्थाओं में 33 प्रतिशत स्थान देने का नारी वंदन कानून बना कर महिलाओं का सम्मान किया,स्टार्ट अप,मेक इन इंडिया,मुद्रा ,खेल नीति से युवाओं का मान बढ़ाया,किसान सम्मान निधि ! निमकोट उर्वरक, बुवाई के समय न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर किसान कल्याण के काम किया। प्रधान मंत्री आवास योजना, ० प्रधानं मंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना से गरीब व्यक्ति का कल्याण किया । प्रधान मंत्री स्व निधि योजना ,विश्वकर्मा योजना से गरीब का कल्याण किया मनोहर लाल ने अपने उद्बोधन में कहा की ये चुनाव परिवारवादी विचार धारा तथा राष्ट्रवादी विचारधारा का चुनाव है। इंडी, गठबंधन के सभी घटक दल केवल अपने बेटे बेटियों तथा अपने परिवार के विकास के लिए लड़ रहे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा तथा एन डी ए देश के विकास के लिए चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने इंडी गठबंधन तथा कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा की कांग्रेस के राज में नित नए घोटाले होते थे इंडी गठबंधन के दलों के कुछ नेता भ्रष्टाचार के कारण बेल पर है कुछ जेल में । भाजपा के 10 साल के शासन काल कोई एक रुपए का भी भ्रष्टाचार का आरोप किसी मंत्री पर नहीं है उन्होंने कहा की प्रदेश उनसे पूर्व की सरकारों में नौकरियां बिकती थी तथा तबादलों में पैसें का खेल होता था ।भाई भतीजा वाद तथा क्षेत्रवाद चरम पर था ।हमारी सरकार ने बिना खर्ची बिना पर्ची सरकारी नौकरिया दी तथा तबादलों में ऑन लाइन लागू कर भ्रष्टाचार को खत्म किया उन्होंने कहा की उनकी सरकार ने650 से अधिक सेवाएं ऑन लाइन कर के भ्रष्टाचार पर नकेल कसी। उन्होंने कहा की अब लोगों को दफ्तरों के धक्के नहीं खाने पड़ते घर बैठे जाती प्रमाण पत्र,राशन कार्ड आदि सुविधाएं ऑनलाइन मिल जाती है।

## युवतियों व महिलाओं ने ली मतदान करने की शपथ



**पानीपत ,कमाल हुसैन**

**गांव सनौली खुर्द में ग्राम** सुधार युवा मंडल एवं सरस्वती रामलीला समिति, यमुना सुधार समिति के सहयोग से युवतियों व महिलाओं के लिए चलाए, जा निःशुल्क ब्युटिशियन , कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। यह दौरान समाजसेवी पूर्व राष्ट्रीय सेवा कर्मी शिवानी त्यागी नेहरू युवा केन्द्र व यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट ने युवतियों व महिलाओं को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान को बहुत महत्व हैं। हमें जाति, धर्म आदि भेदभाव से उपर उठकर मतदान करना चाहिएं। और साफ स्वच्छ छवी को प्रत्याशी को मतदान करना चाहिएं। हमें बिना किसी भेदभाव को निःसंकोच हो कर निश्पक्ष व भय मुक्त हो कर मतदान करना चाहिएं। इस दौरान प्रभजोत, नेहा, कशिश, मुैकान, अन्नू, सुमन, खुशी, पायल, सोनाक्षी, नेहा, रेखा, बबली, कोमल, संगीता सहित अनेक मौजूद रहे।

## वोटिंग करने के लिए युद्ध स्तर पर चलाया अभियान

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**लोकसभा आम चुनाव** में जिले में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ विरेंद्र कुमार दहिया तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ पंकज यादव ने जिले में सभी शिक्षण संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों, श्रमिको, व्यापारियों, किसानों, यात्रियों सभी को मतदान निमंत्रण, आकर्षक स्लोगन युक्त स्टिकर, पेंटिंग, मेंहदी, रंगोली, सेल्फी प्वाइंट, रैली, एनएसएस कैम्प, इलेक्शन सोंग्स, वीडियो निर्वाचन जागरुक करने वाले एलईडी प्रसारण, स्टंप युक्त संदेश, मॉल्स में सघन अभियान चलाया। इस अभियान के कैंपेनर शिक्षाविद डा. हितेश चंद शर्मा ने सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे बस स्टैंड, बसे, रेलवे स्टेशन, ऑटो स्टैंड, रिक्शा स्टैंड, ज्वैलर्स



शॉप,बुक डिपो, बैग्स शॉप, रेहड़ी, फास्ट फूड पिज्जा बर्गर डिलीवरी ओपीडी सभी जगह आकर्षक स्लोगन युक्त स्टीकर पेस्ट करके सभी मतदाताओं से 25 मई को छोड़ के अपने सारे काम, आओ चलो करे मतदान का आह्वान किया। डा. हितेश ने बताया कि नगर निगम कचरे की गाड़ियां, सभी रोडवेज की बसों में मतदान से ओतप्रोत स्लोगन युक्त स्टिकर पेस्ट किए गए हैं। फास्ट फूड मार्केट, चूड़ी बाजार में भी अभियान चलाकर लोगो को मतदान का निमंत्रण एवम देश के लोकतंत्र के पर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का निवेदन किया। जिला स्वीप नोडल अधिकारी एडीसी डॉ पंकज यादव ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम से उम्मीद है की जिले का मतदान

**अवसर**

**साइट पर अपनी सेल्फी मतदान के बाद शाम 6 बजे तक अपलोड कर पुरस्कार जितने का अवसर भी प्राप्त करेंगे**

प्रतिशत 75 प्रतिशत को पार करने में जिलेवासी अपने घरों से पानी की बोतल, छाता , एपिक कार्ड , मतदान स्लिप लेकर उत्साह उमंग के साथ लोकतंत्र के मेले में मतदान हेतु अपने बूथ पर पहुंच कर गर्व के साथ सीईओहरियाणा की साइट पर अपनी सेल्फी मतदान के बाद शाम 6 बजे तक अपलोड कर पुरस्कार जितने का अवसर भी प्राप्त करेंगे। सभी जिलावासी मतदान कर बिना छुट्टी - वोट करने की ड्यूटी निभाने का संकल्प दोहराएं।

## सोच समझ कर मत देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**हरियाणा ज्ञान विज्ञान** समिति ने, समालखा खंड के विभिन्न गांवों में मतदाताओं को सोच समझ कर मत देने के लिए, जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत पर्चा वितरण तथा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के द्वारा मतदाताओं को अपना मत देने के लिए प्रेरित किया गया। नाटक में दर्शाया गया कि आपका एक-एक मत कीमती है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है। नाटक का मंचन प्रवेश त्यागी के नेतृत्व में शहीद वीरेंद्र नाट्य मंच की टीम द्वारा किया गया । इस अवसर पर हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सचिव वेदपाल ने लोगों का आहवान करते हुए कहा कि आधुनिक भारत का जो सपना हमारे



देश के स्वतंत्रता सेनानियों व क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह व उनके साथियों तथा संविधान निर्माताओं ने देखा था, वह हमारे मत के द्वारा साकार हो सकेगा। हमें जाति धर्म के बहकावे में न आकर, लोभ लालच व भय मुक्त होकर अपने जीवन से जुड़े मुद्दों पर वोट डालकर

**दर्शाया**

**नाटक में दर्शाया गया कि आपका एक-एक मत कीमती है, जिससे लोकतंत्र मजबूत होता है**

सही प्रत्याशी का चुनाव करना चाहिए, हमारा एक-एक वोट देश की एकता, अखंडता, पंथ निरपेक्षता व लोकतंत्र की मजबूती में हमारे भविष्य का निर्माण करेगा।इस दौरान नारायणा, पट्टी कल्याना, राकसेड़ा, ढोढपुर , सिम्भल्गढ़, बसाड़ा नाटक मंचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. इन गांवों में शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के प्रधान मास्टर सतीश देहरा, शीश पाल, शीतल- प्रधान हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति, पानीपत, मदन पाल और सतीश चौहान ने जन सभाओं को संबोधित किया। राकसहेड़ा गांव में ब्लाक समिति सदस्य ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान समालखा के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार और रेहड़ी पटरी वालों के बीच पर्चा वितरण करते हुए जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर मुस्कान, कविता, सूरज कुमारी, अतुल कुमार, सागर, ने कलाकार के रूप में मुख्य भूमिका निभाई. विभिन्न गांवों में सैकड़ो बच्चे, महिला एवं पुरुष दर्शाशक के तौर पर शामिल हुए ।

## ~~नामांकन से पूर्व नायब और मनोहर के भव्य रोड शो में~~



**पानीपत , कमाल हुसैन**

**पीसीसी एकेडमी में** कार्यरत पलक सहगल को बेस्ट टीचर अवार्ड से नवाजा गया इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने पलक की जमकर तारीफ की राजीव ने कहा हमें टीचर का सम्मान करना चाहिए राजीव के अनुसार हर शिक्षण संस्थान को अपने टीचरों को सम्मानित करना चाहिए क्योंकि कोई भी शिक्षण संस्थान तभी बड़ा बनता है जब तक उसमें काम कर रहे शिक्षकों की कड़ी मेहनत ना जुड़े हर स्कूल एवं कॉलेज बच्चों को सम्मानित करता है मेडल एवं ट्रॉफी से नवाजा जाता है बच्चा जब भी कुछ अच्छा कार्य करता है हम उन्हें मंच पर बुलाकर सम्मानित करते हैं हम महीने में कितनी प्रतियोगिताएं करते हैं उन प्रतियोगिताओं में बच्चों को सम्मानित किया जाता है परंतु पूरे देश में टीचरों को सम्मान देने का एक ही दिन रखा गया है 5 सितंबर टीचर डे वाले दिन राजीव परुथी के अनुसार हमें टीचरों को सम्मानित करते रहना चाहिए इस मौके पर शिल्पा परुथी ने कहा पलक सहगल पीसीसी एकेडमी में पिछले 2 सालों से जुड़ी हुई है इसकी कड़ी मेहनत को देखते हुए हमने उसको बेस्ट टीचर अवार्ड से नवाजा है पलक सहगल के कार्य काफी काबिले तारीफ है शिल्पा के अनुसार हर बच्चे के अंदर जोश जुनून होना चाहिए जहां भी कार्य करो कड़ी मेहनत व दिल से लगन

## मनोहर लाल को चुनाव में पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**जिला प्रभारी किसान मोर्चा** पानीपत जगबीर आर्य की अध्यक्षता में सनौली मंडल के ब्लॉक समिति सदस्यों की बैठक होटल जयफूड में हुई सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से करनाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को चुनाव में अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जगबीर आर्य ने कहा कि सनौली मंडल समिति के सभी सदस्य भाजपा के साथ हैं सभी सदस्यों ने विश्वास दिलाया । सभी



सदस्य एक साथ मिलकर मनोहर लाल को करनाल लोकसभा में भारी बहुमत से जीतने के लिए काम करेंगे,और मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाकर देश के हर वर्ग को गोरवन्वित करेंगे । इस बैठक में निम्नलिखित ब्लॉक समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## चार सेंटरों से वितरित होगा पोलिंग स्टेशन के लिए सामान

**मतगणना के लिए भी चिन्हित किए केन्द्र, सुरक्षा व्यवस्था के होंगे पुख्ता इंतजाम**

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चार सेंटरों से पोलिंग स्टेशन हेतु सामान वितरित किया जाएगा। इन सेंटरों से 24 मई को सामान देकर पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों की तरफ रवाना किया जाएगा। इन चुनावों के लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। इन चुनावों को सभी के सांझे प्रयासों से निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाया जाएगा। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए पोलिंग स्टेशन हेतु सामान वितरण करने के लिए चार केन्द्र बनाए गए हैं। डीसी ने कहा कि पानीपत ग्रामीण विधानसभा के लिए एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार को एआरओ बनाया गया है। इस विधानसभा के लिए पोलिंग पार्टियों को आर्य गर्ल्ज सी0से0 स्कूल पानीपत के हॉल से सामान वितरित किया जाएगा और इसी सेंटर पर सामान जमा भी किया जाएगा, पानीपत शहरी विधानसभा के लिए एडीसी पंकज एआरओ होंगे। इस विधानसभा के लिए आर्य पीजी कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हाल से सामान वितरित किया जाएगा और इसी सेंटर पर पोलिंग पार्टियों को सामान जमा करवाना होगा। उन्होंने कहा कि इसराना विधानसभा के लिए एसडीएम ज्योति मित्तल एआरओ होंगी और इस विधानसभा के लिए आर्य पीजी कॉलेज के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के हाल नम्बर एक से सामान वितरित किया जाएगा और इसी सेंटर पर ही मशीनों को जमा किया जाएगा। इसी तरह समालखा विधानसभा के लिए एसडीएम अमित कुमार को एआरओ लगाया गया है। इस विधानसभा के लिए आर्य पीजी कॉलेज के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के हाल नम्बर दो से ईवीएम मशीने वितरित और जमा की जाएगी।

## गंभीर चोट मारने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत ,कमाल हुसैन**

**सीआईए श्री पुलिस टीम** ने इमाम साहिब मोहल्ला में बच्चों की कहासुनी को लेकर हुए झगड़े में गंभीर चोट मारने मामले में तीन आरोपियों को बुधवार देर शाम गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान हनीफ, सुहेल व फैसल उर्फ राज निवासी इमाम साहिब मोहल्ला के रूप में हुई। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक सरिया बरामद कर पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को शीरवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना



औद्योगिक सेक्टर 29 में इमाम साहिब मोहल्ला निवासी जीशान पुत्र इकरार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 31 मार्च को उसके नाबालिग भतीजे केफ 11 का पड़ोसी आहिल के साथ झगड़ा हो गया था। उसके पिता इकरार ने दोनों बच्चों को अलग कर समझा दिया था। रात करीब 9 बजे राजा पुत्र हनीफ, टीटू, हनीफ, सरफराज, पेना, शौकिन, साहाब अपने साथ दो तीन अन्य लड़को को साथ लेकर आए और गली में खड़े होकर गाली गलौच करते हुए परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे। भाई जावेद ने घर के बाहर आकर बच्चों का झगड़ा होने की बात कही। आरोपियों ने तभी जावेद के उपर रॉड से हमला कर दिया। उसकी मां, भाई सारुख, भाभी मंतसा व अंजुमन बचाव करने के लिए आए तो आरोपियों ने उनको भी लाठी डंडो से चोट मारी। गंभीर चोट मारकर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। जीशान की शिकायत पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

## जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र का आधार: जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला निर्वाचन अधिकारी** एवं उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जागरूक मतदाता बने और मतदान के दिन बिना किसी भय, लोभ व लालच के अपने मताधिकार का अवश्य उपयोग करें ताकि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सके। जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में लोकसभा के लिए आम चुनाव विभिन्न चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा जो सुबह 7 बजे शुरू होकर सायं 6 बजे तक चलेगा। लोकतंत्र में मताधिकार सबसे महत्वपूर्ण है। सभी 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक मतदान के दिन अपने वोट का भुगतान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में हर व्यक्ति की भागीदारी होनी जरूरी है। हर मतदाता को जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

**मतदाता पहचान पत्र न होने पर ये दस्तावेज दिखाकर भी किया जा सकता है मतदान:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि अगर किसी मतदाता के पास उसका मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो भी वह चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित किए गए लगभग एक दर्जन दस्तावेज दिखाकर भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। उपायुक्त ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र न होने पर मतदाता अपना पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, अगर आप सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट के कर्मचारी हैं या फिर, पीएसयू और पब्लिक लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे हैं तो कंपनी की फोटो युक्त आईडी, पैन कार्ड, आधार कार्ड, पोस्ट ऑफिस और बैंक द्वारा जारी किया गया।

## संपादकीय

# लोक कल्याण से प्रेरित पत्रकारिता

**मीडिया** का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के साथ अब सोशल मीडिया की भी बाढ़ है। लेकिन यह सब तभी तक सार्थक है, जब तक इनके सामाजिक सरोकार भी है। इसके निर्वाह के लिए भारतीय संस्कृति के प्रति आग्रह आवश्यक है। भारत में देवर्षि नारद ने ही पत्रकारिता का प्रादुर्भाव किया था। उनके चौरासी सूत्र आधुनिक पत्रकारिता के संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उनकी सभी बात आज की मीडिया पर न केवल लागू होती है, बल्कि उनपर अमल से मीडिया को आदर्श रूप दिया जा सकता है। लेकिन आधुनिक वामपंथी खेमे पत्रकारों ने भारतीय संस्कृति की घोर अवहेलना की। उदारीकरण और वैश्वीकरण ने नया संकट पैदा किया है। ऐसे में राष्ट्रवादी पत्रकारिता के महत्व को बनाये रखने की चुनौती है। इसमें धीरे धीरे सफलता भी मिल रही है। देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह संयोग है कि इस दौरान राष्ट्रवादी विचार से प्रेरित अनेक संगठन व संस्थान भी अपना अमृत वर्ष मना रहे हैं। कुछ समय पहले विद्यार्थी परिषद द्वारा अपनी स्थापना के सात दशक होने पर ध्येय यात्रा पुस्तक का लोकार्पण नई दिल्ली में किया गया। राष्ट्र भाव की पत्रकारिता के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है। भविष्य की चुनौतियों का समाना करते हुए लोगों तक गुणवत्तापूर्ण समाचार प्रेषित करना आवश्यक है। भारतीयता को विशेष महत्व देते हुए सत्य, संवाद और सेवा को अपना ध्येय बनाना होगा।वर्तमान समय में पत्रकारिता कई चुनौतियों का समाना कर रही है। प्रिंट, विजुअल और डिजिटल मीडिया के साथ ही लोगों का दृष्टिकोण बदला है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए हुए राष्ट्रवादी पत्रकारिता प्रगति करेगी। पत्रकारिता को धर्म मानकर काम करने वाले ही सफल होते है। राष्ट्रवादी पत्रकारों ने इसी विचार के अनुरूप कार्य किया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आदर्श अपेक्षित हैं। उनके पालन से ही समाज व राष्ट्र का हित सुनिश्चित होता है। इन आदर्शों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। समाचार सम्प्रेषण में स्पष्टता व गुणवत्ता रहनी चाहिए। इससे प्रामाणिकता कायम होती है। साथ ही समाज का भी कल्याण होता है। उसी के आधार पर देश का लोकतंत्र स्वस्थ बना रहेगा। देश के लोकतंत्र का स्वस्थ बने रहना समग्र विकास के लिए आवश्यक शर्त है। समाज जागरूक होकर सही दिशा में चलता है तभी लोकतंत्र सफल होता है। इसी धारणा से कार्य करना चाहिए।आज ऐसी ही ध्येयवादी पत्रकारिता की आवश्यकता है। आज के समय में यह भूमिका और भी अधिक बड़ी हो जाती है। आने वाले समय में भारत का सटीक और सही चित्रण विश्व पटल में रखने की बड़ी भूमिका निभानी होगी। वस्तुतः भारतीय पत्रकारिता का वामपंथी विचारों ने नुकसान किया है। इसके लिए वामपंथियों ने अपना स्वरूप भी बदला है। कार्ल मार्क्स ने आर्थिक आधार समाज की व्याख्या की थी। उसने समाज को दो वर्गों में बांटा था। पहला पूंजीपति और दूसरा सर्वहारा। पूंजीपति सदैव सर्वहारा का शोषण करता है। दोनों में संघर्ष चलता रहता है। यह वामपंथियों, मार्क्सवादियों, माओवादियों, नक्सलियों का मूल चिंतन रहा है। इसमें अनेक बदलाव भी होते रहे। भारत के वामपंथियों ने मीडिया में अपना सांस्कृतिक विचार चलाया है। इसमें मार्क्स का आर्थिक चिंतन बहुत पीछे छूट गया। पूंजीपति और सर्वहारा की बात बन्द हो गई।

# पत्रकारिता को नारदीय आदर्श अपनाने की आवश्यकता

मृत्युंजय दीक्षित

> "महारानी द्रौपदी को पांच पांडवों के साथ रहने का नियम भी नारद जी ने ही बनवाया था जिससे पतिव्रता द्रौपदी और पांचों पांडवों के बीच सामंजस्य का वातावरण बना रहे। नारद जी के व्यक्तित्व व कृतित्व को लेकर भांति - भांति की कथाएं प्रचलित हैं। सभी पुराणों में महर्षि नारद एक मुख्य व अनिवार्य भूमिका में उपस्थित हैं। परमात्मा के विषय में संपूर्ण ज्ञान प्राप्त करने वाले दार्शनिक को नारद कहा गया है।पुराणों में नारद को भागवत संवाददाता भी कहा गया है। यह भी सर्वमान्य है कि नारद की ही प्रेरणा से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य और व्यास ने महाभारत जैसे काव्य की रचना की थी। नारद सदैव ही सामूहिक कल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते थे। नारद में अपार संचार योग्यता व क्षमता थी। आदि पत्रकार नारद जी की पत्रकारिता सज्जन रक्षक व एवं दुष्ट विनाशक की थी।"

**सृष्टिकर्ता** प्रजापति ब्रहमा के मानस पुत्र नारद। महान तपस्वी, तेजस्वी, सम्पूर्ण वेदान्त, शास्त्र के ज्ञाता तथा समस्त विद्याओं में पारंगत नारद। ब्रह्मतेज से संपन्न नारद। नारद जी के महान कृतित्व व व्यक्तित्व पर जितनी भी उपमाएं लिखी जाएं कम हैं। देवर्षि नारद ने अपने धर्म से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त किया । वे प्राणी मात्र के कल्याण के लिए सदा उपस्थित रहे। वे देवता, दानव और मानव समाज के हित के लिये सर्वत्र विचरण, चिंतन व विचार मग्न रहते थे। देवर्षि नारद की वीणा से निरंतर नारायण की ध्वनि निकलती रहती थी। भगवदभक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिए ही नारद का अवतार हुआ। नारद चिरंजीवी हैं। नारद जी का संसार में अमिट प्रभाव है। देव, दानव, मानव सबके सत्कार्यों में देवर्षि नारद सहायक सिद्ध होते हैं ।नारद जी का जीवन जनकल्याण व मंगलमय जीवन के लिये ही है। नारद जी पर नारायण की विशेष कृपा है। वे शत्रु तथा मित्र दोनों में ही लोकप्रिय थे। देवर्षि नारद त्रिकालदर्शी व पृथ्वी सहित सभी ग्रह नक्षत्रों में घट रही घटनाओं के ज्ञाता तो थे ही उनके मन में कठिन से कठिन समस्याओं के समाधान भी चलायमान रहते थे। देवर्षि नारद व्यास, वाल्मीकि, शुकदेव जी के गुरु रहे। नारद ने ही प्रहलाद, ध्रुव, राजा अम्बरीष आदि को भक्ति मार्ग पर प्रवृत्त किया। नारद ब्रहमा, शंकर, सनतकुमार, महर्षि कपिल, मनु आदि बारह आचार्यों में अन्यतम हैं। प्रचलित कथा के अनुसार देवर्षि नारद अज्ञातकुलशील होने पर भी देवर्षि पद तक पहुंच गये थे। बाल्यकाल में भी उनके मन में चंचलता नहीं थी, वे मुनि जनों की आज्ञा का पालन किया करते थे। उनकी अनुमति प्राप्त करके वे बर्तनों में लगी हुई जूठन दिन में एक बार खा लिया करते थे। इससे उनके जन्म के सारे पाप धुल गये। नारद की सेवा से प्रभावित होकर मुनिगण उन पर अपनी कृपा रखने लगे।

संतों की सेवा करते - करते उनका हृदय शुद्ध रहने लगा। भजन - पूजन में उनकी रुचि बढ़ती गयी। उनके हृदय में भक्ति का प्रादुर्भाव हो गया। वे अपनी माता के साथ ब्राहमण नगरी में रहते थे। माता के कारण वे भी कहीं अन्यत्र नहीं जा सके। कुछ दिनों बाद एक दिन उनकी माता को सर्प ने काट लिया जिससे उनकी मृत्यु हो गयी नारद जी ने उसे विधि का विधान



माना और गृह का त्याग करके उत्तर दिशा की ओर चल दिये। इसके बाद उन्होनें अपनी सतत साधना और तपस्या के बल पर देवर्षि का पद प्राप्त किया। किसी - किसी पुराण में देवर्षि नारद को उनके पूर्वजन्म में सारस्वत नामक एक ब्राहमण बताया गया है। जिन्होनें ह्लॐ नमो नारायणायह्व मंत्र के जाप से भगवान नारायण का साक्षात्कार किया। कालांतर में पुनः ब्रहमा जी के दस मानस पुत्रों के रूप में जन्म लिया। नारद शुद्धात्मा, शांत, मृदु तथा सरल स्वभाव के हैं। मुक्ति की इच्छा रखने वाले सभी लोगों के लिए नारद जी स्वयं ही प्रयत्नशील रहते हैं।नारद जी को ईश्वर के प्रत्यक्ष दर्शन होते थे। उन्हें ईश्वर का मन कहा गया है। वे परम हितैषी हैं उनका अपना कोई स्वार्थ नहीं हैं। वे प्रभु की प्रेरणा से निरंतर कार्य करते रहते हैं। नारद जी ने दक्ष प्रजापति के हयाश्व- शबलाक्ष नामक सहस्त्र पुत्रों को अध्यात्म तत्व का पाठ पढ़ाया। देवर्षि नारद ने सभी के लिये भगवदभक्ति का द्वार खोल रखा था। वे जीव मात्र के कल्याण के लिये भगवान नाम कीर्तन की प्रेरणा देते रहते हैं।

देवर्षि नारद का वर्ण गौर सिर पर सुंदर शिखा सुशोभित है। उनके शरीर में एक विशेष प्रकार की उज्जवल ज्योति निकलती रहती थी। वे देवराज इंद्र द्वारा प्राप्त श्वेत दिव्य वस्त्रों को धारण किये रहते हैं। वे अनुषांगिक धर्मों के ज्ञाता थे। नारद लोप, आगम, धर्म तथा वृत्ति संक्रमण के द्वारा प्रयोग में आये हुये एक-एक शब्द की अनेक अर्थो में विवेचना करने में सक्षम थे। कृष्ण युग में गोपियों का वर्चस्व स्थापित किया। प्रथम पूज्य देव गणेश जी को नारद जी का ही मार्गदर्शन प्राप्त हुआ था। देवर्षि नारद स्वभावतः धर्म निपुण तथा नाना धर्मों के विशेषज्ञ हैं।वे चारों वेदों के ज्ञाता हैं। उन्होंने विभिन्न वैदिक धर्मों की मयार्दाएं स्थापित की हैं। वे अर्थ की व्याख्या के समय सदा संशयों का उच्छेद करते हैं। नारद जी के द्वारा रचित अनेक ग्रंथों का उल्लेख मिलता है - जिनमें प्रमुख हैं नारद पंचरात्र,नारद महापुराण,वृहद रदीय पुराण, नारद स्मृति, नारद भक्ति सूत्र, नारद परिवाज्रक उपनिषद आदि। इसके अतिरिक्त नगरीय शिक्षा शास्त्र के साथ ही अनेक स्तोत्र भी नारद जी के द्वारा रचित बताये जाते है। भगवद भक्ति की स्थापना तथा प्रचार के लिये नारद जी का आविर्भाव हुआ। देवर्षि नारद धर्म के प्रचार तथा लोक कल्याण हेतु सदैव प्रयत्नशील रहते थे। इस कारण सभी युगों में सभी लोकों में समस्त विद्याओं में समाज के सभी वर्गों में नारद जी का सदा से प्रवेश रहा है। मात्र देवताओं ने ही नहीं वरन दानवों ने भी उन्हें सदैव आदर किया है। समय -समय सभी ने उनसे परामर्श लिया है। नारद जी भागवत संवाददाता भी थे, संदेश वाहक भी थे और ब्रह्माण्ड के प्रथम पत्रकार भी माने गये। नारद जी के विभिन्न उपनाम भी हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में उन्हें संचारक अर्थात सूचना देने वाला पत्रकार कहा गया है।इसके अतिरिक्त संस्कृत के शब्दकोष में उनका एक नाम ह्वपिशुनह्ल आया है जिसका अर्थ है सूचना देने वाला संचारक, सूचना पहुंचाने वाला ,सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देने वाली है। आचार्य पिशुन से स्पष्ट है कि देवर्षि नारद तीनों लोकों में सूचना अथवा समाचार के प्रेषक के रूप में परम लोकप्रिय थे। वे रामायण युग में भी थे तो महाभारत काल में पांडवों के सबसे बड़े हित साधक भी थे। जनमानस के कल्याणार्थ नारद मुनि ने सत्यनारायण भगवान की कथा, व्रत महात्मय आदि की श्रेष्ठता समाज में स्थापित की। जिज्ञासा प्रकट करने के बाद ही भगवान श्रीहरि ने नारद जी को समस्त पूजा एवं हवन का विस्तार से वर्णन किया और अंत में आश्वस्त करते हुए उनसे कहा कि श्रद्धा पूर्वक किया गया भगवान सत्य नारायण का व्रत सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाला होता है ।महाभारत युग में भी पाण्डवों का हित साधन नारद जी ने ही किया था। महारानी द्रौपदी को पांच पांडवों के साथ रहने का नियम भी नारद जी ने ही बनवाया था जिससे पतिव्रता द्रौपदी और पांचों पांडवों के बीच सामंजस्य का वातावरण बना रहे। नारद जी के व्यक्तित्व व कृतित्व को लेकर भांति - भांति की कथाएं प्रचलित हैं। सभी पुराणों में महर्षि नारद एक मुख्य व अनिवार्य भूमिका में उपस्थित हैं। परमात्मा के विषय में संपूर्ण ज्ञान प्राप्त करने वाले दार्शनिक को नारद कहा गया है ।पुराणों में नारद को भागवत संवाददाता भी कहा गया है। यह भी सर्वमान्य है कि नारद की ही प्रेरणा से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महाकाव्य और व्यास ने महाभारत जैसे काव्य की रचना की थी। नारद सदैव ही सामूहिक कल्याण की भावना को सर्वोपरि रखते थे। नारद में अपार संचार योग्यता व क्षमता थी।आदि पत्रकार नारद जी की पत्रकारिता सज्जन रक्षक व एवं दुष्ट विनाशक की थी। वे सकारात्मक पत्रकार की भूमिका में रहा करते थे। पत्रकार के रूप में काशी, प्रयाग,मथुरा ,गया ,बद्रिकाश्रम, केदारनाथ, रामेश्वरम सहित सभी तीर्थों की सीमा तथा महत्व का वर्णन नारद पुराण में मिलता हैं। देवर्षि नारद जी की पत्रकारिता समाज के लिए हितकारी व दुष्टों का संहार करने वाली थी। नारद जी की पत्रकारिता अध्यात्म पर आधारित थी। उन्होंने स्वार्थ , लोभ, एवं माया के स्थान पर परमार्थ को श्रेष्ठ माना। महान विपत्तियों से मानवता की रक्षा का काम किया।

वर्तमान समय में पत्रकारिता को नारदीय आदर्श अपनाने की आवश्यकता है।

## कविता

### कामनाओं, आकांक्षाओं से मुक्त

नदिया, पहाड़ और झरने
सदैव एक से होते हैं
ना बाढ़ से परेशान
ना सुखे से हलाकान,
पहाड़ चट्टान सदृश्य कठोर
नदियों में निर्बाध प्लावन
झरनों में स्निग्धता।
परिस्थितियों भी
मौसम की तरह है
कभी सावन, कभी
भादो,कभी आषाढ़
कभी भयानक सूखा
कभी भयानक बाढ़,
हे मनुष्य,
जीवन तो जीवन है
तेरा,मेरा नहीं सबका है,
क्यों ना हम निस्पृह रहें,
इन पेड़ों और पत्तियों
टहनियों की तरह
ना बारिश से परेशान
ना पतझड़ से हैरान।
सुख और आनंद
दुख और अवसाद
चाहत का अतिरेक
स्पृहा का मोहपाश
मोह के मायाजाल
का अदृश्य स्वरूप,
कृष्ण ने भी कहा है

संजीव

## माता-पिता की चाहत होती है कि बच्चे आत्मनिर्भर बनें

विजय गर्ग

**माता-पिता** का प्राथमिक; बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे की अच्छी परवरिश हो, वे भविष्य में आत्मनिर्भर बनें और अपना और दूसरों का ख्याल रखें। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आपका बच्चा शुरू से ही आत्मनिर्भर बने तो उसे बचपन से ही कुछ चीजें सिखाएं, ताकि आगे चलकर आपको परेशानियों का सामना न करना पड़े। आत्मनिर्भर व्यक्ति अपने किसी भी निर्णय के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहता। वो मालिक हैमेहनत से आगे बढ़ते हैं. ऐसा व्यक्ति अपने विचारों को दूसरों के साथ साझा करने से नहीं डरता। इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ता है. अगर बच्चे को शुरू से ही यह सिखाया जाए तो ऐसे बच्चे आगे चलकर खूब तरक्की करते हैं। बच्चा अपने निर्णय स्वयं लेना सीखता है। वह सही और गलत के बीच चयन करना सीखता है। वह हर चीज के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहते। घर के कामों में लग जाओ बच्चे को घर के कामों में शामिल करें। बच्चे को बचपन से ही धूल झाड़ना, रसोई में मदद करना आदि गुण सिखाएं, ताकि भविष्य में आपको हर बात के लिए बोलने की जरूरत न पड़े।. सफाई के दौरान बच्चों को पहले झाड़ू लगाने, फिर झाड़ू-पोछा आदि करने का क्रम और साथ ही कूड़े की देखभाल कैसे करनी है, यह भी सिखाना चाहिए। स्वच्छता का मतलब है हर चीज को व्यवस्थित और सही जगह पर रखना। सामाजिक कौशल यदि बच्चा बाहर खेलने जाता है, तो उसे बाहरी सामाजिक कौशल के बारे में सिखाएं, बाहर के लोगों से कैसे बात करें, अपने विचारों को उनके सामने कैसे प्रस्तुत करें। विचारों को लोगों के सामने रखना हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा अच्छे गुणों वाला हो, इसलिए बच्चेउसे हमेशा अच्छे संस्कार सिखाएं और अपने विचारों को खुलकर व्यक्त करने का मौका दें। अपने आप को काम करने दो बच्चे को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहले उसे अपना काम खुद करने दें। ऐसा करते समय उस पर नजर रखें। स्कूल से आने के बाद उसे अपना स्कूल का गाउन, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे उतारकर सही जगह पर रखने दें। ऐसे छोटे-छोटे काम खुद करने की आदत डालें। काम से प्रेम करना होगा घर पर बहुत सारा काम होता है. घर के कामों में हर किसी की भागीदारी जरूरी है, चाहे वह लड़का हो या लड़की। कई माता-पिता केवल लड़कियों से ही पूछते हैंएम पढ़ाता है, लड़के नहीं. हालाँकि, आधुनिक समय में लड़के और लड़कियों दोनों के लिए काम सीखना जरूरी है। कई जगहों पर माता-पिता दोनों या कोई एक काम करता है, लेकिन घर के काम का बोझ मां पर पड़ता है। माता-पिता दोनों को मिलकर काम करना चाहिए और बच्चों को भी इसमें शामिल करना चाहिए। इससे काम तो जल्दी हो जाएगा ही, इस तरह बच्चों में शौक और परिश्रम का भी विकास होगा। आप खुद काम करते हुए बच्चों को बिना डांटे या गुस्सा किए पढ़ाएं और उनसे संबंधित काम में मदद लें।

## विचार

### प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने नई चुनौतिंयाँ ?

ेसंजीव

**ब्रिटेन** की समाचार न्यूज एजेंसी के अनुसार ब्रिटिश इतिहास के 127 सालों में 42 वर्षीय ऋषि सुनक सबसे युवा प्रधानमंत्री बने हैं और उन्हें बोरिस जॉनसन तथा लीज ट्रस के इस्तीफे के बाद विरासत में प्रधानमंत्री का पद प्राप्त हुआ है। कोविड-19 के समय ऋषि सुनक ने वित्त मंत्री रहते हुए ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति को वहां के उद्योगपतियों तथा पर्यटन, होटल एजेंसी के साथ मिलकर काफी हद तक संभाल कर रखा था। अब ब्रिटेन की खराब अर्थव्यवस्था का भारी-भरकम बोझ ऋषि सुनक के कंधे पर आ गया है। खराब अर्थव्यवस्था ऋषि सुनक के लिए आगामी आने वाले जनवरी 2025 को आम चुनाव में बड़ी परेशानी का सबब बन सकता है। ऋषि सुनक को आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए ट्रबल शूटर की हैसियत से प्रधानमंत्री बनाया गया था। ब्रिटेन की एक सर्वे न्यूज एजेंसी द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार अपनी कंजरवेटिव पार्टी को वर्तमान में मजबूत बनाने के लिए काफी कवायद करनी पड़ सकती है क्योंकि सर्वे ने बताया है कि सुनक अपनी ब्रिटेन की संसदीय सीट को आम चुनाव में गंवा सकते हैं क्योंकि कुछ महीने पहले की घटनाक्रम में पहले लिस ट्रस से पिछड़ने और फिर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद ऋषि सुनक के सामने नई नई मुसीबतें सामने आई है। ब्रिटेन में आम चुनाव 2025 में आयोजित हैं और कंजरवेटिव पार्टी की छवि बहुत अच्छी नजर नहीं आ रही है। सर्वे एजेंसी के अनुसार यह सर्वे में ऋषि सुनक अपनी ब्रिटेन की संसदीय सीट को आम चुनाव में कमजोर हो सकती हैं क्योंकि विपक्ष की लेबर पार्टी को प्रधानमंत्री के सत्तारूढ़ कंजरवेटरी से बहुत ज्यादा अंक प्राप्त हुए हैं। सावंत के प्रवक्ता के अनुसार लेबर पार्टी 314 सीटों के बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हो सकती है। यार्क शायर ऋषि सुनक का निर्वाचन क्षेत्र है अपनी निर्वाचन सीट तथा लिंकनशायर के उत्तर में अन्य सभी सीटों सहित रूढ़िवादी लगभग 300 सीटें गंवा सकते हैं। ब्रिटेन की न्यूज एजेंसी सावंता के विगत समय तक किए गए सर्वे के अनुसार 7 हजार नागरिकों बातचीत के आधार पर एक विस्तृत डाटा तैयार किया गया है। सर्वे में लेबर पार्टी कंजरवेटिव पार्टी पर बढ़त दिखाई गई है जिसके परिणाम स्वरूप ऋषि सुनक को आने वाले समय में सत्ताधारी दल की बढ़त को बढ़ाएं रखने में और कंजरवेटिव पार्टी की किस्मत को बनाने में काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। उल्लेखनीय है कि सत्तारूढ़ कंजरवेटिव यानी टोरी पार्टी की लोकप्रियता धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऋषि सुनक को खराब अर्थव्यवस्था विरासत में मिलना भी एक बड़ा कारण भी है। हालांकि ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी यानी टोरी पार्टी वर्ष 2010 ब्रिटेन की सत्ता में काबिज है और 4 बार आम चुनाव में जीत हासिल कर चुकी है। 4 बार जीतने के बाद भी अब कंजरवेटिव पार्टी की पकड़ ब्रिटिश नागरिकों पर कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। ऋषि सुनक युवा है और अच्छे अर्थशास्त्री भी, अब देखना यह है कि ऋषि सुनक चुनाव की चुनौती को किस तरह अपनी पार्टी के हक में दिशा दे पाते हैं कि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था बहुत निचले स्तर पर पहुंच गई है बेरोजगारी तथा महंगाई तथा पेट्रोल, डीजल, बिजली के दाम तब तक की चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं। ब्रिटिश गवर्नमेंट की अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए बैलेंस आफ ट्रेड और उत्पादन को 2 साल में तेजी से विकसित करना होगा। कोविड-19 के काल में ब्रिटेन को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा था पर अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए तत्कालीन वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने वहां के उद्योगपतियों, पर्यटन तथा होटल उद्योग को विकसित कर कोविड-19 काल में वित्तीय स्थिति को काफी सहारा दिया था। अब ऋषि सुनक के सामने अनेक चुनौतियां आ गई है ऋषि सुनक को न सिर्फ लेबर पार्टी से चुनौती मिल रही है बल्कि उन्हें अपनी पार्टी के सांसदों का 100% समर्थन भी प्राप्त नहीं हो रहा है। ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बने रहने के साथ-साथ उन्हें अपनी पार्टी की लोकप्रियता को बढ़ाने में अपनी पार्टी के सांसदों का विश्वास मत भी हासिल करना होगा तब जाकर आगामी 2025 जनवरी को सत्तारूढ़ पार्टी यानी कंजरवेटिव पार्टी चुनाव में जीत हासिल कर सकेगी।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

### छात्र ऑनलाइन इंटर्नशिप का विकल्प चुन रहे हैं

विजय गर्ग

**आज** के तेजी से विकसित हो रहे शैक्षिक परिदृश्य में, छात्र अपने भविष्य के करियर को आकार देने में सक्रिय भागीदारी के महत्व को तेजी से पहचान रहे हैं। अपनी व्यावसायिक आकांक्षाओं के लिए "दरवाजा बनाने" की कहावत को अपनाते हुए, स्कूली छात्र मूल्यवान अनुभवात्मक सीखने के अवसर प्राप्त करने और खुद को गतिशील नौकरी बाजार के लिए तैयार करने के साधन के रूप में ऑनलाइन इंटर्नशिप की ओर रुख कर रहे हैं जो स्नातक होने पर उनका इंतजार कर रहा है। हाल के वर्षों में ऑनलाइन इंटर्नशिप की प्रासंगिकता में वृद्धि देखी गई है, जिससे स्कूली छात्रों को पारंपरिक व्यक्तिगत प्लेसमेंट से परे कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। लचीलापन और पहुंचः निश्चित शेड्यूल के साथ पारंपरिक इंटर्नशिप के विपरीत, ऑनलाइन इंटर्नशिप छात्रों को उनके शेड्यूल को समायोजित करने के लिए लचीला कार्य वातावरण प्रदान करती है। यह लचीलापन उन्हें कक्षाओं या पाठ्येतर गतिविधियों जैसी अन्य प्रतिबद्धताओं को संतुलित करते हुए उनकी एकाग्रता के चरम घंटों के अनुसार उत्पादकता को अनुकूलित करने की अनुमति देता है।

इसके अतिरिक्त, वर्चुअल इंटर्नशिप से जुड़े आवागमन के समय की अनुपस्थिति छात्रों की अपनी भूमिकाओं के लिए समय समर्पित करने की क्षमता को और बढ़ा देती है। कौशल विकासः अपनी रुचि के क्षेत्र से जुड़े कार्यों में संलग्न होकर, प्रशिक्षु व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं और पेशेवर सफलता के लिए आवश्यक आवश्यक दक्षताओं को निखारते हैं। सौंपी गई परियोजनाओं को दूरस्थ रूप से पूरा करने में पहल और आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन करके, प्रशिक्षु विविध कार्य वातावरण में पनपने के लिए अपनी तत्परता प्रदर्शित करते हैं। ये अनुभव न केवल उनकी विशेषज्ञता को गहरा करते हैं बल्कि उनके बायोडाटा को भी मजबूत करते हैं, जिससे वे प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजारों में अलग हो जाते हैं। भौगोलिक सीमाओं से परे प्रतिभा तक पहुंचः ऑनलाइन इंटर्नशिप नियोक्ताओं को भौगोलिक सीमाओं से परे प्रतिभा के विविध पूल तक पहुंच प्रदान करती है।

### लीक से हटकर

डॉ. सुरेश कुमार

स्टाफ रूम में बैठे भवानीदास कक्षा की तैयारी कर रहे थे। यह देख उनके साथी अध्यापक मोहन ने उन्हें टोका- ह्लआप हर दिन कक्षा में इतना गला फाड़कर पढ़ाते हैं। इसका कोई फायदा भी है? जो पढ़ने वाला होगा वही पढ़ेगा। बाकियों को पढ़ाने का क्या मतलब? न उन्हें कुछ आता है न जाता है। आप इतनी मेहनत करते ही क्यों हैं? आपकी वजह से हमारा जीना दुश्वार हो गया है। वैसे भी स्तरहीन बच्चों को जितना भी पढ़ाएँ, आखिरकार बनना तो उन्हें बेरोजगार ही तो है। दो-चार जरूरी प्रश्न पढ़ाकर उनसे पिंड छुड़ाइए। काहे को बेवजह का टिटिम्मा पालकर रखे हैं। कौनसा इन्हें आगे चलकर झंडे गाड़ना है। अंकों की होड़ ने तो शिक्षा को कब का मूल्यहीन बना दिया है। ऐसी शिक्षा भी कोई शिक्षा है? बात-बात में प्रधानाध्यापक आपका नाम ले-लेकर हमारी नाक में दम कर रखे हैं। हम आपके हाथ जोड़ते हैं। बच्चों को जितनी आवश्यकता है उतना ही पढ़ाइए। हद से ज्यादा पढ़ाने के चक्कर में हमारा बोरिया-बिस्तरा गोल मत कीजिए। भवानीदास चुप थे। अपने साथी अध्यापक की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे। फिर एक लंबी सांस लेते हुए कहा - ह्लकभी आपने चींटियों की लाइन देखी है? नहीं न? यदि देखी होती तो आप इस तरह मुझसे खीझकर बातें नहीं करते। चींटियों की वैसे तो कई खूबियाँ हैं। उनमें एक खूबी यह भी है कि वे अनुशासन के साथ कतार में चलने की सीख देती हैं। जो चींटी सबसे आगे होती है, वह पीछे-पीछे चलने वाली चींटियों को रास्ता बताते हुए चलती है। वह बड़ी समझदार, जागरूक तथा बुद्धिमान होती है। मात्र उसे ही मंजिल का पता होता है, सो पीछे वाली चींटियाँ उसका देखा-देखी कर पीछे-पीछे चल पड़ती हैं। गौर करने वाली बात यह है कि सभी चींटियाँ मेहनत कर रही हैं।

किंतु रास्ता केवल एक को पता है। यदि बाकी की चींटियाँ उसका ठीक-ठीक पालन करेंगी तो अगली बार उन्हें किसी के पीछे चलने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथी अध्यापक ने सारी बातें ध्यान से सुनी। किंतु अपनी खीझ का इन बातों से संबंध जोड़ नहीं पाए। उनके चेहरे पर उभरे प्रश्नचिह्न को देखकर भवानीदास समझ गए।

## न्यूज फ्लैश

### मतदान के मद्देनजर धारा १४४ लागू करने के आदेश जारी

**फरीदाबाद ।** **जिलाधीश** एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने हरियाणा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए जिला में भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली १९७३ के तहत धारा १४४ लागू करने के आदेश जारी किए है। उन्होंने बताया कि ये आदेश २३ मई को सायं ६ बजे से २५ मई को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने तक प्रभावी रहेंगे। गुरुवार को जारी आदेशों के अनुसार मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने तक किसी भी व्यक्ति के सार्वजनिक तौर पर बैठक, पब्लिक मीटिंग या संबोधन करने पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि तनाव, परेशानी, साधारण दिनचर्या में बाधा जानमाल की हानि, शांति व्यवधान और दंगे होने की आशंका में सार्वजनिक स्थानों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखनी अति आवश्यक है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के मुताबिक मतदान प्रक्रिया समाप्ति के ४८ घंटों की अवधि के दौरान गैरकानूनी सभा और सार्वजनिक बैठक पर पाबंदी रहेगी। इस प्रकार की बैठकों से तनाव, गड़बड़ी व झगड़े की संभावना बनी रहती है जिससे मानव जीवन और संपत्ति के नुकसान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### पंजाबी समाज ने फूंका एनसीपी उम्मीदवार वीरेंद्र वर्मा का पुतला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** **करनाल लोकसभा** क्षेत्र से एनसीपी-आइएनएलडी के संयुक्त उम्मीदवार मराठा वीरेंद्र वर्मा की मुश्किलें बढ? वाली हैं। मराठा वीरेंद्र वर्मा द्वारा पंजाबी समाज के साथ-साथ कांग्रेस और भाजपा लोकसभा उम्मीदवारों को भी झांगी कहे जाने से करनाल में पंजाबी समाज के लोगों में गुस्सा है। बुधवार शाम को जहां समाज के लोग को घरौंडा के एसडी मंदिर चौक पर एकत्रित हुए और मराठा को अपने शब्दों के लिए समाज से माफी मांगने के लिए कहा है। वहीं आज दोपहर को कमेटी चौक पर समाज के लोगों द्वारा प्रदर्शन कर मराठा का पुतला फूंका गया। साथ ही निर्वाचन आयोग को भी मराठा की शिकायत कर उनके नामांकन रद्द करने की मांग की है। बुधवार की देर शाम अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा हरियाणा के प्रधान शेरू विग के नेतृत्व में पंजाबी समाज के लोग एकत्रित हुए। शेरू विग ने कहा कि मराठा वीरेंद्र वर्मा ने समाज के लिए जिस शब्द का इस्तेमाल किया हैए वह निंदनीय है और मराठा समाज के भाईचारे को तोड?ा चाहते हैं। सिर्फ एक व्यक्ति की वजह से हमारा भाईचारा खराब हो रहा है और ऐसे व्यक्ति का पंजाबी समाज खुला विरोध करता है। हमारा सभी बिरादरियों से भाईचारा है, एक दूसरे के सुख दुख में भी खड़े होते हैए लेकिन कभी किसी के प्रति इस तरह की हीन भावना न तो हमारे मन में आई और न ही किसी दूसरे के मन में, लेकिन मराठा ने शब्दों की सीमाओं को लांघकर समाज को आहत करने का काम किया है।

### एईएसएल के क्षेत्रीय निदेशक श्री परमेश्वर झा ने कुरूक्षेत्र में एक प्रेरक सत्र का आयोजन किया

**कुरुक्षेत्र।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) द्वारा कुरुक्षेत्र शाखा के छात्रों और अभिभावकों के लिए एक प्रेरक सत्र आयोजित किया गया था। प्रेरक सत्र में 1000 से अधिक छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के वक्ता आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर,नार्थ, श्री परमेश्वर झा थे, जिन्होंने छात्रों को एक उत्साहवर्धक और प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि छात्र को अपनी तैयारी के प्रति कितना प्रतिबद्ध होना चाहिए और कैसे रचनात्मक परिवर्तन किसी को उज्जवल और अधिक सफल बना सकते हैं।इस कार्यक्रम में एम्स, आईआईटी आदि जैसे सबसे प्रतिष्ठित कॉलेजों से मेडिकल और इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने वाले 50 से अधिक आकाशियन पूर्व छात्रों,विद्यार्थियों के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। श्री झा ने छात्रों को एनईईटी और आईआईटी जेईई को क्रैक करने के तरीके के बारे में भी प्रेरित और मार्गदर्शन किया और कैसे उचित मार्गदर्शन, मार्गदर्शन, स्व-अध्ययन और माता-पिता, शिक्षकों और अंततः भगवान के आशीर्वाद से कोई अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर भी प्रकाश डाला कि टॉपर्स और सफल छात्र दूरदराज के स्थानों और स्थानों से भी आ सकते हैं और बड़े शहरों में जाना जरूरी नहीं है। इस कार्यक्रम ने छात्रों को सकारात्मक दिमाग से प्रेरित होने और मेडिकल/इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपने महत्वाकांक्षी करियर के सपनों को पूरा करने में उनकी तीव्रता में सुधार करने में मदद की। माता-पिता और छात्रों ने अपनी संतुष्टि और खुशी व्यक्त की और उन्हें सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने और इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्रों में उनके सपनों को हासिल करने में मदद करने के लिए आकाश इंस्टीट्यूट की टीम और प्रणाली को धन्यवाद दिया।
सत्र का समापन लक्ष्यों पर टिके रहने और अपने सपनों को हासिल करने में लगे रहने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ।




# महाभारत की धरती हरियाणा में होगी बीजेपी के अन्याय पर न्याय की जीत: प्रियंका गांधी

**पानीपत, कमाल हुसैन**

**हरियाणा की जिस** धरती ने महाभारत काल में अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश दिया था, वहीं धरती इसबार बीजेपी के अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश देगी। यह कहना है कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का। प्रियंका गांधी आज पानीपत में चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंची थीं। इस मौके पर उन्होंने करनाल से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा के लिए लोगों से वोट की अपील की। उनके साथ रैली में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अपने संबोधन में प्रियंका गांधी ने कहा कि हरियाणा के किसान और मजदूर खेत में पसीना बहाकर देश का पेट पालते हैं। लेकिन बीजेपी ने बार-बार इन किसानों पर लाठी, आंसू गैस और गोलियां बसाई। किसानों को अपने देश की राजधानी दिल्ली जाने से रोका गया। एक साल से ज्यादा किसान दिल्ली बॉर्डर पर बैठे रहे। देश के सभी वर्ग किसानों के साथ थे। कांग्रेस और हरियाणा से सांसद दीपेंद्र हुड्डा आंदोलन में किसानों के साथ बैठे। लेकिन बीजेपी ने अन्नदाता के प्रति हमदर्दी दिखाने की बजाय उन्हें देशद्रोही बोलकर अपमानित किया। आंदोलन में 750 किसान शहीद हो गए। यूपी के मंत्री के बेटे ने 4 किसानों को कुचल डाला। लेकिन आज तक सरकार ने उस मामले में पीड़ितों को न्याय नहीं दिया। जब हम पीड़ित परिवारों से मिलने लखीमपुर खीरी गए तो हमें रास्ते में रोका गया और गिरफ्तार कर लिया गया। इससे बीजेपी की किसान, मजदूर और गरीब विरोधी मानसिकता का पता चलता है। प्रियंका गांधी ने कहा कि बीजेपी ने कभी कर्ज के तले डूबकर आत्महत्या करने को मजबूर किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। जबकि 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड रुपया माफ कर दिया। मोदी सरकार ने किसानों पर जीएसटी थोप दी और एमएसपी देने से इंकार कर दिया। सरकार खेत और मंडी में किसानों का शोषण कर रही है तो किसान के बेटों का शोषण करने के लिए अग्निवीर योजना को लागू किया गया। आज देश में बेरोजगारी ने 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कांग्रेस इसपर नकल करने के लिए केंद्र में 30 लाख पदों पर पक्की नौकरियां देगी। अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा। किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्जमाफी का लाभ दिया जाएगा।



## योग को सभी अपने जीवन में शामिल करें: दिनेश गुलाटी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अन्तर्गत लगाई जा रही कक्षाओं में संजीवनी योग कक्षा बैंक कॉलोनी पार्क में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के निर्देशन में यह कक्षा आज निर्विघ्न रूप से चलाई जा रही है। उन्होंने यहां पहुंचकर साधकों को यौगिक क्रियाओं तथा ध्यान, प्राणायाम का अभ्यास करवाया। समाजसेवी सतीश भाटिया यहां विशेष रूप से मौजूद रहे। योग शिक्षक एसपी शर्मा प्रतिदिन साधकों को योग करवा रहे हैं। सहयोगी के रूप में शिक्षक पवन सैनी ने भी मौजूद साधकों को योग की क्रियाएं समझाई। दिनेश गुलाटी ने कहा कि मिशन स्वस्थ भारत को एक संकल्प के साथ आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि योग को सभी अपने जीवन में शामिल करें। योग के अनगिनत लाभ हैं, जिन्हें योग को अपनाने के बाद ही महसूस किया जा सकता है। उन्होंने योग के महत्व, उपयोगिता और योग से स्वस्थ और निरोगी रहने की बात कही।

## लोस चुनाव को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**शांतिपूर्ण चुनाव को** लेकर राजस्थान पुलिस कंपनी ने इंस्पैक्टर विजय पाल के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। समालखा रेलवे रोड सहित महावटी, देहरा, आट्टा, गढ़ी छाज्जू, चुलकाना आदि गांवों में मार्च निकाला गया। इस दौरान उनके साथ डीएसपी समालखा नरेन्द्र कादियान, एसएचओ फूल कुमार, चौकी इंचार्ज समालखा वीरेन्द्र, चौकी इंचार्ज हथवाला कुलदीप, चौकी इंचार्ज हलदाना राजबीर, दलबीर भी मौजूद रहे। डीएसपी नरेन्द्र कादियान ने कहा कि ये लोकतंत्र का पर्व है और इससे लोकतंत्र और मजबूत होगा। हमें शांतिपूर्ण तरीके से अपने मत का प्रयोग करना चाहिए।

## राष्ट्रहितैषी सरकार को चुनकर देश को आगे बढ़ाने में करें सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और इसमें सभी को भाग लेकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। मतदान कर एक ऐसी सरकार चुनें, जो राष्ट्रहित के बारे में सोचे और देश को आगे बढ़ाने का काम करें। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नई बुलंदियां हासिल की हैं। मनोहर लाल बृहस्पतिवार को नेवल गांव के एक निजी पैलेस में गुरप्रीत भिंडर द्वारा आयोजित सर्व समाज सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का कार्यक्रम में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। मनोहर लाल ने कहा कि 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनाएं, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ता रहे। मनोहर लाल ने कहा कि प्रचार अभियान के बाद अब पोलिंग बूथ की जिम्मेदारी सतर्कता से निभानी है। शहर, गांव व गलियों में जाकर कार्यकर्ता मतदाताओं को घरों से बाहर निकालकर मतदान के लिए प्रेरित करें जितना अधिक मतदान होगा उतनी ही मजबूत सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को मतदान जरूर करना चाहिए। एक अच्छी सरकार के लिए बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूरी होता है। इसलिए सभी अपने बुजुर्गों को मतदान जरूर करवाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव हर वर्ग का सम्मान किया है और सभी को साथ लेकर चलती आई है। कांग्रेस ने आज तक देश की जनता को बांटने का काम किया है लेकिन भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम करती है। भारतीय जनता पार्टी आज जनता के आशीर्वाद से दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। मनोहर लाल ने कहा कि 10 साल पहले हमारा देश अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान पर था।



## हन्नी बंसल एंटी करप्शन इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए युवा समाजसेवी हन्नी बंसल को राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गर्ग ने हन्नी बंसल को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि हन्नी बंसल युवा समाजसेवी है जोकि युवाओं को फाउंडेशन के माध्यम से सही दिशा देने का कार्य करेंगे। हन्नी बंसल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। राजेश गर्ग ने कहा की फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा के प्रकल्पों के अंतर्गत सरकारी स्कूल के जरुरतमंद विद्यार्थियों की हर प्रकार की मदद एंव लोगों की सहायता, गरीब कन्याओं की शादी में मदद करवाना आदि शामिल हैं।

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास कार पर पलटा कैंटर, एक की मौत

**गन्नौर ।**

**जीटी रोड** पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के निकट कैंटर पलटने से उसके नीचे एक कार दब गई। इस हादसे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार एक व्यक्ति कार के नीचे दब गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए। तीनों व्यक्ति आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए थे। वीरवार को वह कुरूक्षेत्र के प्रत्याशी सुशील गुप्ता के चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने के बाद दिल्ली लौट रहे थे, लेकिन बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के निकट वह इस हादसे का शिकार हो गए। सूचना के बाद बड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सोनीपत के अस्पताल में भिजवाया। इसके बाद पुलिस ने क्रेन बुलवा कर कैंटर के नीचे दबी कार को बाहर निकलवा कर उसमें फंसे व्यक्ति के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिल्ली के रोहिणी का रहने वाले जगमोहन सहगल, दिल्ली के पंजाबी बाग का रहने वाले जितेंद्र व पानीपत के रामलाल कार में सवार होकर कुरूक्षेत्र में पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सुशील गुप्ता के चुनाव प्रचार में हिस्सा लेने गए थे। वीरवार को वह कार से वापिस दिल्ली लौट रहे थे। जब वे बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास पहुंचे तो अचानक से एक तेज रफ्तार कैंटर आया और संतुलन बिगड़ने के कारण सीधे उनकी कार पर पलट गया, जिससे उनके कार कैंटर के नीचे बुरी तरह से दब गई। इस हादसे में जगमोहन सहगल कार में बुरी तरह से फस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जितेंद्र व रामलाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के तुरंत बाद बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से घायल जितेंद्र व रामलाल को कार बाहर निकाल कर अस्पताल भिजवा दिया। वहीं जगमोहन सहगल के शव को कड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकलवाया। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। बड़ी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है।



**स्वजन को किया सूचित**

बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि मृतक जगमोहन दिल्ली के कारोबारी हैं।

## निफा ने मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निफा की करनाल** शाखा की ओर से आज मतदाता जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए सेक्टर 13 की कालरा मार्केट में लोगों को राष्ट्र हित में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अभियान की शुरूआत नव चेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने की और इस अभियान को देश हित का अभियान बताया। निफा के सदस्य, संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु के नेतृत्व में कालरा मार्केट में इक्ा हुए व मार्केट में आने वाले नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर लोगों में, मैं हूँ लोकतंत्र प्रहरी के सेल्फी स्टैंड के साथ सेल्फी लेने का उत्साहित नज? आया व सेल्फी लेने वाले सभी नागरिकों को निफा की ओर से बैज लगाकर सम्मानित किया गया। निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि करनाल के लोग राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने वाले जिम्मेदार नागरिक हैं व राष्ट्र व समाज की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। ऐसे में करनाल में मतदान प्रतिशत का कम होना, हम सभी के लिए विचारणीय है। उन्होंने कहा कि दानवीर कर्ण की नगरी करनाल इस बार मत के दान में भी सबसे आगे रहे, इसके लिए हर नागरिक को बढ़ चढकर लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार का हिस्सा बनना होगा।

निफा संयोजक एडवोकेट नरेश बराना ने कहा कि आने वाली 25 मई को हर नागरिक अपने कर्तव्य का निर्वहन करे व घर से निकल कर वोट डालने जरूर जाये। निफा के सह सचिव जसविंदर सिंह बेदी ने पहली बार वोट डालने वाले युवाओं को वोट देने के बाद अपनी सेल्फी को शेयर कर इस खुशी को मनाने की सलाह दी। स अवसर पर निफा के वरिष्ठ सलाहकार हरीश शर्मा, सलाहकार भूपिंदर सिंह, जिला सचिव हितेश गुप्ता, उप प्रधान अरविंद संधु, शहरी प्रधान मनिंदर सिंह, युवा विंग जिला प्रधान दुर्गेश बराना, लोकेश ने हाथों में मतदान जागरूकता के नारे लिखी तख्तियां लेकर लोगों को उनके कर्तव्य की याद दिलाई।




## पोलिंग पार्टियों व माइक्रो ऑब्जर्वर की हुई फाइनल रेंडमाइजेशन

**सोनीपत।**

**सोनीपत लोकसभा की** सामान्य पर्यवेक्षक डॉ० मंजुला एन व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार की देखरेख में सोनीपत की सभी छः विधानसभाओं के 1260 मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियों और क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की फाइनल रेंडमाइजेशन की गई। इस दौरान जिला की सभी छः विधानसभाओं में 10 प्रतिशत पोलिंग पार्टियों को रिजर्व रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रेंडमाइजेशन के बाद सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्र अलॉट हो गए है अब 24 मई को ये सभी पार्टियां बिट्स कॉलेज मोहाना पहुंचकर मतदान के लिए ईवीएम व अन्य चुनाव सामग्री प्राप्त करेंगी और शाम को अपने मतदान केन्द्रों के लिए रखना होगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को सुबह 07 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और यह मतदान प्रक्रिया शाम 06 बजे समाप्त होगी। इस मौके पर गोहाना अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, सीईओ जिला परिषद डॉ० सुशील कुमार, एसडीएम गोहाना विवेक आर्य, एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर, एसडीएम खरखौदा श्वेता सुहाग, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त रेणुका, डीआरओ हरिओम अत्री, निर्वाचन तहसीलदार दिनेश शर्मा तथा डीआईओ विशाल सैनी सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।




## मोदी ने 10 साल में जो काम किए वह कांग्रेस 100 साल में भी नहीं कर पाएगी : मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** और करनाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल ने गुरुवार चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। मनोहर लाल ने सुबह से ही करनाल लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। मनोहर लाल ने असंध के फफड़ाना, पधाना, सलवान, कुरलन और राजपुर जाटान समेत कई गांवों में जाकर वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में आपके समर्थन और भरोसे का सागर उमड़ रहा है, खेत खलिहान से लेकर घर आंगन तक सब जगह कमल के फूल की ही महक है। उन्होंने रोड और जनसभाओं में लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मनोहर लाल ने कहा कि मोदी जी ने 10 साल में जो काम किए, वह कांग्रेस 100 साल में भी नहीं कर पाएगी। इसलिए मैं आप सभी से अपील इकरता हूं कि 25 मई को अपने भाई, बेट मनोहर लाल को बड़े मार्जन से जीत दिलाकर दिल्ली भेजें, ताकि जो काम रह गए हैं, उन्हें भी जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ साल में प्रदेश की भाजपा सरकार ने गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के उत्थान के काम किए। पूर्व की कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार का बोल बाला था। पहले युवाओं को खर्ची.पर्ची से नौकरी मिलती थी। कांग्रेस सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश हर जन त्रस्त था। 2014 में भाजपा सरकार आने के हमने प्रदेश से भ्रष्टाचार खत्म किया। अब युवाओं को मेरिट के आधार पर दे रही नौकरी दी जा रही है। भाजपा सरकार महिलाओं, किसानों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए योजनाएं लेकर आई है। गरीबों का उत्थान किया है।



**तेज गति से आगे बढ़ रहा हरियाणा**

पूर्व सीएम ने कहा कि आज हरियाणा तेज गति से विकास कर रहा है। लोगों स्वास्थ्य के लिए चिराग आयुष्मान योजना लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हरियाणा ही नहीं पूरा देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मोदी ने मुझे टिकट देकर भेजा है। इसके बड़े मायने हैं। एक दिन पहले ही केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी कहा था कि आप मनोहर लाल को सिर्फ सांसद ही नहीं चुन रहे हैं आप कुछ और ही चुन रहे हैं। मनोहर लाल ने कहा कि हम प्रदेश की सभी 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतेंगे। करनाल विधानसभा का उपचुनाव भी हम जीतेंगे और देश में भाजपा की मजबूत सरकार बनेगी। करनाल में दो कमल के फूल खिलेंगे। मनोहर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 को हटाया, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ।

## आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिलाधीश एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 25 मई को मतदान होगा। इसके लिए लोकसभा क्षेत्र में 2027 मतदान केंद्रों की स्थापना की गई है। इस बात की संभावना है कि स्थापित मतदान केंद्रों पर लोगों की भीड़ हो सकती है और कुछ लोग मतदाताओं के सुचारू प्रवाह में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास कर सकते हैं तथा मतदान केंद्रों के आसपास निषिद्ध क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने का प्रयास कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कानून एवं व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए गए है।जिलाधीश ने जारी आदेशों में कहा है कि भारत के चुनाव आयोग ने कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा मतदान केंद्रों के आसपास निषिद्ध क्षेत्र में चुनाव प्रचार की रोकथाम तथा उम्मीदवारों/ राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव बूथ स्थापित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, भारत के चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा पूरे करनाल जिला में मतदान केंद्रों के आसपास निषिद्ध क्षेत्र में चुनाव प्रचार की रोकथाम के लिए तत्काल निर्देश जारी किए गए है। इन आदेशों के तहत राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों द्वारा मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी के भीतर कोई भी बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा। यहां तक कि जहां एक ही मतदान केंद्र परिसर में एक से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, ऐसे परिसर से 200 मीटर की दूरी से परे मतदान केंद्रों के ऐसे समूह के लिए उम्मीदवार का केवल एक बूथ होगा, प्रत्येक बूथ पर केवल एक मेज और दो कुर्सियां उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनके साथ बूथ पर उन कुर्सियों पर बैठे दो व्यक्तियों को मौसम की स्थिति से बचाने के लिए एक छाता या तिरपाल या कपड़े का टुकड़ा होगा।

# बंतो की जीत के लिए एक मंच पर आए विनोद

### लालों के लाल में सबसे अलग रहे मनोहर लाल, साढ़े नौ साल के कायार्काल में बेदाग, समर्पित छवि ने बना दिया राजनीतिक संत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा और कांग्रेस ने रोड शो निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया और अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने अंबिका देवी मंदिर में माथा टेककर रोड शो आरंभ किया। इस दौरान उनके साथ विधायक व मंत्री असीम गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा सहित बड़े भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान रोड शो अंबाला के विभिन्न बाजारों से निकला और जगह-जगह भाजपा कार्यकताओं ने अपने नेताओं का स्वागत किया। रोड शो के दौरान बंतो कटारिया ने डोर टू डोर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के बारे में बताते हुए वोट के लिए अपील की। रोड शो के अंत में पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा और मेयर शक्तिरानी शर्मा भी उपस्थित रहे। इस दौरान विनोद शर्मा और असीम गोयल एक साथ बैठे नजर आए। जब विनोद शर्मा से सवाल किया गया कि क्या यह समर्थन लोकसभा चुनाव के बाद भी जारी रहेगा तो विनोद शर्मा ने कहा कि उनका समर्थन पक्का है और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे।



**एकजुट**

**भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और अंबाला से बंतो कटारिया लाखों वोटों से जीत प्राप्त करेंगी।**

उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी और अंबाला से बंतो कटारिया लाखों वोटों से जीत प्राप्त करेंगी।
अंबाला से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण चौधरी ने मिट्ठापुर से प्रचार के आखिरी दिन रोड शो निकालकर वोट मांगे। इस दौरान वरुण चौधरी के साथ निर्मल सिंह, चित्रा सरवारा, सहित अन्य कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जहां-जहां से रोड शो निकला समर्थकों ने वरुण चौधरी पर फूल बरसारकर स्वागत किया। वहीं वरुण ने जनता से कहा कि 10 साल आपने भाजपा को दिए हैं। इस बार हमें मौका दो हम अंबाला को विकास में 1 नंबर बना देंगे। वहीं निर्मल सिंह ने कहा कि हरियाणा की जनता भाजपा के झूठे वादों से परेशान हो गई है। आने वाले चुनाव में जनता सरकार को वोट की चोट से सबक सिखाएगी और हरियाणा में कांग्रेस सभी सीटों पर लाखों मतों के अंतर से जीत दर्ज करेगी। कांग्रेस पर जनता का विश्वास प्राप्त कर चुकी है अब तो बस चुनाव का इंतजार है।

# सुख के लिए गोरखनाथ चालीसा का पाठ रोजाना करना चाहिएः जौन

**सोनीपतः** बाबा गोरखनाथ की आराधना करने से स्वास्थ्य, धन, समृद्धि, शोभाग्य एवं मनोवांछित फल मिलता है और जीवन में पूर्ण शांति एवं सुख के लिए गोरखनाथ चालीसा का पाठ रोजाना करना चाहिए। गोरखनाथ ने अपनी रचनाओं एवं साधना में योग, तप, स्वाध्याय और ईश्वर को अधिक महत्व दिया।

उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने रोहतक रोड सिथत जोगी धर्मशाला के प्रांगण में गुरु गोरखनाथ प्रगट दिवस की शुभकामनायें देते हुए व्यक्त किये। गुरु गोरखनाथ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार मोहन लाल बड़ोली के भाई माई राम कौशिक ने भी गुरु गोरखनाथ की समाज के प्रति सेवाओं को याद किया।



जोगी सभा के प्रदेश अध्यक्ष उमेद सिंह जोगी ने कहा कि महापुरुषों की प्रेरणा से समाज के सभी वर्गों का कल्याण होता है। उन्होंने भाजपा नेता राजीव जैन का जोगी धर्मशाला में चालीस लाख रुपए से ज्यादा की ग्रांट देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

कार्यक्रम में राम कुमार दीवान सिंह, नरेश जोगी,
ओम प्रकाश जोगी, मंडल अध्यक्ष नरेश वर्मा , मनोज, सचिन, नरेंद्र पटवारी, रघबीर ठरू, सीता राम पतला, राकेश हुकम सिंह जोगी संदीप ककरोई, राजेंद्र मनोली, करतार सिंह भैरा, सुरेंद्र सिंह बिंदरौली, धर्मबीर सहित सैंकड़ो गुरु गोरखनाथ को मानने वाले अनुयायी उपस्थित रहे ।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस कर्मचारियों ने बैलेट पेपर से डाले वोट



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए आमजन के साथ-साथ कर्मचारी भी अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। अम्बाला पुलिस लाईन में चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मचारियों ने बैलेट पेपर से अपना वोट डाला। डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगे दूसरे कर्मचारी भी बैलेट पेपर से 24 मई को वोट डाल सकेंगे। अम्बाला जिला की चारों विधानसभा में जहां से पोलिंग पार्टियों को ईवीएम के साथ रवाना किया जाएगा, वहीं कर्मचारियों के लिए बैलेट पेपर से वोट डालने की सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी। कर्मचारी यहां बैलेट पेपर से वोट डालेंगे।

### उमंग संस्था द्वारा आयोजित कौन लिखेगा सबसे सुंदर स्लोग्र प्रतियोगिता में रिशिमा ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र :** उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा शुरू की गई कौन लिखेगा व बोलेगा सबसे सुंदर स्लोग्र प्रतियोगिता में सैंकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। सुंदर स्लोग्र लिखने में जहां कुरुक्षेत्र सेक्टर 13 निवासी रिशिमा ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं पिपली निवासी मोनिका कंसल ने दूसरा व सोनिया ने तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं विडियो स्लोग्र प्रतियोगिता में वीरेंद्र राठौर ने प्रथम, सुनीता खन्ना ने दूसरा व सुमन प्रजापति ने तीसरा स्थान हासिल किया है। बता दें कि उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतियोगिता शुरू की थी। इस दौरान ऑनलाईन तरीके से प्रतिभागियों ने संस्था के पास स्वयं लिखकर व बोलकर स्लोग्र भेजे। जिनमें से प्रथम द्वितीय व तृतीय प्रतिभागियों को पुरुस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागियों द्वारा अंगुली पर लगी स्याही, सिर्फ निशान नही, आपकी शान है, लोकतंत्र की जान है और आपके अधिकार का सम्मान है के अलावा ओ बीबी ओर बेटी ओ भैया ओ बहनों, सुनो लगाकर ध्यान, देश के संविधान की खातिर, जरूर करना मतदान व सही समय पर सही व्यक्ति को जो तुमने नही किया मतदान, पांच साल तक बैठकर रोना, फिर मत देना फालतु ज्ञान सहित अनेकों स्लोग्र भेजे गए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा सुंदर सुंदर डिजाईन के पोस्टर भी बनाकर भेजे। उमंग संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना व प्रतियोगिता की संयोजिका कविता कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में सैंकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया है। संस्था द्वारा मतदान विषय पर कौन लिखेगा सबसे सुंदर स्लोग्र व कौन बोलेगा सबसे सुंदर स्लोग्र प्रतियोगिता शुरू की थी।

### लोकसभा चुनावों के सम्बन्ध में बुलाई विशेष गोष्ठी

**मनीष कुमार**

**अम्बाला :**पुलिस आफिसर इन्स्टीट्यूट अम्बाला शहर में लोकसभा चुनाव के संबन्ध में सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबन्धक थाना, सभी निरीक्षक सी0आई0ए0, चैकी इन्चार्ज व अर्धसैनिक बलो के अधिकारियो की विशेष गोष्ठी बुलाई। गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव 2024 के संबन्ध में निर्देश दिए कि वह अपना कार्य मेहनत, लगन, सच्चीनिष्ठा और ईमानदारी से करते हुए निष्पक्ष लोकसभा चुनाव करवाने के लिए अपने कर्तव्य का निंवहन करें। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारीयों, प्रबन्धक थाना, चैकीं इन्चार्ज, यूनिट इन्चार्जो को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र में अपराधिक व अन्य गतिविधियों पर विशेष नजर रखते हुए खुफिया तंत्र के साथ उचित तालमेल बनाये रखें।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा कुरुक्षेत्र जिला के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों मे निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। आज भी कुरुक्षेत्र के आधा दर्जन गाँवों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की । उन्होंने वहा पर उपस्थित महिला मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में रहते है। और लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लोगो का, लोगों के लिए ओर लोगों द्वारा सरकार चुनी जाती है। लोक सभा चुनाव इस लोकतंत्र के महायज्ञ की सबसे बड़ी इकाई है, इन चुनावो के द्वारा हम अपने देश गांव,शहर के साथ साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के विकास को सुनिश्चित करते है, ताकि वो भी अपनी सहभागिता कर सके। अतः लोकतंत्र के इस महापर्व के महायज्ञ में हमे अपने मत के रूप में आहुति जरूर से जरूर डालनी चाहिए। हम सब को अपने मत का प्रयोग जरूर से जरूर करना चाहिए। खंड कोआर्डिनेटर विजय पंघाल ने सभी मतदाताओं से अपील की कि लोकतंत्र के महोत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और ज्यादा से ज्यादा मतदान कर देश की प्रगति और विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा भयंकर गर्मी को देखते हुए अपनी को स्पांसर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी महिलाओ को ग्लूकोज डी के पैक वितरित किया गये। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की वॉलंटियर स्नेहा मित्तल, प्रीति, महक, निशा, कृष्णा, जयंती, शकुंतला, रजनी, रेखा, कोमल उपस्थित रहे।




**वोट जरूर डालें**

**महिला मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में रहते है।**

# गुरु गोरखनाथ की मूर्तिस्थापना की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गांव बाहरी में बाबा सवारनाथ चेला मेहरू नाथ चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गुरु गोरखनाथ की मूर्ति स्थापना की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान मानसिंह बजगावा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा गुरु गोरखनाथ मूर्ति स्थापना की गई और सभी श्रद्धालु यहां पर इकट्ठे हुए। कमेटी के सभी सदस्यों ने सभी की सुख शांति समृद्धि के लिए प्रार्थना अरदास की । ट्रस्ट के प्रधान मान सिंह ने कहा कि जो भी श्रद्धालु इस स्थान पर आता है , उसे श्रद्धालु के घर में सुख शांति और समृद्धि अवश्य आती है। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य सूरज बेदी, मिहा सिंह रंगा, फूल सिंह दयालपुर, श्याम लाल अढोण ,बलवंत गुरु रविदास नगर, शेर सिंह माडल टाऊन, पाला राम चीबा, रामकुमार जोगना खेड़ा इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे।



# कांग्रेस द्वारा दिए गए जखम न भुलाने योग्यः कवलजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी कुरुक्षेत्र श्री अकाल तखत अमृतसर को समर्पित है और वहां से जारी आदेश भी एचएसजीएमसी के लिए सर्वोपरि हैं। श्री अकाल तखत साहिब के जत्थेदार द्वारा जून 1984 को लेकर जो आदेश जारी किए गए हैं, हरियाणा कमेटी के कर्मचारी उनकी अनुपालना अवश्य करेंगे। यह विचार हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मुखय प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना ने व्यकत किए। वे एचएसजीएमसी के हैड ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ सिख नेता नरेंद्र सिंह गिल, पटवारी तजिंदरपाल सिंह स्याहपोश भी मौजूद रहे।कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि देश की सत्ता पर सबसे अधिक राज करने वाली कांग्रेस द्वारा किए गए जून 1984 के सिख कत्लेआम को लेकर श्री अकाल तखत साहिब अमृतसर के जत्थेदार द्वारा 1 से 6 जून तक शहीदी सप्ताह मनाने के आदेश दिए गए हैं। जारी आदेशों में धार्मिक समागम करवा कर जून 1984 के सिख कत्लेआम की दासतान बताने, 4 से 6 जून तक सिखों को अपने सिर पर काले रंग की दस्तार सजाने, गुरुद्वारा साहिबान में प्रदर्शनियां लगाने और 6 जून प्रत्येक गुरुद्वारा साहिब में शहीदों की याद में अरदास करने के बारे में कहा गया है। अजराना ने प्रदेश की सिख संगत से अपील की कि श्री अकाल तखत साहिब के इन आदेशों की अनुपालना करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो जखम सिखों को दिए हैं,उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस ने सिखों के सर्वोच्च श्री अकाल तखत साहिब पर ढहाने का पाप किया और जून 1984 में अलग-अलग स्थानों पर सिखों का सरेआम कत्लेआम कर दिया गया, सरेआम गलों में टायर डाल कर सिखों को जिंदा जला दिया गया, सिख महिलाओं की इज्जत से खिलवाड़ किया गया, बच्चों तक को नहीं बखशा गया। यही नहीं, सिख कत्लेआम के दोषी जगदीश टाईटलर और सज्जन कुमार को संरक्षण देकर रखा। इससे साबित होता है कि कांग्रेस कभी सिखों की हितैषी नहीं हो सकती। अजराना ने कहा कि कांग्रेस ने जो अत्याचार सिखों पर किए हैं, उन्हें सिख कभी भी भुला नहीं सकते और न ही सिख कांग्रेस को माफ करेंगे।



**शहीदी सप्ताह**

**जत्थेदार द्वारा जून 1984 को लेकर जो आदेश जारी किए गए हैं, हरियाणा कमेटी के कर्मचारी उनकी अनुपालना अवश्य करेंगे**

### महादेव गौशाला बनेगी जिले की सबसे आधुनिक गौशाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर श्री महादेव गौशाला में एक और आधुनिक बाड़े के जीर्णोद्धार की शुरूआत की गई। बाड़े के जीर्णोद्धार की पहली ईंट महेंद्र सिंगला निदेशक कृष्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अपने कर कमल से की। इस अवसर पर सुधीर विभाग संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने भी ईंटे रखकर शिलान्यास किया। नगर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डा. सुभाष गर्ग ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर गौ सेवक महावीर सिंगला अमीन गौशाला के प्रबंधक का भी सानिध्य रहा। कार्यक्रम के पश्चात गौ माता और नंदी भगत का पूजन किया।

# देश हित के लिए सभी करें मत का दान : मधुसूदन बवेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** ग्लोबल इवेंट आगेर्नाइजेशन के अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए वोट देना हमारा अधिकार ही नहीं नैतिक कर्तव्य भी है। चाहे कैसी भी परिस्थिति आ जाए लेकिन हमें चुनाव के दिन अपने कामकाज छोड़कर अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए। बवेजा ने कहा कि ग्लोबल इवेंट आगेर्नाईजेशन एक नॉन पॉलिटिकल एवं सामाजिक संस्था है। बवेजा ने कहा कि जिस बूथ पर शत प्रतिशत मतदान होगा, ग्लोबल इवेंट आगेर्नाइजेशन उस बूथ के मतदाताओं को सम्मानित करेगा।



मधुसूदन बवेजा ने कहा कि हर मतदाता एक जागरूक नागरिक बनकर अपने वोट का प्रयोग करे। युवा देश की धड़कन हैं, जिनके बिना देश की गाथा नहीं लिखी जा सकती। हर मतदाता एक जागरूक की तरह अपने वोट का प्रयोग करें।

# श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया सुदामा चरित्र प्रसंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** शिवशक्ति जनकल्याण सेवा समिति, बिशनगढ़ द्वारा झांसा रोड स्थित गांव बिशनगढ़ में चल रहे शिवशक्ति महायज्ञ अनुष्ठान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र,श्रीकृष्ण की कुरुक्षेत्र यात्रा और दत्तात्रेय के 24 गुरु आदि प्रसंगों के साथ कथा को विश्राम दिया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल, मुख्य यजमान सुरेश सैनी व नरेश सैनी और व्यवस्थापक रघुवीर सैनी ने बताया कि सुबह यज्ञाचार्यों द्वारा यजमानों से आहुतियां डलवाई गई। तत्पश्चात यज्ञशाला की परिक्रमा की गई। इसके उपरांत यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज ने इस महायज्ञ की महत्ता बताई।वहीं,श्रीमदभागवत कथा में कथावाचक शुभम द्विवेदी चित्रकूट द्वारा सुदामा चरित्र,श्रीकृष्ण की कुरुक्षेत्र यात्रा और दत्तात्रेय के 24 गुरु आदि प्रसंगों के साथ कथा को विश्राम दिया गया। सुदामा चरित्र प्रसंग में उन्होंने बताया कि मित्रता में कोई ऊंच-नीच व भेदभाव नहीं होता। मुसीबत में साथ निभाने वाला ही सच्चा मित्र होता है। श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा के जीवन की परिस्थितियों को भांपते हुए बिना कुछ पूछे वह सभी सुख प्रदान किए, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। इसी तरह सुदामा ने भी मित्रता धर्म निभाते हुए अपने सखा श्रीकृष्ण को अपनी दयनीय स्थिति के बारे में कुछ नहीं बताया। इस मौके गायकों द्वारा सुन्दर झांकी में भजन मेरे यार सुदामा रे,बड़े दिनों में आए... सुनाया गया। महाआरती में नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बारना, जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता, अमन शर्मा, वंदन जैन, दिनेश जिंदल, बालकृष्ण शर्मा, पृथ्वी शर्मा, गोपाल शर्मा, शिवप्रकाश, योगेश, खलींदाराम, रजत सैनी, कमलजीत, अनिकेत सैनी,रमेश चंद्र शास्त्री,सुभाष सुखीजा, महेश छाबड़ा, पुष्पेन्द्र अत्री,हरीश शर्मा,रणधीर गुर्जर, महेंद्र शास्त्री, मुकेश शर्मा, चंद्रभान कौशिक, हरिचंद सतविंदर सैनी और गुरमेल सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु,ब्राह्मण,संत और महिलाएं शामिल हुई।



**कथावाचन**

**शिव शक्ति महायज्ञ में आहुतियां देकर श्रद्धालुओं ने की परिक्रमा, हुई महाआरती**

# पूर्वांचलियों ने जोर-शोर से उठाई आवाज, कुंडली में बनाया जाए ट्रामा सेंटर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** पूर्वांचल समाज के प्रबुद्ध लोगों की एक विशेष सभा बुधवार देर शाम कबीरपुर के जेडी मेमोरियल स्कूल कैंपस में आयोजित हुई, जिसमें पाटीर्बाजी व गुटबाजी से अलग हटकर समाज के लोगों ने एकजुट होकर रहने का प्रण लिया। वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता व भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राज नारायण सिंह की देख-रेख में आयोजित सभा में उपस्थित सभी लोगों ने सप्ताह भर पहले कुंडली स्थित कत्था फैक्टरी में हुए ब्लास्ट में मारे गए छह पूर्वांचली श्रमिकों की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की और एक मिनट का मौन रखा। सभी लोगों ने एक स्वर में इस मामले में दोषी फैक्टरी मालिक, मैनेजर व ठेकेदार सहित संबंधित सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन व सरकार से की। सभा में जाने-माने सर्जन डा.संतोष कुमार, कन्हैया तिवारी, अजय चौहान, अशोक तिवारी, प्रदीप सिंह, हरेराम सिंह, समरेंद्र पांडेय, अतिश पांडेय, अजय पांडेय, राजेश पांडेय, उमा शंकर यादव, गुड्डु दुबे सहित सभी पूर्वांचलियों ने कुंडली में ट्रामा सेंटर बनाए जाने की मांग जोर-शोर से उठाई जिससे भविष्य में कभी हादसा होने पर गंभीर रूप से घायलों का फौरन इलाज हो सके और उनकी जान बचाई जा सके।

सभा की अध्यक्षता करते हुए संजय कुमार मिश्रा ने कहा कि राई व कुंडली क्षेत्र की फैक्टरियों में पहले भी हुए हादसों में कई श्रमिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। उन्होंने इस बात पर रोष जताया कि कुंडली हादसे के बाद विशेष राहत कार्य शुरू करने के लिए एनडीआरएफ की टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में ही काफी वक्त लग गया । उन्होंने हादसे के दौरान कुंडली नगर पालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी, पार्षद मास्टर निरंजन, पार्षद नरेश खत्री, प्रवीण खत्री व प्रदीप जयंत और उनके साथियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों का आभार जताया जिन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।
हालांकि ट्रामा सेंटर जैसी सुविधाओं के अभाव के कारण घायलों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सभा का संचालन कर रहे राज नारायण सिंह ने बताया कि सभा में पूर्वांचल समाज के कल्याण के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। ये कमेटियां पूर्वांचल समाज के लोगों को रोजगार, कानूनी सहायता, चिकित्सीय सहायता आदि मुहैया करवाने में मददगार साबित होंगी।



**मांग**

**सोनीपत के कबीरपुर में पूर्वांचल समाज के प्रबुद्ध लोगों की हुई विशेष बैठक**

# बुध पूर्णिमा पर परशुराम मंदिर में कथा आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** भगवान श्री परशुराम मंदिर पीपली बाजार अम्बाला शहर में अंबाला जिला ब्राह्मण सभा के मार्गदर्शन में बुद्ध पूर्णिमा को यज्ञ दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्त जन मौजूद रहे। इस बारे जानकारी देते हुए सभा के प्रधान देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज के दिन विशेष महत्व है क्योंकि आज वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि है। आज के दिन भगवान विष्णु के पूजन का विधान है। इसके अलावा इस दिन महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ था इसलिए इसे बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। बुद्ध पूर्णिमा पर स्नान, दान और व्रत का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन गौतम बुद्ध ने भगवान विष्णु के अवतार के रूप में जन्म लिया था और इसी तिथि पर उन्हें ज्ञान की भी प्राप्ति हुई थी। इस अवसर पर पंडित पंकज डिमरी ने मंदिर में भक्तों को सत्यनारायण भगवान की कथा श्रवण करवाई। कथा उपरान्त हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान देवेन्द्र शर्मा, महेश दत्त वशिष्ठ, अविनाश पुरी, राजिन्द्र कौशल, जुगल किशोर इत्यादि मौजूद रहे।



# नामांकन से पूर्व नायब और मनोहर के भव्य रोड शो में उमड़ा लोगों का हुजूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** एवं करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में भी लोग केंद्रीय योजनाओं के साथ प्रदेश की योजनाओं को सुनना चाहते हैं। यह केंद्रीय सरकार बनाने के लिए चुनाव है। पिछले 10 सालों में नरेंद्र मोदी बलशाली और सूझबूझ वाले प्रधानमंत्री सिद्ध हुए हैं, जिन्होंने देश की वर्षों पुरानी समस्याएं चाहे धारा 370, राम जन्मभूमि, तीन तलाक जैसी समस्याएं थी, जिनके बारे में कांग्रेस कहती थी कि इन्हें छेड़ा तो गृहयुद्ध हो जाएगा। नरेंद्र मोदी ने इन समस्याओं को समाप्त किया। इसलिए जनता अपना समर्थन जाहिर करती है। आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि गरीबों के लिए भी नरेंद्र मोदी ने जितने काम किए हैं, इसलिए सभी मोदी के साथ खड़े हैं। प्रदेश के गांवों की आवाज है कि हर गांव में नौकरियां लगी हैं, जिसमे उनका कोई खर्च नहीं लगा। सरकार की नीतियों उनको भायी हैं। मनोहर लाल ने कहा कि मैं विश्वास जाहिर करता हूं कि 25 मई को हरियाणा में 10 की 10 सीटें और करनाल विधानसभा उप चुनाव की सीट जीतेंगे। हरियाणा की जनता कांग्रेस के उस जमाने को याद करती है कि जब प्रदेश में भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद और जातिवाद की राजनीति होती थी। मनोहर लाल ने इसी करनाल की भूमि से कहा था कि इसे समाप्त करेंगे और हरियाणा एक हरियाणवीं एक इसका असर आज दिख रहा है। पूर्व सीएम ने



कहा कि लगभग दो महीने पहले आचार संहिता लागू हुई थी। प्रदेश में 12 मार्च को उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था और 13 मार्च को नई सरकार का विश्वासमत पास हुआ था। 13 मार्च को ही हरियाणा में 6 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई थी। 24 मार्च को अन्य 4 प्रत्याशियों की भी घोषणा हो गई थी। उन्हें संतोष है कि उनके द्वारा जितना भी प्रचार अभियान चलाया और नामांकन करवाए सभी कार्यक्रम सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और मनोहर लाल ने प्रदेश की 90 विधानसभाओं में कुल 106 कार्यक्रम किए हैं, जिनमें 58 मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और 48 हमारे हुए हैं। केंद्रीय नेताओं ने भी हरियाणा में बड़े कार्यक्रम हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में 3 रैलियां की। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के भी प्रदेश में 6 कार्यक्रम हुए हैं। योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश में 2 कार्यक्रमों को संबोधित किया। गृहमंत्री अमित शाह भी 3 कार्यक्रमों में हरियाणा पहुंचे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा भी हरियाणा में 3 कार्यक्रम किए गए। इनके अलावा आस पास के राज्यों केमुख्यमंत्री भी हरियाणा में पहुंचे थे। हरियाणा का कोई ऐसा लोकसभा क्षेत्र नहीं बचा, जहां केंद्रीय मंत्रियों के कार्यक्रम न हुए हों। मनोहर लाल ने कहा कि आज 23 मई को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महेंद्रगढ़ में रैली को संबोधित किया है। करनाल लोकसभा क्षेत्र में उनकी सभाएं कम और रोड शो ज्यादा रहे। रोड शो के दौरान वे 211 गांव में गए, जिनमें आसपास के गांवों से लोग भी पहुंचे, जिससे उन्होंने करीब 300 पंचायतें कवर की। शहर के कार्यक्रम अलग रहे। 6 क्लस्टर स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। उनका आज अंतिम कार्यक्रम पानीपत में रोड शो होगा।


**मीडिया को लिखने और बोलने की स्वतंत्रता : मनोहर**

मनोहर लाल ने राहुल गांधी द्वारा मीडिया के बारे में दिए गए बयान पर कहा कि मीडिया को लिखने और बोलने की स्वतंत्रता होती है। आलोचना को पढना और सुनना भी आना चाहिए। उन्होंने लोकतंत्र के खिलाफ ऐसी बात कह दी, जिससे एमरजेंसी की याद आती है। कांग्रेस ने 1975 में सबसे बड़ा घिनौना काम मीडिया के गले में फंदा लगाने का किया था कि मीडिया यह नहीं लिख सकता, वह नहीं लिख सकता। इसका परिणाम सबको मालूम है। यह अच्छी बात नहीं है। विपक्षी दल लोगों को भ्रमित करने के लिए तरह.तरह की हरकतें कर रहे हैं, जिनमें इमोशनल भाषण देकर भी लोगों को बरगलाया जाता है। यह कहा जा रहा है कि दिल्ली का पानी हरियाणा ने कम कर दिया है। मनोहर लाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार हैदरपुर और वजीराबाद में जितना पानी वहां देना होता है। उतना पानी वहां देते हैं। जो पानी इन दोनों क्षेत्रों में दिया जाता है, उसको बीच में से काटकर वे लोग अलग-अलग जगहों पर देने लग गए हैं। जबकि इनका शेयर से ज्यादा पानी आज भी हम देते हैं। गर्मी के दिनों में हालाकि जब गर्मी नहीं होती है हमारे पास और अतिरिक्त पानी होता है और हम इनके कहने पर दे भी देते हैं। मई जून में जब पानी कम होता है उस समय वही पानी जाता है जो शेयर होता है। यह कभी संभव नहीं कि हरियाणा की जनता को प्यासा कर दिल्ली को पानी देंगे। यह सुप्रीम कोर्ट में भी कहा जा चुका है। पानी के विषय पर इमोशनल खेल खेलना उचित नहीं हैं। मैं इसकी निंदा करता हूं। रोहतक में दीपेंद्र हुड्डा ने घोषणा पत्र में जो कहा 8000 रुपए बांटने के लिए फार्म भरने शुरू कर दिए। यह वोटर को आकर्षित करने के लिए घिनौना काम किया है। उन्होंने इसकी शिकायत चुनाव आयोग को की है।

## न्यूज फ्लैश

### रमेश सैनी बने एनयूबीसी के हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। प्रदेश के पिछड़े** वर्ग के वरिष्ठ नेता लेखक कालमकार ,कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति अनुसचित जनजाति एवं अल्प संख्यक महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में फिर से दो साल के लिए हरियाणा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अधिवेशन तमिलनाडू में आयोजित किया गया था। इस अधिवेशन में एस गीता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। एस गीता ने बताया कि रमेश सैनी की नियुक्ति राष्ट्रीय जौनल चेयरमैन राजपाल मीना की अनुशंसा पर की गई। रमेश सैनी को इस संगठन का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त करने पर सभी समाजिक संस्थाओं ने हर्ष जताया है। रमेश सैनी राजनीति और सेवा के साथ समाजसेवी किसान, पिछड़ा वर्ग की राजनीति में चार दशक से सक्रिय हैं। वह कई संगठनों पर राष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहे हैं। उन्हें हरियाणा, महाराष्ट्र और राष्ट्रीय स्तर पर सेवा और लेखन के क्षेत्र में कई पुरस्कार मिल चुके हैं।

### पर्यवेक्षक की मौजूदगी में रेंडेमाइजेशन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। जिला सचिवालय** में पर्यवेक्षक ई.रवींद्रन की मौजूदगी में तीसरा रेंडेमाइजेशन (बूथ अलाटमेंट) किया गया। इस मौके पर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह भी मौजूद रहे। जिला के पांच हलकों-नीलोखेड़ी, असंध, घरौंडा, इंद्री और करनाल में कौन-कौन सी पोलिंग पार्टी और माइको पर्यवेक्षक किस-किस बूथ पर जायेंगे, इसे लेकर रेंडेमाइजेशन किया गया। इस मौके पर चीनी मिल के एमडी हितेंद्र कुमार, नोडल अधिकारी (माइको पर्यवेक्षक) एसके हिंदुजा, तहसीलदार चुनाव जयवीर सिवाच, आईटी निदेशक (महिपाल सीकरी), संयुक्त निदेशक कमल त्यागी, सीटीएम शुभम भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि नीलोखेड़ी में 230, इंद्री में 214, करनाल में 223, घरौंडा में 238 और असंध में 242 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं।

### मॉडल प्रॉसिक्यूशन काउंसिल स्कीम के तहत कोर कमेटी की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी** एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ सविता कुमारी की अध्यक्षता में मॉडल प्रॉसिक्यूशन काउंसिल स्कीम के तहत गठित कोर कमेटी की त्रैमासिक बैठक हुई। बैठक में बाल कल्याण समिति करनाल अध्यक्ष उमेश चानना, अंशुल चौधरी, पैनल अधिवक्ता डॉ. मीनाक्षी गुप्ता उपस्थित थे।उन्होंने कहा कि मॉडल प्रॉसिक्यूशन काउंसिल स्कीम के तहत लापता बच्चों के लिए योजना पर चर्चा करने के लिए 2022 की रिट याचिका सिविल संख्या 427-बचपन बचाओ आंदोलन बनाम भारत संघ और अन्य के संदर्भ में संशोधित आदर्श अभियोजन परामर्श योजना को लागू करने के संबंध में आयोजित किया गया था। पुलिस अधीक्षक, करनाल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 के अप्रैल माह तक के दौरान गुमशुदा बच्चों के 73 प्रकरण दर्ज किये गये थे, जिनमें से 35 प्रकरण बरामद किये गये तथा 02 प्रकरण एंटी ह्यूमन को हस्तांतरित किये गये। उन्होंने कहा कि सभी एसएचओ/पुलिस थानों के प्रभारी को निर्देशित किया जाना चाहिए कि वे महिला/पीड़ित महिला/बाल पीड़ित या कोर कमेटी के अधिवक्ता सदस्यों (गुमशुदा बच्चों के मामले में) की महिला कानूनी सहायता अभियोजन परामर्श मामले को तुरंत सूचित करें। इस संबंध में डॉ सविता कुमारी ने खुलासा किया कि मामला पहले ही पुलिस अधीक्षक, करनाल के संज्ञान में लाया जा चुका है कि मॉडल प्रॉसिक्यूशन काउंसिल स्कीम को लागू करने के लिए महिला पैनल अधिवक्ताओं को पहले ही प्रतिनियुक्त किया जा चुका है।

## जनमानस 400 पार के संकल्प को साकार करने में जुटा : सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के 10 वर्षों के कार्यकाल में अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी और सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा है। यही कारण है कि आज आम जनमानस अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करने में जुट गया है। आगामी 4 जून को प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। सुमन सैनी



बृहस्पतिवार को करनाल में जनकपुरी गौशाला रोड पर श्याम बाबू, न्यायपुरी में ईशा चौधरी, सेक्टर.7 में अशोक कुमार वर्मा, काछवा रोड पर कुलदीप शर्मा व पूंडरक में पूर्व सरपंच मदन गुज्जर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। जगह-जगह पर मुख्यमंत्री की पत्नी सुमन सैनी का स्वागत किया गया।

सुमन सैनी ने कहा कि देश की जनता लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। यह संकल्प कमजोर नहीं होना चाहिए।

क्योंकि यह चुनाव देश की 140 करोड़ जनता के भविष्य का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का जो संकल्प लिया है, हमें उसमें सहयोग देना है। इसलिए 25 मई का मतदान जरूर करें और कमल के फूल का बटन दबाकर करनाल से दो कमल के फूल खिलाएं।

## झूठी खबर फैलाने वालों पर कार्रवाई के दिए आदेशः डीसी

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**सोनीपत, जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में जटोला गाँव के बूथ नंबर 177 के संदर्भ में एक खबर कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त खबर की पड़ताल करने के पश्चात पाया गया की खबर में वर्णित बूथ संख्या 177 वर्ष 1984 तथा उसके बाद के सभी चुनाव में मौजूद रहा है। उन्होंने कहा कि यह बूथ भारतीय निर्वाचन आयोग की हिदायात के अनुसार ही बना है। उपरोक्त मतदान केंद्र मतदाताओं की



भौगोलिक सलंग्नता के आधार पर बनाया गया है तथा इसको बनाते समय किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मतदान केंद्र भारतीय निर्वाचन आयोग के वंचित वर्गों के लिए मतदान को सुगम बनाने हेतु उनके आवास के पास ही मतदान केंद्र बनाने की नीति के अनुरूप है।

## 7वां भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरि नगर स्थित** भगवान परशुराम धर्मशाला में आज भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा 7वां भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान राम रतन शर्मा रहे। उनके साथ इसराना हल्का प्रधान रामचंद्र शर्मा, जिला पार्षद नारायण दत्त शर्मा व एडवोकेट शोएब आलम भी मौजूद थे। जिनका यहां पहुंचने पर आयोजकों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालने हुए मुख्यातिथि रतन शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जी



ने धरती से अन्याय के विरूद्ध दर्जनों पर लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर आयोजक समिति के प्रधान सुभाष शर्मा खोजकीपुर, उप प्रधान अनिल शर्मा, चेयरमैन वीरभान शर्मा, सह सचिव प्रदीप शर्मा, सचिव राजेश शर्मा, कैशियर वजीर सिंह, संरक्षक सुभाष शर्मा, सहसंरक्षक सुरेंद्र कौशिक, मीडिया प्रभारी रविन्द्र शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की जयंती मनाई

### बैंक के वरिश्ठ प्रबंधक श्याम प्रकाश किल्सन व बबीता किल्सन ने किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः बुद्ध पूर्णिमा पर** भगवान बुद्ध की जयंती संविधान चौक पर वीरवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि और बुद्ध वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक श्याम प्रकाश किल्सन ने भगवान बुद्ध के उपदेशों एवं जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. भीम राव अंबेडकर के प्रेरणाश्रोत भी भगवान बुद्ध ही थे। उनके उपदेश



को वर्तमान समय के लिए प्रासंगिक बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। समाजसेविका बबीता किल्सन ने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला और सिद्धार्थ की तपस्या, बुद्धत्व की प्राप्ति और महापरिनिर्वाण के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी देते हुए उनके उपदेशों को आत्मसात करने पर बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। बबीता किल्सन ने बुद्ध के जीवन और दर्शन में तीन अंक का बहुत बड़ा महत्व बताया गया। उनके तीन शरण, तीन रत्न और उनका जन्म, ज्ञान की प्राप्ति तथा निर्वाण तीनों एक हीं दिन पूर्णिमा को होना अदभुत संयोग है। इस मौके पर पवन, राहुल, प्रिंस, हन्नी, संदीप, सन्टी, कुलदीप, दीपक, महेन्द्र, कपिल, प्रवेश आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए।

## मटका तोड़कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की

**गन्नौर।**
**नगरपालिका के** वार्ड 8 वासियों ने वीरवार को पेयजल समस्या को लेकर जनस्वास्थय विभाग के कार्यालय में पहुंचकर मटका तोड़कर प्रदर्शन किया। प्रर्दशन कर रहे महिला एवं पुरूषों का आरोप है कि पेयजल समस्या का सामधान तो दूर बल्कि विभाग के कर्मचारी उनके साथ बदसलुकी करते है। महिला पिंकी ने बताया कि जनस्वास्थय विभाग की पेयजल आपूर्ति लाईन से उनके घरों तक पानी नही पहुंचता। गर्मी में पेयजल न मिलने से उनके सामने परेशानी खड़ी हो गई है। ऐसे में वे सबमर्सीबल पम्प वाले पड़ोंस के घर से पानी लेकर आने को विवश है। वे लगातार कई साल से पेयजल



समस्या के समाधान की मांग कर रहे है लेकिन उनकी कोई भी सुनवाई नही हो रही है। अनीता ने बताया कि हर साल वे विभाग के कार्यालय में आकर पानी की समस्या विभाग के अधिकारियों से अवगत करवाते है लेकिन कोई समाधान नही होता। उनकी समस्या का अधिकारियों को समाधान करवाना चाहिए।

**भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि कई साल से काट रहा है चक्कर : सुरेन्द्र**

वार्डवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता सुरेन्द्र खुराना ने बताया कि वे कोट मौहल्ले में रहते हे। हर साल गर्मी में उनकी गली में पेयजल की समस्या आती है। वे विभाग के कार्यालय के चक्कर काटते है लेकिन कोई सुनवाई नही होती। अधिकारियों की मनमानी के कारण उनकी समस्या का कोई समाधान नही होगा।

**मौका देखकर करवाएंगे पेयजल समस्या का समधान : एसडीओ**

- जनस्वास्थय विभाग के एसडीओ ने बताया कि वार्ड में मौके पर जाकर देखने के बाद समाधान करवाया जाएगा। समस्या लेकर आने वाले लोगों की समस्या सुनी जाती है।

## थार ने मारी मोटरसाइकिल को टक्कर, बाप की मौत, बेटा गंभीर

**हिसार।**
**शहर के राजगढ़ रोड** पर आजाद नगर के पास हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका बेटा घायल हो गया। हादसा थार गाड़ी द्वारा बाइक को टक्कर मार देने से हुआ। दुर्घटना में बाइक के दो टुकड़े हो गए। आजाद नगर के पास गुरुवार सुबह हुए हादसे के संबंध में रावतखेड़ा निवासी ईश्वर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार वह हिसार की अनाज मंडी में नौकरी करता है। सुबह लगभग आठ बजे वो गांव के बस स्टेंड पर गांव के ही सतबीर व उसके बेटे विरेन्द्र उर्फ संजू के साथ बातचीत कर अपने अपने मोटरसाईकिल पर हिसार के लिए रवाना हो गए। वह अपना मोटरसाइकिल खुद चला रहा था जबकि उसके आगे आगे सतबीर अपना मोटरसाइकिल चला रहा था। सतबीर का बेटा विरेन्द्र उर्फ संजू पीछे बैठा हुआ था। जब वो आजाद नगर के पास एक पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचे तो हिसार की तरफ से तेज स्पीड व लापरवाही से थार गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को चलाता हुआ आया और सतबीर के मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के दो टुकड़े हो गए जिसके कारण सतबीर व विरेन्द्र सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने तुरंत ही अपनी बाइक रोकी और गाड़ी का नंबर नोट किया जिसका नंबर टीओ224एचआर-2877एम था।

## बीजेपी ने किसानों पर लाठी, आंसू गैस और गोलियां बसाईः प्रियंका

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा की जिस** धरती ने महाभारत काल में अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश दिया था, वहीं धरती इसबार बीजेपी के अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश देगी। यह कहना है कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का। प्रियंका गांधी आज पानीपत में चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंची थीं। इस मौके पर उन्होंने करनाल से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा के लिए लोगों से वोट की अपील की। उनके साथ रैली में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अपने संबोधन में प्रियंका गांधी ने



कहा कि हरियाणा के किसान और मजदूर खेत में पसीना बहाकर देश का पेट पालते हैं। लेकिन बीजेपी ने बार-बार इन किसानों पर लाठी, आंसू गैस और गोलियां बसाई। किसानों को अपने देश की राजधानी दिल्ली जाने से रोका गया। एक साल से ज्यादा किसान दिल्ली बॉर्डर पर बैठे रहे। देश के सभी वर्ग किसानों के साथ थे। कांग्रेस और हरियाणा से सांसद दीपेंद्र हुड्डा आंदोलन में किसानों के साथ बैठे। लेकिन बीजेपी ने अन्नदाता के प्रति हमदर्दी दिखाने की बजाय उन्हें देशद्रोही बोलकर अपमानित किया। आंदोलन में 750 किसान शहीद हो गए। यूपी के मंत्री के बेटे ने 4 किसानों को कुचल डाला। लेकिन आज तक सरकार ने उस मामले में पीड़ितों को न्याय नहीं दिया। जब हम पीड़ित परिवारों से मिलने लखीमपुर खीरी गए तो हमें रास्ते में रोका गया और गिरफ्तार कर लिया गया। इससे बीजेपी की किसान, मजदूर और गरीब विरोधी मानसिकता का पता चलता है। प्रियंका गांधी ने कहा कि बीजेपी ने कभी कर्ज के तले डूबकर आत्महत्या करने को मजबूर किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। जबकि 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड रुपया माफ कर दिया। मोदी सरकार ने किसानों पर जीएसटी थोप दी और एमएसपी देने से इंकार कर दिया। सरकार खेत और मंडी में किसानों का शोषण कर रही है तो किसान के बेटों का शोषण करने के लिए अग्निवीर योजना को लागू किया गया। आज देश में बेरोजगारी ने 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कांग्रेस इसपर नकल करने के लिए केंद्र में 30 लाख पदों पर पक्की नौकरियां देगी। अग्निवीर योजना को बंद किया जाएगा। किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्जमाफी का लाभ दिया जाएगा। महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। इस मौके पर वीरेंद्र शाह उर्फ बुल्ले ,ओमवीर पवार, राजू तेलवाला, सुरेश मलिक आर्य, संजय अग्रवाल, खुशी राम जागलान , महिपाल सूबेदार, मोनू रावल,शशी लूथरा, भरत सिंह छौककर,कवर सिंह छौककर आदि मौजूद रहे।

## जजपा के पूर्व हलकाध्यक्ष व पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**टीम एक्श इंडिया**
**गन्नौरः पूर्व मंत्री स्व. वेद** सिंह मलिक के छोटे भाई रणधीर मलिक व उनके बेटे संजय मलिक ने लोकसभा चुनाव से ठीक दो दिन पहले पार्टी को अलविदा कह दिया है। रणधीर मलिक ने पिछले विधानसभा चुनाव में जजपा की टीकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से वह लगातार जजपा के सक्रीय नेता तौर पर कार्य करते रहे। वहीं संजय मलिक भी जजपा के हलकाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। हाल में भी वह पार्टी में सक्रीय भूमिका निभा रहे थे। पार्टी छोड़ने



पर कहा कि कार्यकताओं के काम न होने और जनभावनाओं को देखते हुए उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि अभी वह किसी पार्टी में शामिल नहीं होंगे, हलके के लोगों से विचार विमर्श करके ही आगे निर्णय लेंगे।

**कद्दावर नेता रहे हैं स्व. वेद सिंह मलिक**

स्व. वेद सिंह मलिक क्षेत्र के कद्दावर नेता रहे हैं। उन्होंने 1987 में लोकदल पार्टी से पहली बार विधायक चुने गए और परिवहन मंत्री बने थे। इसके बाद उन्होंने गन्नौर से विधानसभा से लगातार तीन चुनाव चुनाव लड़े, लेकिन जीत दर्ज नहीं कर स के। इसके बाद वह कांग्रेस में भी शामिल हुए, लेकिन इनेलो की दो फाड़ होने के बाद वह फिर से जजपा में शामिल हो गए थे।

# नरेला विधानसभा: अग्रवाल समाज ने भाजपा को दिया समर्थन

**नई दिल्ली/ एक्शन इंडिया**
**बाहरी उत्तरी दिल्ली के** नरेला में रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में अग्रवाल समाज के लोगों ने कार्यक्रम का आयोजन कर सर्वसम्मति से उत्तर पश्चिमी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया को समर्थन देने का निर्णय लिया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देशभर में जहां हमारे अग्र बंधु है वह सभी सनातन संस्कृति को पल्लवित पोषित करने में समर्थ मोदी सरकार का समर्थन करेंगे। इस दौरान सभी को शपथ दिलाई गई कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है इसमें एक-एक व्यक्ति को मतदान जरूर करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा आदेश गुप्ता व अति विशिष्ट अतिथि नरेश एरन प्रदेश मंत्री भाजपा उपस्थित रहे। मंच संचालन मनोज बंसल ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि आदेश गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी को धन्यवाद करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा देश हित, जनहित के कार्य करता है। अग्रवाल समाज ने जो इतना समर्थन दिया है, उसका एहसान वह कभी नहीं भूल पाएंगे। मैं अग्रवाल समाज को विश्वास दिलाता हूं कि उनको व्यापार करने में कभी कोई परेशानी नहीं आएगी। आपके क्षेत्र के विकास को लेकर कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। कार्यक्रम में प्रधान महाराजा अग्रसेन स्कूल नरेला ऋषि, चेयरमैन वैश्य अग्रवाल समाज हेमराज बंसल, प्रधान लाला नंदीमल धर्मशाला नरेला किशन दास गर्ग, राष्ट्रीय महामंत्री गौ रक्षा विहिप राजेंद्र सिंहल, प्रधान राम कुटी मंदिर बवाना रोड़ नरेला राजकुमार गोयल, रामानन्द गुप्ता, महावीर प्रशाद गुप्ता, सदा राम गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, डॉ रजनीश गुप्ता, साधु राम, पंकज गुप्ता, राहुल सिंघल, शालिका अग्रवाल, अनिल ठेकदार, अशोक मोहन गोयल, रामकिशोर गर्ग, राधा किशन मंगला, दीपक मंगला, सुरेंद्र अग्रवाल, प्रदीप मंगल, सुरेंद्र गर्ग, सतप्रकाश अग्रवाल, राकेश मित्तल ,विनोद बंसल, भूपेश बंसल, ऋषभ बंसल, राकेश गोयल, प्रदीप बंसल, मनोज सिंघल, अमित बंसल, राहुल ऐरन सहित सैकड़ो अग्र बंधु और भगिनी उपस्थित रहे।









# भ्रष्टाचार के शहशांह है सीएम केजरीवाल: पांडें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अपने मुहं मियां मिठ्ठू बनकर ईमानदारी की बीन बजाने वाली पार्टी व भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाकर धरने प्रदर्शन से सत्ता में आई केजरीवाल सरकार स्वंय ही घोटालों व भ्रष्टाचारी में अव्वल दर्जे पर है जिसकी कोई थां नहीं जान सकता।

उक्त बातें नांगलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-47 से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद शिवांगी पांडे ने कही।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री से लेकर केजरीवाल का पूरा मंत्री मंडल भ्रष्टाचार में लिप्त है।

# जेपी अग्रवाल को चुनाव प्रचार में मिले चौतरफा समर्थन से विरोधियों के हौसले पस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सांसद प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल को चुनाव में मिले सभी वर्गों के समर्थन से उनके विरोधियों के हौंसले पस्त होते दिख रहे है।

**प्रचार के अंतिम दिन अग्रवाल ने क्रमबद्ध तरीके से की बैठके:** प्रचार के अंतिम दिन अग्रवाल ने सैकड़ों समर्थकों के साथ अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लोगों से संपर्क कर जनसमर्थन मांगा और उन्हें विश्वास दिलाया कि वह पूर्व की भांति भविष्य में भी उनके बीच रहकर क्षेत्र का विकास करेंगे। अग्रवाल को आज पुरानी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में व्यापारी वर्ग ने एक के बाद एक कई मीटिंग कर पूर्ण रूप से समर्थन देने और भारी बहुमत से जिताने का एकमत से फैसला लिया।

**अग्रवाल ने लोगों से की अपनी नीतियां साझा:** जयप्रकाश अग्रवाल ने तिलक बाजार नई बस्ती व मिंटो रोड, मटिया महल विधानसभा इलाके में पदयात्रा कर लोगों से संपर्क साधा। इस दौरान अग्रवाल ने लोगों को चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के विकास हेतु अपने विजन व नीतियों से अवगत कराया। साथ ही साथ चुनाव जीतने के बाद उनकी प्राथमिकताएं क्या होगी। संसद में वह कौन-कौन से मुद्दे और नीतियां पूरे जोर-जोर से रखेंगे। इस बारे में भी चर्चा की। पुरानी दिल्ली के कूंचा महाजनी इलाके में सर्राफा व्यापारियों व अन्य व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों की ओर से अग्रवाल के समर्थन में हुई मीटिंग में शामिल सैकड़ो व्यापारियों ने एकमत से अग्रवाल को समर्थन देने और वोट देकर भारी बहुमत से जिता संसद में भेजने का प्रण लिया।

**कई व्यापारी नेताओं के साथ हुई बैठक:** दि बुलियन मर्चेंटस एसोसिएशन कूंचा महाजनी के अध्यक्ष योगेश सिंघल, चैयरमेन राम अवतार शर्मा, आम आदमी पार्टी के विधायक पवन शर्मा और दिल्ली कैमिकल्स मर्चेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता आदि प्रमुख व्यापारियों ने अग्रवाल को भरोसा दिलाया कि चुनाव में उनकी जीत निश्चित है।

अग्रवाल ने व्यापारी वर्ग को विश्वास दिलाया कि वे भी व्यापारी परिवार से ही है और व्यापारियों की समस्याओं से भली-भांति परिचित हैं सांसद चुने जाने के बाद वे उनकी परेशानियों का निदान प्राथमिकता से करेंगे। और हमेशा सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहेंगे।





# हरी नगर में अक्सा ने बच्चों सहित समाजसेवियों को किया सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हरी नगर स्थित अक्सा मल्टी एजुकेशन फाउंडेशन में फाउंडर आफरीन ने प्ले वे डे केयर सेंटर ओपन किया। सालाना समारोह मनाते हुए दसवीं और बारहवीं में पास हुए छात्रों को भी इस सम्मान में सम्मानित किया गया। सम्मारोह में मुख्य अतिथि नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, महाबल मिश्रा, कमलजीत सहरावत, प्रेम शर्मा, दिनेश जैन, अंजू शर्मा थे। सालाना समारोह मनाते हुए आफरीन ने अक्स फाउंडेशन के अंतर्गत बहुत से सीनियर मेंबर्स को भी सम्मानित किया।

# सावन पार्क: जयप्रकाश अग्रवाल के समर्थन में चलाया गया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सावन पार्क इलाके में पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल के समर्थन में डोर-टू-डोर अभियान चलाया।

इस मौके पर प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल की भतीजी बिन्दु अग्रवाल के अलावा पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, अश्वनी शर्मा, प्रीतम स्वामी, अनूप, नेत्रपाल, मनमोहन, मूर्ति, गंगा देवी, छोटी देवी, सुरेन्द्र पटवा, मेघ सिंह राणा, सपना गोयल, दामोदन मास्टर जी, भोलाराम, ओम प्रकाश, नरेन्द्र शर्मा, जोगेन्द्र ठाकुर, बेनी प्रसाद, संदीप गुप्ता, सुरेन्द्र पपन, खेमा, भोला, हरभजन सिंह, अशोक धानक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल की भतीजी बिन्दु अग्रवाल और पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने घर-घर जाकर लोगों से जय प्रकाश अग्रवाल के समर्थन में वोट करने की अपील की और कांग्रेस के द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया कि आप सभी प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल का समर्थन करें, जिससे की क्षेत्र का विकास हो सके। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।





भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया को जन्मदिन की बधाई देते हुए भाजपा नेता धर्मवीर यादव व अन्य।

# वात्सल्य सेवा सदन में योगेन्द्र चंदोलिया के समर्थन में मीटिंग का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-7 स्थित वात्सल्य सेवा सदन में भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया के समर्थनमें मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश व यदुवंश के गौरव मोहन यादव ने शिरकत की और लोगों को जागरूक किया और कहा कि आप सभी भाजपा के समर्थन में वोट करें और विकास की गति को जारी रखें। इस कार्यक्रम का आयोजन जगदीश यादव चेयरमैन, ओबीसी कमिशन दिल्ली ने किया। दिल्ली के यादव बंधुओ ने मोहन यादव को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश बनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। इस मौके पर मोहन यादव ने कहा जगदीश यादव का भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने से दिल्ली में यादवों का सम्मान और आगे बढ़ेगा व दिल्ली के यादव बंधु, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जिताकर उनकी व जगदीश यादव की ताकत को ओर आगे बढ़ाएंगे यह उनका पूर्ण विश्वास है।

जगदीश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहन यादव ने कार्यक्रम में काफी समय दिया और कहा कि इतने कम समय में इतनी भारी संख्या जुटाना यह एक बड़ी बात है और जब भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन होगा वह जरूर उस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनलाल यादव द्वारा की गई।





# भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया को मिल रहा जनता का अपार समर्थन: जितेंद्र ढ़िका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा नेता** जितेन्द्र ढीका ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया भारी मतों से विजयी होगें। क्योंकि हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, हमें जनता का काफी अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि स्लम क्षेत्रों में भी भाजपा की लहर है, दिल्ली की जनता भाजपा के साथ है।

उन्होंने आगे बताया कि योगेन्द्र चंदोलिया बड़े ही मिलनसार व सुलझे हुए व्यक्ति है। मैं उन्हें काफी समय से जानता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि भाजपा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया भारी मतों से विजयी होगें और उत्तर-पश्चिम क्षेत्र की जनता ने भी मन बना लिया है कि वह भारी मतों से श्री चंदोलिया को विजयी बनाकर संसद में भेजेगी। श्री ढीका ने कहा कि इनके अच्छे स्वभाव व मिलनसार होने के कारण सभी समाज के लोग योगेन्द्र चंदोलिया का समर्थन कर रहे है। जितेन्द्र ढीका ने उत्तर-पश्चिम लोक सभा क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा के फेवर में वोट करें और श्री चंदोलिया को भारी मतों से विजयी बनाये।

भारतीय जनता पार्टी के नेता जितेन्द्र ढीका ने कहा कि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, इसलिए सभी वर्ग के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है और भाजपा को समर्थन देने की बात कर रहे है।



# मॉडल टाउन में मॉडल टाउन वैश्य समाज ने भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में आयोजित की जनसभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में एक विशाल जनसभा का आयोजन मॉडल टाउन वैश्य समाज के द्वारा संजीव गोयल बंटी के निवास पर किया गया। जिसमें करीब 700 प्रबुद्ध नागरिको ने सहभागिता कर नरेन्द्र मोदी व प्रवीण खंडेलवाल को भरपूर समर्थन देने का संकल्प लिया। इस जनसभा में प्रमोद सावंत मुख्यमंत्री गोवा, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, लोकसभा चुनाव संयोजक अशोक गोयल देवराहा, निगम पार्षद विकेश सेठी, पूर्व चेयरमैन जोगीराम जैन का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मंच का संचालन कार्यक्रम संयोजक प्रेमचंद गुप्ता ने किया। इस दौरान संजीव गोयल बंटी की सुपुत्री तुषिता का जन्मदिन भी बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भजन गायक दीपक लक्खा ने देश भक्ति से ओत-प्रोत गीत गाकर माहौल को एक सुन्दर रूप दे दिया। जनसभा में विशेष रूप से प्रवीण कांत, सुरेश अग्रवाल, विनोद सिंघल, रामकिशोर गोयल, रजनीश गुप्ता, रूपक गुप्ता, प्रबोध मल्होत्रा, अभिषेक शर्मा, एनके मित्तल, विनोद गोयल, भारत विकास परिषद के पदाधिकारी, सुभाष, मिस्टर सिंघल, नवीन मित्तल, विश्व मित्र शर्मा, विकास गुप्ता, रमेश अग्रवाल, महेन्द्र गोयल, पंकज गुप्ता, सुरेन्द्र अग्रवाल, श्रीकृष्णा, शोभाचंद शारदा, बृजमोहन गोटेवाले, विनित गोयल, अमित गर्ग ,जवाहर कक्कड, कृष्ण मोहन, नरेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता रंग वाले, दिनेश अग्रवाल, विकास बंसल, विनोद गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, महेश सिंह, मुख्तार सिंह, दीपक झिगालिया, मोहन शर्मा, सुभाष असडी, राहेन गोयल, अरविन्द जैन, अनिल गोयल, पवन अग्रवाल, सतीश शर्मा, सुशील जिंदल, संजय गुप्ता के अलावा भारी संख्या में महिला शक्ति उपस्थित रही। जिसमें मुख्य रूप से मंजू अग्रवाल, रितू शर्मा, सुनीता अग्रवाल, रशमी बजाज, पूनम तिवारी, गीता कोली, श्वेता जैन, उषा वर्मा, याजना गुप्ता, रेखा गर्ग, डिम्पल गोयल, नीजीता भियानी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक प्रेमचंद गुप्ता व संजीव गोयल बंटी रहे। कार्यक्रम के अन्त में करीब 500 कार्यकर्ताओं ने सुरूचि भोज किया।







**प्रेम चंद गुप्ता, भाजपा नेता:** मैं चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता से अपील करता हूं कि 25 मई को भाजपा के समर्थन में वोट करें और भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों से विजयी बनाये। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोस मिल रहा है। जनता भाजपा के साथ है। साथ ही मैं कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का भी धन्यवाद करता हूं।



# फतेहाबाद में मुख्यमंत्री ने रोड शो के जरिए बदले चुनावी समीकरण

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान को लेकर महज अब कुछ घंटे ही शेष रह गए हैं। ऐसे में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने गुरुवार को प्रचार के आखिरी दिन जहां रैलियों, सभाओं व बैठकों का दौर जारी रहा वहीं सिरसा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के समर्थन में रोड शो भी निकाले गए। इसी कड़ी में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में फतेहाबाद में रोड शो निकाला गया। इस रोड में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम, रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा व सिरसा के हलोपा सुप्रीमो एवं विधायक गोपाल कांडा ने भी शिरकत की और डा. अशोक तंवर के लिए वोटों की अपील की। अहम बात ये रही कि इस रोड शो में फतेहाबाद की सडकों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकारते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश की

**लोकसभा चुनाव**

**सडकों पर भाजपा के समर्थन में उतरा जनसैलाब मोदी की नीतियों पर लगा रहा मुहर: नायब सिंह सैनी**



डबल इंजन सरकार ने 10 सालों में विकास की दृष्टि से नए आयाम स्थापित किए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों का ही परिणाम है कि जहां देशभर में भाजपा 400 पार के साथ सरकार बनाएगी वहीं नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के जरिए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों देश में 24 एम्स स्थापित कर स्वास्थ्य की दिशा में भी अहम काम इस सरकार ने किए हैं। नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के समय में गरीबी हटाओ का नारा दिया गया था, लेकिन गरीबी नहीं हटी वहीं नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में इस पर ठोस काम करते हुए 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम किया है। किसानों के हितार्थ भी केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में अगर किसान की फसल खराब हुई तो उसे सरकार ने साढ़े 12 हजार करोड़ रुपए मुआवजा दिया गया। कांग्रेस सरकार में यदि किसान की फसल खराब होती थी तो उन्हें 2-2 रुपए चेक दिए जाते थे। उन्होंने कहा कि पहले साढ़े 9 वर्षों में मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन स्थापित हुआ और विकास को रफ्तार मिली। सी.एम. सैनी ने भाजपा के शासनकाल को प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि हरियाणा पढ़ी-लिखी पंचायत वाला देश का एकमात्र राज्य है और महिलाओं को पंचायत में 50 प्रतिशत की भागीदारी दी गई है।

योग्यता के आधार पर 1 लाख 40 हजार सरकारी नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने कहा कि अब गरीबों को ईलाज के लिए किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं रही। गरीब मान सम्मान के साथ अपना ईलाज करवा सकते हैं। पहले गैस सिलेंडर के लिए 3-3 दिन तक लाइन में लगना पड़ता था, अब सरकार घर द्वार पर गैस पहुंच रही है। महिलाओं को उज्वला योजना के तहत निःशुल्क सिलेंडर दिए जा रहे हैं। सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात हो, सिलेंडर के लिए लोगों को लाइन में नहीं लगना पड़ता। सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में गरीबों के बैंक में खाते नहीं खोले जाते थे, उन्हें अपमान सहना पड़ता था, पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 50 करोड़ महिलाओं के जीरो बैलेंस पर बैंक में खाते खुलवाए। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए पूर्णनिष्ठा भाव के साथ काम कर रही है जबकि राहुल गांधी दिल्ली में बैठकर उपहास उड़ाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2024 में कांग्रेस 272 सीटों पर तो चुनाव ही नहीं लड़ रही और सरकार बनाने की बात करती है। 2029 में इनकी सीटें और सिकुड़ जाएंगी और धीरे धीरे कांग्रेस पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को न तो गरीबों की चिंता है और न ही किसानों की, अपना परिवार बचाने और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए इन्होंने इंडी गठबंधन बनाया है। देश को नई दिशा देना और इसे उन्नति और प्रगति के पथ पर निरंतर गतिशील रखना ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 400 पार का संकल्प लिया है।

**साढ़े 500 साल के सपने को मोदी ने किया साकारः डा. अशोक तंवर**

फतेहाबाद में निकाले गए रोड शो में उमड़े भारी जनसैलाब को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर ने कहा कि ये चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह तीन-चार पीढि ़ीं के भविष्य निर्धारण का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दस सालों में एक मजबूत बुनियाद रखी जिसके कारण पूरे विश्व में देश ने एक अलग पहचान कायम की है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के घरों में शौचालय बनवाए। 14 करोड़ घरों में स्वच्छ जल पहुंचाया। आयुष्मान के जरिए गरीब का ईलाज किया जा रहा है। डा. अशोक तंवर ने कहा कि किसानों के खाते में सिरसा संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 4500 करोड़ रुपए जमा हुए हैं।

हर साल किसानों के खाते में सम्मान निधि का पैसा जमा हो रहा है। उज्वला योजना के माध्यम से आज करोड़ों घरों में महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली है। डा. तंवर ने कहा कि इसके अलावा 550 साल पुराना राम मंदिर का संकल्प पूरा हुआ है। धारा 370 को समाप्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता का अटूट विश्वास भाजपा के साथ: मदन चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने गुरुवार प्रचार के आखिरी दिन को विधानसभा यमुनानगर की वार्ड नंबर 15 में स्थित सब्जी मंडी, शहजादपुर, अमादलपुर में अम्बाला लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के लिए वोट की अपील की। इस दौरान उन्होंने डोर टू डोर अभियान चलाकर भाजपा के लिए वोट मांगे।

निवर्तमान मेयर मदन चौहान ने कहा कि मोदी को देश के सभी वर्गों की चिंता है। यही कारण है की आज देश का हर वर्ग भाजपा के साथ है और 4 जून को जब चुनाव नतीजे आएंगे तो कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा की मोदी सरकार में देश का जो विकास हुआ है, उसे जनता ने देखा है और जनता मोदी सरकार पर विश्वास करती है। जिस विजन के साथ 2014 में नरेंद्र मोदी ने प्रधान मंत्री पद की शपथ ली थी, उसे उन्होंने साकार करके दिखाया है।

2047 तक भारत विकसित बने इसी संकल्प के साथ देश की जनता 2024 में मोदी सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण हो या फिर कश्मीर से 370 हटाने का मामला, यह सब मोदी सरकार में ही संभव हो सका है। विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए तरह-तरह की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं। कभी संविधान के नाम पर तो कभी लोकतंत्र के नाम पर लोगों को बहकाया जा रहा है। लेकिन वास्तविकता यह है की भाजपा संविधान का और लोकतंत्र का सम्मान करती है। भाजपा हरियाणा में सभी सीटों पर भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि जनता का लगातार भाजपा को फिर से समर्थन मिल रहा है।

### थार ने मारी मोटरसाइकिल को टक्कर, बाप की मौत, बेटा गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
शहर के राजगढ़ रोड पर आजाद नगर के पास हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका बेटा घायल हो गया। हादसा थार गाड़ी द्वारा बाइक को टक्कर मार देने से हुआ। दुर्घटना में बाइक के दो टुकड़े हो गए। आजाद नगर के पास गुरुवार सुबह हुए हादसे के संबंध में रावतखेड़ा निवासी ईश्वर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार वह हिसार की अनाज मंडी में नौकरी करता है। सुबह लगभग आठ बजे वो गांव के बस स्टेंड पर गांव के ही सतबीर व उसके बेटे विरेन्द्र उर्फ संजू के साथ बातचीत कर अपने अपने मोटरसाईकिल पर हिसार के लिए रवाना हो गए। वह अपना मोटरसाइकिल खुद चला रहा था जबकि उसके आगे आगे सतबीर अपना मोटरसाइकिल चला रहा था। सतबीर का बेटा विरेन्द्र उर्फ संजू पीछे बैठा हुआ था। जब वो आजाद नगर के पास एक पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचे तो हिसार की तरफ से तेज स्पीड व लापरवाही से थार गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को चलाता हुआ आया और सतबीर के मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के दो टुकड़े हो गए जिसके कारण सतबीर व विरेन्द्र सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने तुरंत ही अपनी बाइक रोकी और गाड़ी का नंबर नोट किया जिसका नंबर टीओ224एचआर-2877एम था। उसने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजने के लिए एंबुलेंस व पुलिस को फोन किया। जब तक एंबुलेंस पहुंची तक तक सतबीर घटनास्थल पर ही दम तोड़ चुका था। गंभीर रूप से घायल विरेन्द्र को हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और थार गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज करके उसकी तलाश आरंभ कर दी है।

### पोलिंग पार्टियों व माइक्रो पर्यवेक्षकों की फाइनल रेंडमाइजेशन का कार्य संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हिसार संसदीय क्षेत्र में लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, व्यवस्थित तथा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। गुरुवार को लघु सचिवालय परिसर में सामान्य पर्यवेक्षक गोपाल चंद तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में पोलिंग पार्टियों तथा माइक्रो पर्यवेक्षकों की रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा किया गया। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद रहे।

## नारनौल: चुनाव प्रचार बंद, उल्लंघन करने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
जिलाधीश मोनिका गुप्ता ने स्वतंत्र, पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने तथा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों एवं नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए धारा 144 लागू की है। गुरूवार को जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए 25 मई को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होना है। इसके साथ ही निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गए राजनीतिक पदाधिकारियों, पार्टी कार्यकताओं, जुलूस पदाधिकारियों, प्रचार पदाधिकारियों आदि की उपस्थिति पर प्रतिबंध रहेगा, जो निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं।

## यमुनानगर: अंबाला लोकसभा में जनता खिलाएगी कमल: बंतो कटारिया

**जनसंपर्क**

**बंतो कटारिया गुरुवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस पर हमलावर रहीं।**





**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
अंबाला लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया गुरुवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस पर हमलावर रहीं। उन्होंने कहा कि मोदी के नाम से कांग्रेस नेताओं के पसीने छूटने लगे हैं। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राम मंदिर का विरोध करना और सनातन धर्म को गाली देना इंडी गठबंधन की आदत बन गई है।

उन्होंने यमुनानगर और जगाधरी विधानसभा के अंतर्गत कई गावों और इसी प्रकार शहर में दर्जनों से भी अधिक कालोनियों व सेक्टरों में कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी के साथ धूआंधार प्रचार किया। भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया जहां भी गईं लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे पहले भी स्वर्गीय रतनलाल कटारिया के साथ थे और आज भी साथ हैं।

लोगों ने बंतो कटारिया से कहा कि 25 मई को कमल के फूल पर इतने वोट पड़ेंगे, जिसकी धमक दिल्ली में गूंजेगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सुख सुविधाओं और विकास के लिए वह दित रात काम करेंगी। इस समय देश में मोदी की लहर चल रही है। विपक्ष को कोई पूछने वाला भी नहीं है। इस लोकसभा चुनाव में देश और प्रदेश की जनता ने ठान लिया है कि भाजपा को 400 से अधिक सीटें देकर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा की 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झोली में डालने का काम करें और आपकी वोट की ताकत से नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधान मंत्री बनेंगे।

## राष्ट्रीय मीडिया महा सम्मेलन एवं रिट्रीट कॉन्फ्रेंस हुई प्रारंभ, पीलीबंगा से पत्रकारों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया/पीलीबंगा**
राष्ट्रीय मीडिया महा सम्मेलन एवम रिट्रीट कॉन्फ्रेंस गुरुवार से माउंट आबू में प्रारंभ हुई। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मीडिया विंग द्वारा नई सामाजिक व्यवस्था के लिए दृष्टि और मूल्य मीडिया की भूमिका पर आयोजित इस सम्मेलन का आयोजन 23 मई से 27 मई तक होगा।उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सब जोन इंचार्ज,ब्रह्मकुमारीज घटक पुर, मुंबई की बी.के.नलिनी बहन,वाइस चेयरपर्सन मीडिया विंग बीके आत्म प्रकाश, मीडिया विंग के एक्जीक्यूटिव सेक्टरी बी.के.मृतुह्युंज,नेशनल कॉर्डिनेटर



बीके शांतनु भाई आदि ने विधिवत रूप से किया।मंच संचालन बीके चंदा बहन ने किया।बता दे की हनुमानगढ़ जिले से बीके रानी बहन के मार्गदर्शन में पत्रकार संघ अध्यक्ष राकेश आजाद,एड.मनीष आहूजा,कृष्ण जोशी, भीम सैन पटीर,मुम्बई से इंटरनेशनल मास्टर ट्रेनर ऑफ सांउड एंड स्प्रीचुअल सांईस डॉक्टर सुजाता सिंघी आदि भाग ले रहे है।वही 26 मई को पत्रकार मनीष आहूजा भी देश विदेश से आए हुए पत्रकारों को संबोधित करेंगे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने वोट डालकर आमजन को दिया मतदान का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
जिला निर्वाचन अधिकारी आर.के. सिंह ने गुरुवार को स्थानीय लघु सचिवालय में डीडीपीओ कार्यालय में आवश्यक सेवाओं में ड्यूटी में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए बनाए गए मतदान केंद्र पर जाकर अपना मतदान किया और सिरसा जिला के नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।निर्वाचन अधिकारी ने जिला वासियों से आह्वान किया कि वे आने वाली 25 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक अपने संबंधित पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान जरूर करें और जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए सिरसा का अभिमान-सौ प्रतिशत मतदान के अभियान को सफल बनाएं।

## रेलगाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत




**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
नरवाना स्थित धरौदी रेलवे फाटक बंद होने के बावजूद रेलवे लाइन क्रॉस कर रहे बाइक सवार दो युवक रेलगाड़ी की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। गुरुवार को घटना की सूचना मिलते ही रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

**जायजा**

**गुरुवार को घटना की सूचना मिलते ही रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।**

मृतकों की पहचान गांव लोहचब निवासी अमन और संगरुर के नांगल निवासी मनप्रीत के रूप में हुई है। वीरवार को रेलवे पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। रेलवे की तरफ से 279-304 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है,क्योंकि दोनों नियमों का उल्लंघन करते हुए रेलवे फाटक को क्रास करने की कोशिश कर रहे थे।

बुधवार देर शाम को आठ बजे के बाद गांव लोहचब निवासी अमन और संगरुर जिले के नांगल निवासी मनप्रीत बाइक पर सवार होकर शहर की तरफ आ रहे थे। रेलगाड़ी आने के समय को देखते हुए धरौदी रेलवे फाटक को बंद किया गया था। तभी दोनों ने रेलवे फाटक के नीचे से बाइक क्रॉस करने की कोशिश की। इसी बीच रेलगाड़ी आ गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए। हादसे में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों द्वारा दोनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया जहां अमन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि मनप्रीत की उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। दोनों ही अविवाहित थे।

रेलवे थाना के जांच अधिकारी चरण सिंह ने बताया कि फाटक बंद होने के बावजूद दोनों ने बाइक क्रॉस करने का प्रयास किया। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई।

## जींद: मां ने खुद जहर निगल अपनी दो बेटियों को भी दिया

**संदिग्ध**

**मां व एक बेटी की मौत हो गई। जबकि दूसरी बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है।**




**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
हाउसिंग बोर्ड में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मां ने अपनी दोनों बेटियों को जहर दे दिया और खुद भी जहर निगल लिया। जिसमें मां व एक बेटी की मौत हो गई। जबकि दूसरी बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गुरुवार को मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतका मां ने मरने से पहले पुलिस को बयान दिए कि उसकी जीने की चाह खत्म हो गई है, इसलिए उसने यह कदम उठाया है।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी संजू (35) के पति सुरेंद्र की 2 वर्ष पहले मौत हो गई थी। संजू अपनी 12 वर्षीय बेटी राधिका व 16 वर्षीय बेटी तमन्ना के साथ हाउसिंग बोर्ड में रह रही थी। संदिग्ध परिस्थितियों में संजू ने स्वयं तथा अपनी दोनों बेटियों राधिका और तमन्ना को जहर दे दिया। जिससे तीनों की हालत बिगड़ गई। आसपास के लोगों द्वारा तीनों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान संजू तथा राधिका की मौत हो गई। जबकि तमन्ना की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने संजू तथा राधिका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी शीशराम ने बताया कि संजू ने मरने से पहले पुलिस को दिए बयान में जीने की इच्छा न होने की बात कही थी। इस बयान के बाद संजू की मौत हो गई। जबकि तमन्ना उपचाराधीन है।

## निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र चुनाव करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेवारी: हांडा

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा है कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाना पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी है। पुलिस जिला हिसार में 389 मतदान केंद्र पर कुल 884 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। सभी पुलिस अधिकारी स्वयं प्रत्येक बूथ को चेक करें।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा गुरुवार को पुलिस लाइन में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने की रणनीति बारे बैठक कर रहे तथे। उन्होंने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक, क्राइम यूनिट इंचार्ज, चौकी प्रभारियों और चुनाव के



दौरान तैनात पेट्रोलिंग पार्टियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी बूथों पर चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार पर्याप्त संख्या में जिला पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जाएगा। इनमें से कुछ क्रिटिकल पोलिंग बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा क्षेत्र में पुलिस जिला हिसार के पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

इनमें 36 पेट्रोलिंग पार्टी तैनात की गई है। इसके साथ ही चार इंटरस्टेट और चार इंटर डिस्ट्रिक्ट नाके लगाए गए हैं। सभी पेट्रोलिंग पार्टी वाकी टॉकी सेट से लैस होगी। सभी पुलिस अधिकारी क्षेत्र जोनल मजिस्ट्रेट से तालमेल बनाकर रखें। चुनाव के दौरान कोई भी व्यवधान उत्पन्न होने का अंदेशा हो तो तुरंत सूचना दें। सभी आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करें, लापरवाही की सूरत में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने निर्देश दिये कि संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों पर विशेष रूप से नजर रखे। नाकाबंदी के दौरान गहनता से प्रभावी चैकिग करें, संदिग्ध किस्म के युवकों या जिन आरोपियों के खिलाफ गंभीर किस्म के केस दर्ज है या जो जेल मे बंद थे अब पैरोल या बेल पर बाहर आए हुए हैं, ऐसे सभी युवकों पर विशेष रूप से नजर रखें। इंटरस्टेट नाकों पर वाहनों की गहनता से प्रभावी चैकिंग करें।

**निष्पक्ष, शांतिपूर्वक व स्वतंत्र चुनाव संपन्न करवाने के लिए पुलिस ने की पुख्ता तैयारी**

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव की जिला पुलिस ने सभी तैयारी समय रहते पुख्ता कर ली है। डीएसपी मुख्यालय विजयपाल को ओवरऑल नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। हिसार लोकसभा क्षेत्र में पुलिस जिला हिसार के पांच विधानसभा क्षेत्र आते है। इनमें नलवा विधानसभा क्षेत्र में एएसपी राजेश कुमार मोहन, हिसार में डीएसपी सतपाल यादव, आदमपुर में डीएसपी वजीर सिंह, बरवाला में डीएसपी गौरव शर्मा और उकलाना विधानसभा क्षेत्र में डीएसपी संजीव कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र में बनाये गए 1933 मतदान केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में 1 हजार 187 जगहों पर 1 हजार 933 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने गुरूवार को बताया कि लोहारू में 159 जगहों पर 230 बूथ, बाढ़ड़ा में 147 जगहों पर 239 बूथ, दादरी में 134 जगहों पर 243 बूथ, भिवानी में 119 जगहों पर 220 बूथ, तोशाम में 136 जगहों पर 233 बूथ, अटेली में 133 जगहों पर 215 बूथ, महेंद्रगढ़ में 146




जगहों पर 220 बूथ, नारनौल में 93 जगहों पर 153 बूथ, नांगल चौधरी में 120 जगहों पर 180 बूथ बनाए गए हैं, जहां सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे।

मोनिका गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव-2024 के लिए अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग एआरओ लगाए गए हैं। नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र के लिए अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए महेंद्रगढ़ के एसडीएम संजीव कुमार, अटेली विधानसभा क्षेत्र के लिए कनीना के एसडीएम सुरेंद्र सिंह तथा नारनौल विधानसभा क्षेत्र के लिए नारनौल के एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह को एआरओ लगाया गया है। सभी एआरओ ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों के लिए चुनावी सामग्री तैयार करवा दी है।

फास्ट न्यूज

## सरकारी नीति की आलोचना विपक्ष का अधिकार: चिदंबरम

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कांग्रेस को अग्निपथ योजना के नाम पर सेना पर सियासत से परहेज करने का निर्देश दिया है। आयोग के इस फैसले पर पार्टी के नेता पी. चिदंबरम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी को अग्निवीर योजना का राजनीतकरण नहीं करने का निर्देश देकर बहुत गलत किया है। चुनाव आयोग ने बुधवार को जाति, धर्म, समुदाय, संविधान और अग्निवीर योजना को लेकर सियासत करने पर सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को फटकार लगाई थी।

**चुनाव आयोग के निर्देश पर चिदंबरम ने दी प्रतिक्रिया:** चुनाव आयोग के इस निर्देश पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, "चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस को अग्निवीर योजना को लेकर राजनीति नहीं करने का निर्देश देना गलत है।" कांग्रेस नेता ने आगे कहा, "राजनीतिकरण का मतलब क्या है? क्या ईसीआई का मतलब आलोचना है? अग्निवीर एक योजना है। सरकार की नीति की देन है। सरकार की नीतियों को घेरना, उस पर राजनीति करना और यह कहना कि जब विपक्ष सत्ता में आएंगा तो इसे खत्म कर देगा, विपक्षी राजनीतिक पार्टियों का अधिकार है।" चिदंबरम ने आगे कहा, "सैनिक जो एक साथ मिलकर लड़ते हैं, उन्हें अग्निवीर योजना दो श्रेणियों में बांटता है। यह गलत है।

## दक्षिण चीन सागर में भारतीय जहाजों की फिलीपींस यात्रा पूरी

**नई दिल्ली:** दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के दौरान भारतीय नौसेना के जहाजों दिल्ली, शक्ति और किल्टन ने फिलीपींस की अपनी यात्रा पूरी कर ली है। इस दौरान भारत ने फिलीपींस की नौसेना के साथ सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। द्विपक्षीय बातचीत में दोनों नौसेनाओं ने क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और स्थिरता बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। फिलीपींस नौसेना के कर्मियों और फिलीपींस में भारत के उच्चायुक्त ने जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन ने दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में मनीला का दौरा किया। इस यात्रा ने फिलीपींस के साथ भारत के मजबूत संबंधों और साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

# भारत में रोज 1263 हादसे, 24 घंटे में 461 मौतें

## आरोपी को 7500 रुपये के बॉन्ड और निबंध लिखने की सजा देते हुए जमानत दे दी थी

**चुनावी माहौल**

▶▶ दोबारा से मामले की सुनवाई हुई। आरोपी की आयु 17 साल 8 महीने बताई गई है।



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र में पुणे के कल्याणीनगर में हुई दुर्घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का जबरदस्त गुस्सा देखने को मिला है। रविवार को लगभग ढाई करोड़ रुपये की महंगी कार से हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने आरोपी को 7500 रुपये के बॉन्ड और सड़क सुरक्षा पर एक निबंध लिखने की सजा देते हुए जमानत दे दी थी।

जब यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो आरोपी और उसके पिता पर कार्रवाई की गई। भारत में हर रोज 1263 सड़क हादसे हो रहे हैं। अगर 24 घंटे की बात करें, तो इस छोटी सी अवधि में 461 लोगों की मौत हो जाती है। देश में नया मोटर वाहन अधिनियम लागू होने के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि अब सड़क हादसों में कमी आ जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। दूसरी तरफ, अमेरिका में 365 दिन में 19 लाख सड़क हादसे हो जाते हैं, लेकिन उनमें मारे जाने वाले लोगों की संख्या 36560 रहती है।

**चालान राशि में कई गुना बढ़ोतरी की गई :** महाराष्ट्र की घटना में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के फैसले पर जब लोगों का गुस्सा फूटा, तो सरकार भी सक्रिय हो उठी। नतीजा, बुधवार को दोबारा से मामले की सुनवाई हुई। आरोपी की आयु 17 साल 8 महीने बताई गई है। बोर्ड ने आरोपी को 5 जून तक किशोर सुधार गृह में भेज दिया है। आरोपी के पिता भी पुलिस हिरासत में है। वजह, उन्होंने जानते हुए भी कि उनका बेटा नाबालिग है, इसके बावजूद उसे वाहन दिया गया। देश में नया मोटर वाहन अधिनियम लागू होने के बाद भी सड़क हादसों में गिरावट नहीं आ रही है। पांच साल पहले लागू हुए नए मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान राशि में कई गुना बढ़ोतरी की गई थी। मकसद था, सड़क हादसों में कमी लाना। देश में प्रतिवर्ष चार लाख से ज्यादा सड़क हादसे हो रहे हैं। सड़क हादसों में मारे जाने वाले लोगों की संख्या के मामले में भारत ने कई विकसित देशों को पीछे छोड़ दिया है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, जर्मनी और जापान सहित 19 देश शामिल हैं। विकसित देशों में भारत के मुकाबले कानून कठोर हैं। साथ ही इन देशों में वाहन से लेकर रोड इंजीनियरिंग तक, इन सभी बातों पर गहराई से काम होता है।

**2022 में मारे गए 1,68,491 लोग :** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022' शीर्षक से जारी वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में 4,61,312 सड़क हादसे हुए थे। इन हादसों में 1,68,491 लोगों की जान गई थी, जबकि 4,43,366 लोग घायल हुए थे। पिछले वर्ष की तुलना में सड़क हादसों में 11.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। इन हादसों में होने वाली मौतों में 9.4 फीसदी और घायलों की संख्या में 15.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। एक्सप्रेस वे सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर 1,51,997 (32.9 फीसदी) सड़क हादसे हुए। राज्य मार्गों पर 1,06,682 (23.1 फीसदी) हादसे और अन्य मार्गों पर 2,02,633 (43.9 फीसदी) सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिलीं।

### भारत में स्पीड बढ़ी तो हादसों की भयावहता भी बढ़ी

**हमारे** देश में वाहनों की रफ्तार बढ़ रही है। इसके साथ ही हादसों की भयावहता भी बढ़ रही है। देश में इमरजेंसी केयर जैसी सुविधाओं में सुधार की बहुत ज्यादा जरूरत है। पहले सड़क हादसों में चोट गंभीर नहीं होती थी, लेकिन अस्पताल तक पहुंचने में देरी की वजह से मौत हो जाती थी। अब चोट ज्यादा गंभीर हो गई है। ऐसे में जान बचाना एक बड़ी चुनौती है। अस्पतालों में जान बचाने की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। सरकार को ट्रॉमा केयर पर फोकस करना होगा। सड़क हादसे तो हर देश में होते हैं, लेकिन मौतें उतनी नहीं होती। अमेरिका में भारत से कई गुना ज्यादा हादसे होते हैं, लेकिन मौत एक चौथाई भी नहीं होती।

**यह है भारत सहित कई देशों में हादसों की स्थिति**

भारत में 2020 के दौरान 432957 सड़क हादसे हुए थे। इनमें 151417 लोग मारे गए थे। चीन में 244937 हादसों में 63194 लोग मारे गए। रूसी फेडरेशन में 168099 सड़क हादसे हुए थे, जिनमें 18214 लोग मारे गए। दक्षिण अफ्रीका में 146773 सड़क हादसे हुए। इनमें 14500 लोगों की मौत हो गई। ईरान में हुए 337891 सड़क हादसों में 16540 लोग मारे गए।

# स्वाति मामला: जांच में दखल नहीं करना चाहिए: स्मृति ईरानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** आप सांसद स्वाति मालीवाल इन दिनों चर्चाओं में हैं। इस बीच, भाजपा ने कहा कि किसी को भी मालीवाल पर कथित हमले की जांच में बाधा नहीं डालना चाहिए। जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि उस वक्त दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर कौन-कौन मौजूद थे और घटना में सीएम अरविंद केजरीवाल की क्या भूमिका है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब मालीवाल पर हमला किया गया तो उस वक्त आवास पर कौन-कौन मौजूद था। यह जानना महत्वपूर्ण है। किसी को भी जांच में बाधा नहीं डालना चाहिए। मैं सिर्फ भाजपा की प्रवक्ता हूं पुलिस की नहीं। मैं सिर्फ अनुरोध कर सकती है। उन्होंने यह बात आप द्वारा भाजपा पर लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए की।



**सीएम आवास में महिला सांसद सुरक्षित नहीं:** ईरानी ने कहा कि केजरीवाल को आरोपी बिभव कुमार के साथ यात्रा करते हुए देखा गया। इससे साफ होता है कि उनकी वफादारी किस ओर है। क्या उनसे न्याय की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल देश में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर कैसे बात कर सकते हैं, जब उनकी पार्टी की महिला सांसद ही उनके आवास पर सुरक्षित नहीं हैं।

**स्पष्ट किया**

▶▶ मुख्यमंत्री के आवास पर कौन-कौन मौजूद थे और घटना में सीएम अरविंद केजरीवाल की क्या भूमिका है।

**केजरीवाल ने एक दिन पहले चुप्पी तोड़ी:** बता दें, मामले में पहली बार केजरीवाल ने एक दिन पहले टिप्पणी की। उन्होंने कहा था कि वे मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। न्याय होना चाहिए।

## 'भाजपा धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं लेने देगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**बलिया:** बलिया लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में गुरुवार को पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री अश्वनी चौबे ने जनता से भाजपा को वोट करने की अपील की।

उन्होंने मंच से राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी समेत विपक्षी गठबंधन के नेताओं पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने दावा किया कि धर्म के आधार पर इस देश में कोई आरक्षण नहीं हो सकता। भाजपा पिछड़ा, अति पिछड़ा व अनुसूचित जाति के आरक्षण में धर्म के नाम पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं लेने देगी। ये हमारा संकल्प है।

## बूंदी में कोटा पुलिस पर तलवार से हमला



**टीम एक्शन इंडिया**

**बूंदी: राजस्थान के बूंदी** में कोटा पुलिस की टीम पर तलवार से हमला और फायरिंग कर बदमाश को छुड़ा ले जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बदमाशों ने टीम पर 4 राउंड फायरिंग की, फायरिंग में कोटा और बूंदी पुलिस के जवान बाल बाल बच गए। पुलिस ने पूरे बूंदी जिले में नाकेबंदी करवा दी, हथियारबंद जवान नाकाबंदी में कड़ी तलाशी कर रही है। सूचना मिलने पर हिंडोली डीएसपी घनश्याम मीणा, प्रभारी पवन मीणा सहित अतिरिक्त पुलिस बल बासनी गांव में पहुंच गया। टीम पर हमला फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने बदमाश सहित अन्य हमलावरों पर राज कार्य में बाधा और हत्या के प्रयास का अलग से हिंडोली थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

## बिना पंजीकरण यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्री लौटाए जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** बिना पंजीकरण चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को लौटाया जाएगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी जारी की है। चारधाम यात्रा के लिए उमड़ी भारी भीड़ की वजह से सरकार को व्यवस्थाएं बनाने में मुश्किलें हो रही हैं। अब तक चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण का आंकड़ा 31 लाख पार हो चुका है। चारों धाम में भारी भीड़ को देखते हुए सरकार ने पंजीकरण का सख्ती से अनुपालन शुरू कर दिया है।



इस कड़ी में बुधवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को एडवाइजरी भेजी। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि अगर किसी भी राज्य के तीर्थ यात्री बिना पंजीकरण आते हैं तो उन्हें चेकिंग के बाद रोक दिया जाएगा। ऐसे तीर्थ यात्रियों को लौटा दिया जाएगा।

उन्होंने ये भी अनुरोध किया है कि जो भी चारधाम यात्रा पर आना चाहते हैं, वह पंजीकरण में जो तिथि मिली है, उसी पर आएं। इससे चारधाम यात्रा प्रबंधन में राज्य सरकार को आसानी होगी। उन्होंने सभी टूर ऑपरेटरों व ट्रैवल एजेंटों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि वह यात्रा शुरू करने से पहले पंजीकरण जांच लें।

## भ्रष्ट और नाकारा अफसरों-कार्मिकों की छुट्टी करने की तैयारी में सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** भ्रष्ट आचरण और काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के लिए चेतावनी है। राजस्थान सरकार अब ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाकर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का निर्णय कर चुकी है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने पिछले दिनों सीनियर लेवल ऑफिसर्स की मीटिंग में यह निर्देश जारी किए है कि जो अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्षता व पादर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। राजकार्य ने निरंतर अरुचि, भ्रष्ट आचारण और प्रशासनिक रूप से



काम करने में असमर्थ हैं, ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों को नियामानुसार संबंधित आवश्यक कार्यवाही कर प्रस्ताव संबंधित प्रशासनिक विभाग को भेजे

**कार्रवाई**

▶▶ अधिकारी और कर्मचारी निष्पक्षता व पादर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं।

जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1996 के नियम 53(1) के तहत अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के प्रावधान पहले से कर रखे हैं।

## राजस्थान में 48 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। देश में सबसे गर्म शहर राजस्थान का बाड़मेर रहा। यहां अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में चार दिन के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में भी लू का अलर्ट है। राजस्थान में आने वाले दिनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। राज्य के 19 शहरों में बुधवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड किया गया था।

## छपरा गोलीकांड: चौतरफा घिरीं रोहिणी आचार्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना: छपरा गोलीकांड** केस में लालू परिवार घिरता नजर आ रहा है। गुरुवार को बिहार की विशेष टीम राबड़ी आवास पहुंची थी। आरोप लगा था कि मतदान के दौरान रोहिणी आचार्य पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के बॉडीगार्ड के साथ घूम रही थीं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने भी इस मामले की जांच की अपील की थी। इसके बाद विशेष टीम लालू आवास पहुंची थी वहां उसने पूरे मामले की जांच की। वहां उपस्थित बॉडीगार्ड और पुलिसकर्मियों से पूरे मामले में पूछताछ की गई। छपरा सदर अंचल के अंचलाधिकारी द्वारा राजद की ओर से बनाए गए स्टार प्रचारक



सह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के खास भोला यादव के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया है। वह सारण लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदाता नहीं है, जिस कारण विगत 18 मई की संध्या के बाद उनको इस क्षेत्र से बाहर चले जाना चाहिए था, लेकिन वह चुनाव के दिन भी राजद की ओर से बनाई गई प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के साथ मतदान के दिन यानी 20 मई को प्रत्याशी की गाड़ी पर घूमते नजर आए हैं।

**रोहिणी आचार्य के साथ भोला यादव भी साथ में भ्रमण कर रहे थे:** बता दें कि नगर थाना क्षेत्र के भिखारी चौक स्थित मतदान केंद्र संख्या- 18 और 19 पर राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के साथ भोला यादव भी साथ में भ्रमण कर रहे थे।

भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के प्रतिनिधि मनोज कुमार ने ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्या एवं भोला यादव के साथ राजद समर्थक सहित 50 अज्ञात के विरुद्ध 20 मई 2024 को छपरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या- 318 एवं 19 पर फर्जी मतदान करने एवं विरोध करने पर भाजपा के पोलिंग एजेंट सुनील कुमार सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ता सत्येंद्र सिंह के साथ गाली गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगाते हुए नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

